राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 33
लखनऊ, बुधवार 18 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को अवश्य दिया जाए : दयाशंकर 03

प्रमुख आर्थिक शक्ति के रुप में उभर रहा भारत : शाह 12


## प्रशासन ने किए तीन आईपीएस व दो पीपीएस अफसरों के तबादले

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को तीन आईपीएस दो पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। तबादले के क्रम में आईपीएस मानुष पारिक को पुलिस अधीक्षक नगर बरेली नियुक्त किया गया है।

इससे पहले वह अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बरेली की जिम्मेदारी निभा रहे थे। गोरखपुर की सहायक पुलिस अधीक्षक आंशिका वर्मा प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बरेली बनाया गया है। कुंवर आकाश सिंह को प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद नियुक्त किया गया है। वे सहायक पुलिस अधीक्षक मथुरा में थे। दो पीपीएस अफसरों अरुण चंद्र को अपर पुलिस अधीक्षक चुनाव प्रकोष्ठ, व अखंड प्रताप सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सुल्तानपुर नियुक्त किया गया है।

## भारत ने चीन को हराकर पांचवीं बार जीता एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। टीम इंडिया ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी बार और कुल पांचवीं बार ये खिताब अपने नाम किया।

टीम इंडिया के लिए जुगराज सिंह ने फाइनल का एकमात्र गोल किया. चीन के हुलुनबुइर में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में मंगलवार 17 सितंबर को हुए फाइनल में टीम इंडिया ने मेजबान को मात दी। इस तरह भारत ने टूर्नामेंट के पहले और आखिरी मैच में चीन को ही हराते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

वहीं पाकिस्तान ने साउथ कोरिया को हराते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। टूर्नामेंट के पहले मैच में चीन को 3-0 से हराते हुए हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने फाइनल समेत लगातार 7 मैच जीतकर खिताब पर कब्जा किया।

टीम इंडिया ने एक भी मैच न तो गंवाया और न ही ड्रॉ रहा. हालांकि, मंगलवार शाम हुए फाइनल में टीम इंडिया को जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पूरे टूर्नामेंट में पहली बार भारतीय टीम शुरुआत में ही गोल करने में नाकाम रही और उसे विरोधी टीम के गोलपोस्ट को भेदने के लिए आखिरी 10 मिनट तक इंतजार करना पड़ा।

### चीन ने टीम इंडिया को दी कड़ी टक्कर

टीम इंडिया को शुरू से ही खिताब का दावेदार माना जा रहा था और फिर जिस तरह से लीग स्टेज और सेमीफाइनल में टीम का प्रदर्शन रहा था, उस देखते हुए फाइनल में भी आसान जीत की उम्मीद थी। चीन ने हालांकि ऐसा नहीं होने दिया और इस टूर्नामेंट के मुकाबलों में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में उसने पाकिस्तान को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया था। फाइनल में भी उसने टीम इंडिया को कड़ी टक्कर दी और 50 मिनट तक कोई गोल नहीं करने दिया। ये मुकाबला भी पेनल्टी शूट आउट की ओर बढ़ता दिख रहा था लेकिन 51वें मिनट में आखिर 'चीन की दीवार' गिर ही गई। अभिषेक का एक बेहतरीन पास चीन के 'डी' में जुगराज को मिला और इस डिफेंडर ने अपने अटैकिंग गेम की झलक दिखाते हुए तगड़ा शॉट चीन के गोल में दागते हुए टीम इंडिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। आखिर तक स्कोर यही बना रहा और भारत ने पांचवीं बार ये खिताब अपने नाम कर लिया।

### 2011 में शुरु हुआ टूर्नामेंट

भारत ने इस तरह पांचवीं बार ये खिताब अपने नाम कर लिया। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2011 में हुई थी और पहले ही सीजन में टीम इंडिया चैंपियन बन गई थी। इसके बाद 2016 में भी खिताब पर भारत का ही कब्जा रहा था। 2018 में भारत और पाकिस्तान को संयुक्त विजेता घोषित किया गया था, फिर 2023 में टीम इंडिया चौथी बार खिताब जीता था और अब लगातार दूसरी और कुल पांचवीं बार टीम इंडिया एशियन चैंपियन बन गई है। इस तरह पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर टीम इंडिया ने अपनी सफलता के सिलसिले को बरकरार रखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा चुनावों के लिए पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

**जम्मू।** हाई सिक्यूरिटी अरेंजमेंट के तहत, पहले चरण के लिए मतदान कल यानी 18 सितंबर को 24 सीटों पर आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को डोडा जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम दी जा रही हैं। जहां से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम व अन्य जरूरी सामग्री के साथ रवाना कियरा जा रहा है। मंगलवार को चुनाव अधिकारियों और जिला प्रशासन ने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम और पोल पार्टियों को भेजना शुरू कर दिया। ये सभी मतदान दल मंगलवार दोपहर तक अपने संबंधित मतदान केंद्रों तक पहुंचेंगे। प्रत्येक पोल पार्टी के साथ सुरक्षाबलों और पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कर्मियों की पर्याप्त संख्या के साथ भेजा गया है।

### बीएसएफ ने सीमा पर पाक घुसपैठिया किया ढेर

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सोमवार देर रात को घुसपैठ की कोशिश करते एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया। बीएसएफ पंजाब के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 16 सितंबर को रात के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए की संदिग्ध हरकत देखी, जो चुपके से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गया। अंधेरे का फायदा उठाकर यह घुसपैठिया अमृतसर जिले के रतनखुर्द गांव के पास सीमा क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बाड़ की ओर बढ़ने लगा। इसी दौरान बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को तुरंत चुनौती दी लेकिन वह सीमा सुरक्षा बाड़ की ओर बढ़ता रहा और आक्रामक हाव-भाव दिखाने लगा। इस पर ड्यूटी पर तैनात सतर्क जवानों ने आगे बढ़ रहे घुसपैठिए पर गोली मारकर उसे मौके पर ही ढेर कर दिया।

### बीएसएफ ने सीमा पर पकड़ा करोड़ों रुपए का सोना

**कोलकात।** बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बार फिर से सोने की तस्करी को नाकाम कर दिया है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की सीमा चौकी बेतना में तैनात 68वीं बटालियन के जवानों ने कुल दस सोने की बिस्कुटें बरामद की हैं। बरामद सोने की अनुमानित बाजार कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि लगभग एक करोड़ रुपये की सोने की तस्करी कोलकाता की ओर की जाएगी। इसी जानकारी के आधार पर, बीएसएफ ने नदिया जिले के बेतना सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी थी। बीएसएफ ने मंगलवार रात बताया कि सोमवार को, सीमा चौकी मधुपुर क्षेत्र में तैनात एक महिला जवान ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को सुभानसिंह ब्रिज के पास सीमा पार करते हुए देखा।

### लकड़बग्घों की दहशत, पद चिन्हों से हो रही है खोज

**रायबरेली।** बहराइच में भेड़िया के मचे आतंक के रायबरेली जिले में लकड़बग्घों की आहट से लोगों में दहशत है। हालात यह है कि लोग जानवरों को बाहर चराने के लिए नहीं ले जा रहे हैं और बच्चों का बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया। लकड़बग्घों के पद चिन्ह मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारी पुलिस टीम के साथ मिलकर उसे पकड़ने में जुटी हुई हैं। जिले के हरचनपुर क्षेत्र के अज्मतुल्लाहगंज सहित करीब पांच किमी. के दायरे में पिछले कुछ दिनों से लगातार लकड़बग्घों पद चिन्ह मिल रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र के रहने वाले ग्रामीणों में भय व्यापत हो गया है। ग्रामीणों ने अपने बच्चों को बाहर निकलने से रोक दिया है ।

## विकास-विरासत पर गौरव की अनुभूति कर रहा आज का भारत

समृद्धि न्यूज



- सीएम ने 104 परिषदीय विद्यालयों में आईआईटी चेन्नई के सहयोग से विद्या शक्ति योजना का किया शुभारंभ
- 1143 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण

**वाराणसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी ने 2014 के बाद बदली हुई काशी को देखा है। जैसे काशी बदली है, वैसे ही देश-उत्तर प्रदेश में भी बदलाव आया है। यह भारत विकास-विरासत पर गौरव की अनुभूति कर रहा है। भारत के पास आज विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। सबसे फिसड्डी भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महज दस वर्ष में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

अग्रिम तीन वर्ष में भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। 2047 का रोडमैप प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सामने प्रस्तुत कर दिया है। 140 करोड़ देशवासी, यूपी के 25 करोड़ लोग प्रफुल्लित हैं तो इसका श्रेय काशी को जाता है, क्योंकि संसद में प्रधानमंत्री मोदी काशी का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में विश्वकर्मा जयंती व स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम-2024 की शुरुआत की। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को ई-बाउचर, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, लोन का चेक आदि प्रदान किया।

बटन दबाकर वाराणसी के 104 परिषदीय विद्यालयों में आईआईटी चेन्नई के सहयोग से विद्या शक्ति योजना का शुभारंभ और 1143 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने वाराणसी नगर निगम के भेलूपुर जोन में 54 हजार मकानों में लगाए गए क्यूआर कोड का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने क्यूआर कोड के माध्यम से दुकानों का मासिक किराया जमा करने की सुविधा, उपवन योजना के तहत कंचनपुर पार्क व सारंग तालाब स्थल पर पौधरोपण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सब कुछ संभव : मुख्यमंत्री

कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दस वर्ष पहले कोई सोचता था कि काशी विश्वनाथ इतना भव्य बनेगा। यहां की कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविटी, वाटरवे –कनेक्टिविटी इतनी अच्छी होगी। फोरलेन की सड़कें, घाट सुंदर, मठ-मंदिरों की व्यवस्था का सुंदरीकरण होगा। विरासत को पहचान मिलेगी। प्रयागराज कुंभ भव्य-दिव्य हो सकता है। अयोध्या में श्रीरामलला के भव्य मंदिर का निर्माण होगा। कश्मीर में धारा-370 हटेगी। भारत की सीमाएं सुरक्षित होंगी। 4 करोड़ गरीबों को आवास, 10 करोड़ गरीबों को शौचालय, 12 करोड़ गरीबों को उज्ज्वला योजना का कनेक्शन, 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा मिलेगी, लेकिन अब यह सब संभव हुआ है।

### 2014 के पहले भ्रष्टाचार सरकार की पहचान बन चुकी था

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2014 के पहले अराजकता चरम पर थी। लोगों में विश्वास का नितांत अभाव था। देश की सुरक्षा खतरे में थी। आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद चरम पर था। भ्रष्टाचार तत्कालीन सरकार की पहचान बन चुकी थी। युवा बेरोजगार और व्यवसाय अस्त-व्यस्त थे। बुनियादी सुविधाओं का अभाव व स्वरोजगार का कोई पुरसाहाल नहीं था। भारत दुनिया में सबसे पीछे की पंक्ति में तमाशबीन बना खड़ा रहता था। इंफास्ट्रक्चर अत्यंत खराब था। ग्रामीण क्षेत्र में कनेक्टिविटी तो दूर, बुनियादी सुविधाएं भी नहीं थीं। सरकारें तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चढ़कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करती थीं। भारत को गौरव की अनुभूति का अवसर न प्राप्त हो, इसके लिए षडयंत्र करती थीं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस : मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम झटका चार नवंबर को होगी सुनवाई

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह प्रकरण में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर कोई स्टे नहीं दिया। मुस्लिम पक्ष हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की शरण में गया था। सुप्रीम कोर्ट में अब इस पर चार नवंबर को सुनवाई होगी। कहा है कि रिट का परीक्षण किया जाएगा। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि यह रिट इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच में पहले होनी चाहिए थी। इसका भी परीक्षण होगा। गौरतलब हो कि एक अगस्त को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह विवाद को सुनवाई योग्य माना था। कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की जमीन के स्वामित्व को लेकर हिंदू पक्षकारों की ओर से दाखिल सभी 18 सिविल वादों को सुनने योग्य मानते हुए मुस्लिम पक्ष की पांचों आपत्तियां खारिज कर दीं। ईदगाह कमेटी ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। अपील दाखिल कर कहा गया है कि हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष के दावों को जो सुनवाई योग्य माना है वह गलत है। मुस्लिम पक्ष के इस प्रार्थना पत्र पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई तय की गई थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह एवं पक्षकार आशुतोष पाण्डेय के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मंगलवार को कोई स्टे नहीं दिया।

## शिकोहाबाद में पटाखा गोदाम में विस्फोट, पांच लोगों की मौत



- मारे गए लोगों के परिजनों को चार चार लाख रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा

समृद्धि न्यूज

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिलेद के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार रात में एक पटाखा गोदाम में आग लगने से हुए भीषण विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि 11 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताते हुये मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं।

उन्होने हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को चार चार लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव नौशहरा में भूरा खान नामक व्यक्ति के मकान में पटाखों का गोदाम है। सोमवार रात में अचानक गोदाम में भीषण विस्फोट हुआ विस्फोट इतना भयंकर था कि आसपास के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में मकान के मलबे में कई लोग दब गये जानकारी मिलते ही मौके पर थाना पुलिस सी? औ सहित फायर ब्रिगेड की टीमजिलाधिकारी रमेश रंजन पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित समेत अन्य अधिकारी भी पहुंच गए। राहत कार्य के बाद मलबे के अंदर से निको गए घायल लोगों को जिला अस्पताल और शिकोहाबाद के अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे मे मीरा देवी (52) और उनके बेटे अमन (20),गौतम (18) और पड़ोसी धर्मेंद्र की चार वर्षीय पुत्री इच्छा और दो वर्ष का बेटा अभिनव की मौत हो चुकी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विस्फोट से कुछ मकान पूरी तरह और कुछ आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त हुये हैं। अधिकारी नुकसान का आंकलन कर रहे हैं।

## फैसला : आतिशी बनेंगी दिल्ली की मुख्यमंत्री

- केजरीवाल ने एलजी को सौंपा अपना इस्तीफा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार शाम को उपराज्यपाल विनय सक्सेना को सीएम पद से इस्तीफा सौंप दिया। उनके साथ आतिशी और 4 मंत्री मौजूद रहे। इसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने के लिए दावा पेश किया। इस बीच, दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है।

सत्ता परिवर्तन पर भाजपा ने कहा कि मेकओवर ने आज के दाग नहीं छुपेंगे। मंगलवार सुबह्ह क्की विधायक दल की बैठक में केजरीवाल ने आतिशी को मुख्यमंत्री बनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। इस पर विधायकों ने सहमति जताई। उपराज्यपाल के दफ्तर से निकलने के बाद गोपाल राय ने कहा कि हमने आतिशी को नए सीएम बनाने का दावा एलजी के सामने पेश किया। साथ ही उपराज्यपाल से शपथ ग्रहण की तारीख तय करने की भी मांग की है। आतिशी ने कहा कि अगले चुनाव तक मेरे पास सिर्फ दो काम हैं। पहला- दिल्ली के लोगों की भाजपा के षड्यंत्र से रक्षा करना। दूसरा- केजरीवाल को फिर से सीएम बनाना। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केंद्र सरकार ने दुष्प्रचार किया, फर्जी आरोप लगाए।

## पुर्णिया सांसद पप्पू यादव के पिता का निधन

**पटना।** पुर्णिया के सांसद पप्पू यादव के पिता चंद्र नारायण यादव का मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे पटना के एम्स में निधन हो गया है। बता दें कि इसकी जानकारी पप्पू यादव ने अपने एक्स पर साझा किया है। 83 साल के चंद्रनारायण यादव पिछले 2 सालों से बीमारी से परेशान चल रहे थे। चलने फिरने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। पप्पू यादव ने लिखा है कि मेरी दुनिया उजड़ गई, मेरे सृजनकर्ता, मेरे विचारकेंद्र, मेरे प्रेरणा स्त्रोत, मेरे पथ प्रदर्शक, मेरी शक्ति के उत्स पिताजी नहीं रहे! पापा आपके बिना मैं कुछ नहीं!' यादव के पिता को पुर्णिया के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट की अनुमति बिना आरोपी की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने पर रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा कि बिना उसकी अनुमति किसी भी आपराधिक मामले में राज्यों द्वारा आरोपी की संपत्ति नहीं गिराया जाएगा।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता जमीयत उलमा ए हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई संविधान की भावना के विरुद्ध है। पीठ ने दो सितंबर के उसके आदेश के बाद दिए गए बयानों पर भी आपत्ति जताई, जिसमें उसने बुलडोजर के इस्तेमाल पर दिशा-निर्देश बनाने का संकेत दिया गया था। पीठ ने कहा कि उसके आदेश के बाद भी ऐसे बयान आए हैं कि बुलडोजर का इस्तेमाल जारी रहेगा। शीर्ष अदालत ने कहा, दो सितंबर के आदेश के बाद भी इस पर जोरदार बहस हुई है। क्या हमारे देश में ऐसा होना चाहिए? क्या चुनाव आयोग को इस पर ध्यान देना चाहिए? हम निर्देश तैयार करेंगे। पीठ ने कहा, हम स्पष्ट कर दें कि हमारे निर्देश होंगे। उन्हें दिशा-निर्देश कहा जा रहा है। अगली तारीख (एक अक्टूबर) तक अदालत की अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण पर रोक होनी चाहिए।

## लखनऊ में पकड़ी गई बिहार जा रही 145 पेटी शराब

**लखनऊ।** लखनऊ के आबकारी टीम की सक्रियता के चलते पंजाब से बिहार जा रही 145 पेटी शराब पकड़ा गया। सूचना मिलने पर शहीद पथ (औरंगाबाद अंडरपास के पास) पर चेकिंग के दौरान विह्स्की शराब से लदा ट्रक पकड़ा गया और ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी, लखनऊ राकेश सिंह ने बताया कि मुखबिर से शराब की बिहार के लिए तस्करी की सूचना पर आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शहीद पथ पर मुखबिर द्वारा बताए गए ट्रक को पकड़ने हेतु चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया। कुछ समय बाद मुखबिर द्वारा बताए गए ट्रक आते देख उसे रोक कर चेक किया गया।

## महाप्रबंधक ने रेलवे अधिकारियों व कर्मियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

- एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में किया सामूहिक पौधारोपण

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा इस वर्ष 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली तथा मुख्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को महाप्रबंधक अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जिसके द्वारा सभी रेलकर्मियों ने 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने तथा 100 अन्य व्यक्तियों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। स्वच्छता शपथ के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मुख्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। साथ ही पोस्टर, सेल्फी प्वाइंट आदि लगाकर अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

शुभारंभ

### पीएम मोदी ने ओडिशा की सबसे बड़ी एकल महिला-केंद्रित योजना सुभद्रा योजना का किया शुभारंभ

## गरीबों, किसानों, युवाओं व महिला कल्याण के लिए अहम फैसले

एजेंसी



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के पिछले 100 दिनों में देश के गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए कई बड़े फैसले लिये गये हैं।

श्री मोदी ने ओडिशा सरकार की सबसे बड़ी एकल महिला-केंद्रित योजना सुभद्रा योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष है कि वर्तमान सरकार के 100 दिन पूरे हो रहे हैं। इस अवधि में देश के गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए बड़े फैसले लिये गये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी राष्ट्र तभी तेजी से आगे बढ़ता है, जब उसकी आधी आबादी यानी महिला शक्ति की भागीदारी समान हो। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उन्नति और उनका सशक्तीकरण ओडिशा के विकास की कुंजी होगी। ओडिशा की लोककथाओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा , यहां भगवान जगन्नाथ के साथ देवी सुभद्रा की उपस्थिति हमें महिला सशक्तिकरण के बारे में बताती है। मैं देवी सुभद्रा के रूप में सभी माताओं, बहनों और बेटियों को नमन करता हूं। प्रधानमंत्री ने मौजूद जनसमुदाय का आज के कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि लोगों और भगवान जगन्नाथ की सेवा करने का अवसर तब मिलता है जब भगवान का आशीर्वाद मिलता है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां भगवान विश्वकर्मा के रूप में कौशल और श्रम की पूजा की जाती है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की धरती से देशभर में 30 लाख से अधिक परिवारों को पक्के मकान सौंपे जाने का भी जिक्र किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 26 लाख मकान और शहरी क्षेत्रों में 04 लाख मकान सौंपे गए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को याद दिलाया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा था कि अगर 'डबल इंजन' वाली सरकार बनती है, तो ओडिशा प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। उन्हें खुशी है कि किए गए वादे तेजी से पूरे हो रहे हैं।

### लोगों के जीवन में आ रहे बदलाव दे रहे खुशी : मोदी

पीएम मोदी ने इस बात पर खुशी जतायी कि ओडिशा की नयी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने अपने शुरुआती फैसलों के तहत राज्य की माताओं और बहनों को 'सुभद्रा योजना' का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना भारत में महिला सशक्तीकरण का प्रतिबिंब है और अब संपत्ति महिलाओं के नाम पर पंजीकृत की जा रही है। आज देश भर के लगभग 30 लाख परिवारों ने गृह प्रवेश किया है जबकि 15 लाख नये लाभार्थियों को आवास मिला है और 10 लाख से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में धनराशि हस्तांतरित की गई है। हमने यह शुभ कार्य ओडिशा की पवित्र धरती से किया है और इसमें बड़ी संख्या में राज्य के गरीब परिवार भी शामिल हैं। एक आदिवासी परिवार के गृह प्रवेश में भाग लेने के अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह उनकी खुशी और उनके चेहरे पर संतोष को कभी नहीं भूल सकते। गरीब, दलित, वंचित और आदिवासी समाज के जीवन में आ रहे बदलाव के परिणामस्वरूप यह खुशी मुझे और अधिक मेहनत करने की ऊर्जा देती है।

# प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को दी सौगातें



लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र नितिन अग्रवाल अपने निर्धारित दो दिवसीय कार्यक्रम पर जनपद खीरी पहुंचे, जहां उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया।

सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग मा. पीएम नरेंद्र मोदी के कृतित्व, व्यक्तित्व पर लगी चित्र प्रदर्शनी का फीताकाट कर शुभारंभ करते हुए अवलोकन किया। इस दौरान थारू जनजाति की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पुष्प वर्षा कर प्रभारी मंत्री का स्वागत व अभिनंदन किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट में निर्माण व सृजन के अधिष्ठाता, देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती के उपलक्ष्य में दीप प्रज्वलन, पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं की लाभ प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने मौजूद जनप्रतिनिधियों, अफसरो, लाभार्थियों एवं आमजन को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा सभी पर बनी रहे, सभी के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का वास हो, यही प्रार्थना है। पीएम की प्रेरणा से देशभर में स्वच्छता अभियान के जरिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। आज यह जनादोलन के रूप में परिवर्तित हो चुका है। सजग रहकर अपने घर, मोहल्ले, शहर को साफ रखें। जीवन में स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है। मुझे खुशी है कि पीएम, सीएम की प्रेरणा से आज विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को उनके हुनर के हिसाब से टूलकिट वितरित की जा रही। हुनर की धरोहर जरूरी है, आने वाली पीढ़ी को कलाओं हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारत कला के जरिए विश्वपटल पर अपनी नई पहचान बना रहा।

प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा परिवारों को पीएम आवास से जोड़ने का काम किया। उन्हें पीएम सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने वंचित, शोषित वर्ग एवं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तिओ को लाभकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन को सरल बनाने का काम किया है।

थारू समाज एक संघर्षशील समाज है। प्रदेश सरकार ने बलरामपुर जिले में थारू समाज की कला को प्रोत्साहित करने के लिए म्यूजियम बनाया है, ताकि प्रदेश, देश और विश्व उनकी संस्कृति जान सके। उन्होंने थारू समाज के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। हकदारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी सरकार संकल्पित होकर काम कर रही। कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त रखें।

### नितिन अग्रवाल ने प्रदान की टूलकिट

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो की मौजूदगी में ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान के 26 लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की। माटीकलां टूल किट्स वितरण रोजगार योजना के पांच केलाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 20 लाभार्थियों को चाबी व स्वीकृत पत्र प्रदान किया। जनजाति क्षेत्र में संचालित कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी कंप्यूटर ट्रेड के 02, ब्यूटीशियन, टेलरिंग, हैंडीक्राफ्ट और एंब्रॉयडरी ट्रेड की एक- एक प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों को किट वितरण भी किया। कायक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री ने स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का कलेक्ट्रेट से शुभारंभ किया। उन्होंने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, नपाप अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, डीएम, एसपी, सीडीओ संग स्वच्छता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि जन भागीदारी को मजबूत करने हेतु 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। हम सभी मिलकर स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। आईए, मिलकर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाएँ। बताते चले कि इस स्वच्छता रैली में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, नगर निकाय में कार्यरत स्वच्छता दूतों सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता जागरूकता रथ भी शामिल हुए। यह जागरूकता रैली नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः कलेक्ट्रेट में विसर्जित हुई।

## घर वापस जा रहे बुजुर्ग को ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदा नगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ागांव में खेत देखकर घर वापस आ रहे एक पैंसठ वर्षीय बुजुर्ग को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा जहां बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी झब्बू गौतम(65) झाउपुरवा से अपना खेत देखकर अपने घर वापस आ रहे थे। तभी अचानक पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे झब्बू गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस पर बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार मौर्य ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करते हुए विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

# वन्यजीव के हमले में युवक घायल

> महेश का कहना है कि भेड़िया उनकी गर्दन को पकड़ना चाह रहा था

> कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के कड़िया गांव के समीप प्रताप पुर में बीती रात बंगाली के घर में रात नौ बजे घुसे वन्यजीव को देख घर वालों ने डंडा मारा जिससे वो घायल हो गया था उन लोगों को भी भेड़िया होने का शक था।

तिकुनिया खीरी,समृद्धि न्यूज।

कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के कड़िया गांव में वन्य जीव ने एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। युवक का कहना है की भेड़िए ने हमला किया है।

घायल युवक को परिजन पहले निजी चिकित्सक को दिखाने के बाद निघासन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गए। सूचना मिलते ही पहुंची वन विभाग की टीम ने कहा कि भेड़िया अपने क्षेत्र में नहीं हैं, सियार होने की बात कही।

इलाके में उस वक्त दहशत फैल गई जब लोगों को मालूम हुआ की एक युवक पर भेड़िए ने हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक महेश कुमार पुत्र रामगुलाम उम्र 35 वर्ष सुबह साढ़े तीन बजे सड़क पर टहलने गया था इसी बीच खेत से निकले भेड़िए ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से हड़बाहट में उसने हमलावर भेड़िए का मुंह पकड़ लिया। मुंह पकड़ते ही भेड़िए ने उसके दोनों हाथ की उंगली वा हांथ में पकड़े मोबाइल फोन को चबा डाला। महेश का कहना है कि भेड़िया उनकी गर्दन को पकड़ना चाह रहा था। हल्ला मचाने पर अन्य गांव के लोग लाठी डंडा लेकर आ गए जिससे भेड़िया गन्ने के खेत में भाग गया। गन्ने के खेतों में काफी ढूंढने पर भी भेड़िया कहीं नहीं दिखाई दिया। घटना इलाके में आग की तरह फैल गई जिससे लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया जबकि वन विभाग के लोगों का मानना है की भेड़िया अपने क्षेत्र में नहीं है। इस संबंध में दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन क्षेत्रिय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह का कहना है कि वन विभाग की टीम घटना स्थल पर मौका मुआयना करने के पश्चात वा फिंगर प्रिंट्स के आधार पर ही कुछ कहा जा सकता है। श्री सिंह के मुताबिक सियार होने की संभावना जताई जा रही है।

# मूर्ति विसर्जन के बाद कलाकारों ने प्रस्तुति देकर बांधी शमां

> झांकियों में सर्वप्रथम गणपति देवा के भजनों पर नृत्य हुआ

मितौली खीरी,समृद्धि न्यूज।

भीखमपुर कस्बे के गणेशोत्सव कार्यक्रम में मूर्ति विसर्जन के बाद शाम को संगीत पार्टी के कलाकारों ने प्रस्तुति देकर शमां बांध दिया। कलाकारों ने जहां सुंदर मनमोहक नृत्य किया वहीं सुंदर झाकियां निकालकर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।



दस दिवसीय गणपति के दरबार कस्बे में सजाए गए थे।सोमवार को गणपति बप्पा को विदा करते हुए टेढ़ेनाथ धाम पर गोमती में सैकड़ों भक्तो ने विसर्जन कर दिया। शाम को भंडारा होने के बाद शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित संगीत पार्टी के कलाकारों ने सुंदर आकर्षक झाकियां प्रस्तुत की। झाकियों में सर्वप्रथम गणपति देवा के भजनों पर नृत्य हुआ।जिसके बाद राधाकृष्ण ने बोल राधा बोल पर सुंदर नृत्य और मयूर नृत्य प्रस्तुत करके श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कृष्ण के ही मेरा दिल तुझपे कुर्बान मुरलिया वाले रे पर फकीर बाबा की प्रस्तुति शानदार रही। कलाकारों ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण अभिनय करते हुए मंत्रमुग्ध किया।

जिसके बाद शंकर पार्वती नृत्य करते हुए झांकी दिखाई गई। मां काली ने नृत्य करते हुए विकराल रूप धारण करके दैत्य का संघार करते हुए कलाकारों ने अपने अभिनय से जीवंत कर दिया जिसे देखकर श्रद्धालु रोमांचित हो उठे। अंत में मां दुर्गा की शेर पर सवार होकर के झांकी प्रस्तुत करते हुए दर्शन हुए। कार्यक्रम में सभी सुंदर आकर्षक झाकियों और भजनों पर नृत्य करके कलाकारों ने तालियां और खूब इनाम राशि बटोरी। इस मौके पर अर्चना पाण्डेय,विदनेश शुक्ला,भाजपा नेता सुधाकर बाजपेई, छुन्ना मिश्र, राकेश शुक्ला, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, राजीव पांडे,,उमेश बाजपेई,सुनील श्रीवास्तव समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं,श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री, दिया भरोसा

> कम्युनिटी किचन का किया निरीक्षण, प्रभावित परिवारों को बाटी खाद्यान्न किट

लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने तहसील सदर व ब्लॉक फूलबेहड क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांव गूम पिपरा पहुंचकर ग्रामीणों से उनकी कुशलता जानते हुए सरकार से प्रदान की जाने वाली मदद के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने मदद मिलने की पुष्टि की।

ग्रामीणों ने बाढ़ के बाद शारदा नदी की सिल्ट सफाई की मांग की। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंत्री के समक्ष डूबक्षेत्र की वर्णित परिस्थितियों को रेखांकित किया। खाद्यान्न किट में 28 आइटम शामिल हैं, जिनका वितरण प्रभावित परिवारों को किया जा रहा है। एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह ने तहसील क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों और प्रभावित क्षेत्रों में प्रदान की जाने वाली मदद के संबंध में जरूरी जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में सरकार और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता से युद्ध स्तर पर बचाव एवं राहत कार्य में लगा है। प्रदेश के हरेक नागरिक का जीवन हमारे लिए अमूल्य है। हम आश्वस्त करते हैं कि आपदा के इस समय मे सरकार पूरी तत्परता व प्रतिबद्धता से आपके से खड़ी है।



### प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री, खिले चेहरे

इसके बाद प्रभारी मंत्री ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम, एसपी, सीडीओ संग मिहींपुरवा पहुंचे, जहां उन्होंने तहसील प्रशासन द्वारा मिलपुरवा में संचालित कम्युनिटी किचन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों को वितरित होने वाला भोजन पैकेट तैयार किए जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता भी परखी। प्रभारी मंत्री ने प्रभावित परिवारों को हर समय सरकार उनके साथ होने के भरोसे के साथ खाद्यान्न किट वितरण किया। इस दौरान विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि डीएम के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावितों को कृषि निवेश वितरण एवं अन्य जरूरी सहायताए योजनाबद्ध ढंग से कराई गई, निश्चित रूप से पूरा प्रशासन बधाई का पात्र है।

## वैष्णों दरबार के लिए हुआ भूमि पूजन, शारदीय नवरात्र की तैयारियां प्रारंभ

**बिजुआ खीरी।** ग्राम पंचायत भैंठिया में कृत्रिम मां वैष्णो दरबार के लिए भूमि पूजन,ध्वज पूजन किया गया।भूमि पूजन के साथ ही कृत्रिम मां वैष्णों सजाने में श्रद्धालु जुट गए हैं। यहां पर दूर दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां वैष्णो के दर्शनों के लिए आते हैं। दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने के लिए 31 वें मां वैष्णों दरबार का इस बार शारदीय नवरात्र में कृत्रिम रूप दिया जाएगा। विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत भैंठिया में प्रति वर्ष कृत्रिम मां वैष्णों दरबार सजाया जाता है। 31 वें मां वैष्णों दरबार के लिए पंडित योगेश कुमार मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन,ध्वज पूजन कराया। भूमि पूजन के बाद सभी को प्रसाद किया गया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सचिन सोनी ने बताया कि आज से ही यहां पर भव्य वैष्णों दरबार बनाने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। बताया कि प्रथम नवरात्र से अंतिम नवरात्र तक दरबार में प्रतिदिन पूजा पाठ एवं प्रतिदिन रात्रि जागरण व सजीव झांकियों का प्रदर्शन कलाकारों द्वारा किया जाएगा। कृत्रिम वैष्णों दरबार बनाने में टाट,पट्टी,बांस, बल्ली,पटरा,अडाना आदि का प्रयोग कर गुफा सीढ़ियां मंच फव्वारा आदि का निर्माण कर भक्तों के दर्शनार्थ दरबार को भव्य रूप दिया जाएगा।

# पीएम के जन्मदिन पर नपा अध्यक्ष ने विश्वकर्मा मंदिर में की साफ-सफाई

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।

पूरी दुनिया में भारत माता की ख्याति को फैलाने वाले करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा मनाती है।

उसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा मंदिर मो. तीर्थ पर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा प्रभु से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की गई। इसके साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर पालिका परिषद में देवताओं के वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा,नगर मंत्री धीरज बाजपेयी,राजीव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा,वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना,शक्ति केन्द्र संयोजक राहुल बाल्मीकि, बूथ अध्यक्ष सचिन गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर संयोजक अंकुर वर्मा, किसान मोर्चा नगर महामंत्री गौरव ज्ञान त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्वकर्मा,जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा सक्सेना, गीता दुबे,सीमा वर्मा, सरिता गौढ,राम कुमार भदौरिया, ऋषभ मिश्रा आदि मौजूद रहे।



## विवादित बयान के चलते हिंदू कार्यकर्ताओं ने अखिलेश का फूंका पुतला

**पलिया कलां खीरी।** लखीमपुर खीरी के पलिया नगर में सपा मुखिया अखिलेश यादव के विवादित बयान के खिलाफ हिन्दू संगठनों में आक्रोश पनप उठा। आपको बता दे कि अखिलेश यादव के विवादित बयान मठाधीश और माफिया एक समान होते हैं के कारण पलिया नगर के तमाम हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं में जमकर गुस्सा देखने को मिला। पलिया नगर में सपा मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ आक्रोश रैली निकाल कर विरोध जताया गया। पलिया नगर के स्टेशन चौराहे पर अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया और अखिलेश मुर्दाबाद के नारे लगे, विरोध प्रदर्शन करने के दौरान राजकुमार राठौर, सक्षम शुक्ला, पुनीत गुप्ता, आलोक गुप्ता, उमेश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, संतोष गुप्ता, ईशु गुप्ता, प्रेम गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने बाढ़ प्रभावित गांवो का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

ईसानगर खीरी,समृद्धि न्यूज।

जनपद खीरी में भीषण बाढ़ की त्रासदी को देखते हुए कमिश्नर रोशन जैकब ने तहसील धौरहरा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवो का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से वार्ता करते हुए बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए उनके उचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम करीब 5:00 बजे तहसील धौरहरा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव लोधौनी पहुंचीं कमिश्नर रोशन जैकब ने सड़क पर आसरा लेने वाले बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उनसे बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। यही नहीं कमिश्नर रोशन जैकब ने गांव में जल भराव के बावजूद गांव के अंदर भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुई और मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी, उप जिलाधिकारी धौरहरा राजेश कुमार को निर्देशित करते हुए बताया की बाढ़ की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके निदान के लिए सार्थक उपाय किए जाएं जिससे क्षेत्र की जनता को बाढ़ से किसी समस्या का सामना न करना पड़े। वही बाढ़ के दौरान मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाकर बाढ़ पीड़ितों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने व सुबह शाम दो समय लंच पैकेट वितरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान तहसील एवं विकासखंड के अधिकारी सहित थाना प्रभारी खमरिया विवेक कुमार उपाध्याय की मौजूदगी रही।

# गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ किया गया विसर्जन

पलियाकलां खीरी,समृद्धि न्यूज।

गणेश चतुर्थी के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों व घरों में भगवान गणेश की स्थापित प्रतिमाओं का अनंत चतुर्दशी पर गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाल कर शहर से छह किमी दूर बाढ़ के पानी को पार कर पवित्र मां शारदा नदी में विसर्जन कर दिया गया।

शोभा यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के भक्त जयकारे लगाते चल रहे थे। हर साल की तरह इस बार भी सात सितंबर को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर भगवान गणेश के भक्तों ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर अपने अपने घरों, मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों में प्रतिमाओं की स्थापना की थी। लगातार पूजन अर्चन के बाद भगवान गणेश के भक्त पांच, सात व नौवें व ग्यारवें दिन शहर में शोभायात्रा निकालकर शारदा नदी पर पहुंचते हैं जहां विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद प्रतिमाओं को नदी में विसर्जित करते हैं। इस बार भी गणेश चतुर्थी पर राम जानकी मंदिर ठाकुरद्वारा, कांग्रेस नेता बलराम गुप्ता व व्यापारी नेता धीरज गुप्ता के घर विधि विधान से पूजन अर्चन कर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई थी।

## बाघ प्रभावित क्षेत्र में शुरू हुई कांबिंग, निगरानी हेतु लगाए गए 34 कैमरे

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत बाघ प्रभावित क्षेत्र ग्राम मूड़ा अस्सी, मूडा जवाहर घरथनियां एवं इमलिया में कांम्बिंग की जा रही है। कांबिंग के साथ ही मूवमेंट की निगरानी हेतु 34 कैमरे प्रभावित क्षेत्र में लगाये गये हैं। क्षेत्र में गन्ने की फसल की निरन्तरता के बीच बाघ विचरण कर लोकेषन बदल रहा है। बाघ को रेस्क्यू करने हेतु डा. नितेष कुमार कटियार पषुचिकित्सक कानपुर प्राणि उद्यान एवं डॉ. दया शंकर, पशुचिकित्सक अपनी टीम के साथ क्षेत्र में उपस्थित हैं। प्रभावित क्षेत्र में बाघ मित्र ग्रामीणों से वन्यजीव एवं जनमानस की सुरक्षा हेतु जनसंवाद स्थापित कर रहे हैं।

# धूमधाम के साथ विसर्जन की गई गणेश की प्रतिमा

मितौली खीरी,समृद्धि न्यूज।



कस्बे में जगह-जगह स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का मंगलवार को धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान निकली शोभायात्राओं से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। गणेश चतुर्थी के दिन कस्बे में आदित्य गुप्ता, सुनील कटियार व अन्नू के आवास पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं पूजन अर्चन कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित की गई थी। गणेश प्रतिमाओं का मंगलवार को विधिवत विसर्जन किया गया। इस दौरान कस्बे के विभिन्न मार्गो से गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्राओं के दौरान गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तुम फिर आया आदि के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। लोगों ने खूब रंग गुलाल उड़ाया।

पश्चिम मोहल्ले में अन्नू व सुनील कटियार के यहां स्थापित प्रतिमाओं का कष्ट हरण धाम पर उत्तर वाहिनी कठिना नदी में धूमधाम के साथ पूजन अर्चन कर विसर्जित की गई। वहीं आदित्य गुप्ता के यहां स्थापित प्रतिमा का पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बड़ी नहर में विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान महिलाओं, बच्चों के अलावा काफी लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर अमित गुप्ता ,गोलू जयसवाल, सुमन, मानसी स्वाति प्रज्ञा लता जायसवाल संतोष विनीत शिवम शालू मिनी अमन सुधाकर पूजा कान्हा राधिका प्रेम जैसवाल निधि गुप्ता आरती गुड्डन सहित भारी तादात में भक्त गण उपस्थित रहे।वहीं भीखमपुर कस्बे के काली माता मंदिर व भगवान शिव मंदिर में दस दिवसीय भगवान गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दसवें दिन भगवान गणपति की प्रतिमा का विसर्जन टेढ़े नाथ धाम गोमती नदी में किया गया।

कस्बा भीखमपुर में काली माता मंदिर व भगवान शिव मंदिर पर विगत वर्षों की भांति गणपति पूजा का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया इस वर्ष गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना काली माता मंदिर पर आचार्य हिमांशु मिश्र व शिव मंदिर पर आचार्य अतुल दिक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराई गई । आचार्य ने विधिवत पूजन अर्चन के साथ म्यूजियम ग्रुप द्वारा भगवान गणेश की आकर्षक झांकियों के साथ भजनों पर भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाएं। आचार्य हिमांशु मिश्र व आचार्य अतुल दिक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन में पूर्णाहुति दिलाई। भगवान गणेश की गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा कस्बा चौराहे पर श्री राम जानकी हनुमान मंदिर तक निकाली गई। कस्बा चौराहे से ट्रेक्टर ट्राली, बाइक से सैकड़ों भक्तों ने उत्तर वाहिनी टेढ़े नाथ धाम गोमती में आचार्यों ने पूजन अर्चन आरती के साथ भगवान गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती



**अमीरनगर खीरी।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मंगलवार को कस्बा अमीरनगर में भाजयुमो उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा के आवास पर धूमधाम के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान जगह-जगह दुकानों और संस्थानों पर मशीनरी की पूजा अर्चना करने के साथ प्रसाद वितरण किया गया।इस दौरान भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। हिंदू धर्म में विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व होता है। हर साल 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। कहा जाता है कि इस दिन सृष्टि के रचयिता ब्रम्हा जी के सातवें पुत्र विश्वकर्मा भगवान का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यता है, कि भगवान विश्वकर्मा ऐसे देवता हैं, जो हर काल में सृजन के देवता माने जाते हैं। सृष्टि में जो भी चीजें सृजनात्मक हैं। जिनसे जीवन संचालित होता है। वह सब भगवान विश्कर्मा की देन है। यानी भगवान विश्वकर्मा ही दुनिया के पहले शिल्पकार थे। ब्रम्हा जी ने श्रृष्टि को सजाने-संवारने का काम विश्वकर्मा भगवान को दिया था।मान्यता है कि जब ब्रम्हा जी ने सृष्टि की रचना की तो उसे सजाने-संवारने का काम विश्वकर्मा भगवान ने किया था।इस अवसर पर सुरजीत शर्मा, डॉक्टर मनोज शर्मा, संजय शर्मा, पवन शर्मा, निर्मल शर्मा, ठाकुर प्रसाद शर्मा, कुलदीप शर्मा, राजकुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक गांव व एक रिश्तेदारी में आए बच्चे को हुआ मलेरिया तो स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप

**लखीमपुर खीरी।** सीएचसी धौरहरा के अंतर्गत दो गांव में अलग-अलग दो मलेरिया पॉजिटिव केस मिलने के बाद सीएचसी अधीक्षक डॉ रवि सिंह द्वारा गांव भरेहटा व गांव नौरंगपुर में कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 75 से अधिक मरीज को देखा गया। सीएचसी धौरहरा अधीक्षक डॉ रवि सिंह ने बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत गांव भरेहटा व गांव नौरंगपुर मैं मैं क्रमशः एक एक बच्चा मलेरिया पॉजिटिव पाया गया था। जिसके बाद दोनों ही गांव में स्वास्थ्य टीमों को भेजा गया। 75 से अधिक लोगों की जांच की गई। एंटी लारवा का छिड़काव कराया गया। 56 डेंगू व मलेरिया की जांच कराई गई, जो सभी नेगेटिव रहीं। वहीं सामान्य बुखार के मरीज को दवाओं का वितरण भी किया गया। साथ ही लोगों को डेंगू का मलेरिया के होने के कारणों के बारे में भी बताया गया। स्वास्थ्य टीम में डॉ अभिमन्यु सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, सरोज कुमार, उर्मिला मिश्रा, विनीत श्रीवास्तव स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## Information

Please be informed that Suyash Yadav son of Suresh Kumar Yadav is a student of class 10. He studies in Guru Kripa Divine Grace Public School, located on Huzurpur Road in the city. Whose date of birth was mistakenly recorded as 2/10/2009 in the school. The correct date of birth should be recorded as 10 February 2010 instead of 2 October 2009. Mother's name is Manju Yadav and father's name is Suresh Kumar Yadav.

**Suresh Kumar Yadav son Balak Ram YadavMohalla Sufipura Civil Line Bahraich, Uttar Pradesh.**

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, बुधवार, 18 सितंबर 2024


# दौलतगंज वार्ड-90 में पानी की किल्लत के कारण लोगों को हो रही परेशानी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नगर निगम की लापरवाही के कारण गरीबों और बुजुर्गों को पानी के लिए तरसाया जा रहा है। दौलतगंज वार्ड-90 में पानी की किल्लत के कारण लोगों को परेशानी हो रही है, लेकिन नगर निगम जोन-6 के अधिकारी इस मामले में मौन हैं। प्रभावित क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि पिछले 5 दिनों से पानी की किल्लत के कारण उन्हें परेशानी हो रही है।

नगर निगम जोन-6 के अधिकारियों से शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है। लोगों को बालटी लेकर लम्बी कतार लगाकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर निगम जोन-6 के आला अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह लापरवाही नगर निगम की विफलता को दर्शाती है। नगर निगम के अधिकारी हमारी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं -राम सिंह, दौलतगंज वार्ड के निवासी, पीड़िता बुजुर्गों को पानी के लिए खड़ा होना पड़ रहा है। यह नगर निगम की लापरवाही का परिणाम है -सीता देवी, दौलतगंज वार्ड की निवासी,नगर निगम जोन-6 के अधिकारियों को इस मामले में जवाबदेह होना चाहिए। उन्हें लोगों की शिकायतों पर ध्यान देना चाहिए और समाधान निकालना चाहिए।

## दस करोड़ की सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त

**लखनऊ ।** शासन के आदेशों के क्रम में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह जी के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियोंसंपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। आज लगभग 93934 वर्गफीट जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। उक्त खाली कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये है। अभियान तहसीलदार नगर निगम अरविंद पांडेय एवं नायब तहसीलदार नगर निगम नीरज कटियार के नेतृत्व में लेखपाल राजस्व जितेंद्र प्रकाश एवं लेखपाल नगर निगम संदीप यादव व अनूप गुप्ता ने अवस्थित रह कर सहयोग किया।

# विद्युत उपभोक्ता परिषद की आपत्तियों का जवाब देने में छूट रहे हैं पसीने

▸ बिजली दरों पर फैसला ले आयोग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बिजली दर का निर्धारण में विद्युत नियामक आयोग अंतिम चरण में है। इस सम्बंध में उपभोक्ता परिषद की आपत्तियों का सही जवाब दाखिल देने में बिजली कंपनियों को रहे पसीने छूट रहे है। क्योकि उपभोक्ता परिषद ने तथ्य परख आंकडों के आधार पर आपत्तियां उठाई है। उपभोक्ता परिषद में विद्युत नियामक आयोग से जब बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ता परिषद की आपत्तियों का सही जवाब नहीं ता समय पर बिजली दरों की घोषणा कर दें। उपभोक्ता परिषद ने फिर दावा किया कि विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी सम्भव नही है। बकाए के आधार पर दरें कम होना चाहिए।

विद्युत नियामक आयोग जहां बिजली दर को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है वही उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा दाखिल आपत्तियों का जवाब बिजली कंपनियां नहीं दे पा रही है। उपभोक्ता परिषद ने दरों को लेकर सभी मुद्दों पर आंकडों के आधार पर बिजली कंपनियों की पोल खोलते हुए उन्हें कटघरे में खडा किया था। लेकिनबिजली कंपनियां अनेकों बार उच्च स्तरीय बैठक के बहाने जवाब देने से बच रही है। उन्हें पता है कि उपभोक्ता परिषद के सवालों का जवाब आसान नहीं है। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर निकल रहे सर प्लस 33122 करोड पर बिजली कंपनियां अपने को चोर दरवाजे निकालने में ही अपनी भलाई समझ रही है। विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के तहत उपभोक्ताओं द्वारा दाखिल सभी आपत्तियों का जवाब बिजली कंपनियों को देना चाहिए। करोडों रुपए के कंसल्टेंट और अभियंताओं की लंबी फौज होने के बाद भी सवालों का जवाब केवल इसलिए नहीं दे रही है क्योंकि हर सवाल में बिजली कंपनियां अपने को फंस रही हैं। पहली बार ऐसा हो रहा है जब बिजली दर के निर्धारण में विद्युत नियामक आयोग आपत्तियों का सही जवाब लेने पर पूरी तरह बिजली कंपनियों पर दबाव बनाए हुए है। छुट्टियों में भी दफ्तर खुल रहे हैं। लेकिन आलम यह है कि किसी के पास भी जवाब नहीं है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने विद्युत नियामक से पुरजोर मांग उठाई है कि उपभोक्ता परिषद की आपत्तियों का सही जवाब बिजली कंपनियां जब नहीं दाखिल कर पा रही है।तो अब समय आ गया है विद्युत नियामक आयोग को उपभोक्ता परिषद के प्रस्ताव को मानते हुए बिजली दरों में कमी करके अपना फैसला सुनाना चाहिए। राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा यह कितने दुर्भाग्य की बात है कि उपभोक्ता परिषद के सवालों का जवाब कानून के दायरे में बिजली कंपनियों को देना चाहिए। लेकिन उन्हें पता है कि अगर वह सही जवाब दाखिल कर देंगी तो ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी उसमें फंस जाएंगे। बिजली कंपनियां जहां बडे-बडे दावे करती हैं जब आंकडों के आधार पर उनकी पोल खोली जाती है तो वह चुप्पी साध लेटी है। यह रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का खुला उल्लंघन है।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन की मांग, प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर देशभर में इप्सेफके आह्वान पर कर्मचारी सत्याग्रह कर संकल्प लेंगे।इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने प्रधानमंत्री को पत्र भेज कर आग्रह किया है कि एक देश एक चुनाव कराने की तरह एक देश एक वेतन भत्ते व सुविधाओं की समानता के लिए राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन किया जाए। इससे देशभर में आंदोलन की समस्या समाप्त हो जाएगी। महासचिव प्रेमचंद ने प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि इप्सेफकी शेष दो मांगों पर भी जल्द निर्णय कराये जिससे की नाराजगी दूर हो जाए। पुरानी पेंशन की बहाली आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियुक्तियों में वरीयता देने एवं न्यूनतम वेतन व अन्य सुविधाएं देने की मांग है। उप महासचिव अतुल मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स कर्मचारी को नियमित करने के लिए नीति बनाने का आदेश अधिकारियों को दिया है।

### तेज रफ्तार कार क्रेन से टकराई, हादसे में दो लोगों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव इलाके में देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। कार सवार सीतापुर से लखनऊ की तरफआ रहे थे। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकरा गई, जिसमें दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, चपटा अजीतमल औरैया के रहने वाले नवीन (27) पुत्र अशोक कुमार और फूलपुर औरैया के रहने वाले सौरभ (28) पुत्र राजेश सोमवार–मंगलवार की देर रात सीतापुर की तरफलखनऊ आ रहे थे। मड़ियांव खदरी के पास करीब रात 2.30 बजे कार अचानक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकरा गई। हादसे के बाद वहां भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों को कार से बाहर निकालकर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। जहां पर इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने परिवार को सूचना दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखा गया है।

### एसजीपीजीआई में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने शुरू किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एसजीपीजीआई में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने मंगलवार सुबह से प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रशासनिक भवन पर जुटे सैकड़ो कर्मचारी मानदेय रोके जाने से नाराज हैं। बताया जा रहा है कि करीब 4 साल में पहली बार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाए जाने का आदेश हुआ था, लेकिन उसके बाद रोक दिया गया। करीब डेढ़ हजार आउटसोर्सिंग कर्मी संस्थान प्रशासन के इस भेदभावपूर्ण रवैया से आहत हैं। प्रदर्शन से पहले आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने एसजीपीजीआई के निदेशक को पत्र लिखकर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी, लेकिन उसके बाद भी सुनवाई ना होने पर प्रदर्शन करने पर मजबूर हुए हैं। इससे पहले एसजीपीजीआई के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने राज्यपाल, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव को भी पत्र भेज कर अपनी पीड़ा बताई थी। आज हो रहे प्रदर्शन में आउटसोर्सिंग कर्मचारी में डाटा एंट्री ऑपरेटर चालक समेत 13 संवर्ग के कर्मचारी शामिल है। यह सभी कर्मचारी प्रशासनिक भवन पर नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### लाल कुआं के राजा का गणेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के बाराबिरवा डिपो अध्यक्ष वासुदेव पाल ने बताया कि श्री गणेश उत्सव लाल कुआं के राजा के रूप में बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया और मंगलवार को गोमती तट पर श्री गणेश की प्रतिमा को विसर्जन कराया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन अशोक पाल, वासुदेवपाल, आदर्श, अरुन गौतम, जयसवाल, दिवाकर महाराज पांडे, अजय पाल, राधेश्याम वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, श्रवण चौधरी, मुरारी लाल यादव, राजकुमार, कमल वर्मा एवं लाल कुआं के मित्र एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

### हिन्दू महासभा लखनऊ मंडल महिला इकाई की अध्यक्ष बनीं अनीता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी ने अनीता तिवारी को हिन्दू महिला सभा लखनऊ मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी कार्यालय के प्रभारी प्रमोद त्रिवेदी के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला ने अनीता तिवारी मनोनीत किया। इसके अलावा एवरन सिंह को हिन्दू युवक सभा त्रिदड़ी का जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद, अजय वर्मा को हिन्दू महासभा त्रिदंडी फिरोजाबाद का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि आगरा का जिला अध्यक्ष अजीत राजपूत को, युवक सभा आगरा का जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश वर्मा को, किसान सभा आगरा का जिला अध्यक्ष राम निवास को व विद्यार्थी सभा आगरा का अध्यक्ष सूरज वर्मा को नियुक्त किया गया है। वहीं दिलीप कुमार गुप्ता को तहसील अध्यक्ष सीतापुर, जितेंद्र कुमार सिंह को (फतेहपुर) बाराबंकी एवं हिमांशु सिंह को जिला संगठन मंत्री बाराबंकी की जिम्मेदारी दी गई है।

### सई पुल से कूदी महिला, एनडीआरएफ की टीम कर रही तलाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बंथरा इलाके में एक महिला पुल से सई नदी में कूद गई। 3 घंटे से एनडीआरएफ की टीम तलाश कर रही है। अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है। आसपास के लोगों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे एक महिला पुल पर खड़ी थी। लोगों के देखते ही देखते वो पुल से नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोग निकालने की कोशिश भी किए लेकिन पानी अधिक होने की वजह से पता नहीं लग सका। तुरंत घटना की जानकारी बंथरा पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम ने तुरंत एनडीआरएफको बुलाया। एनडीआरएफकी टीम महिला की तलाश कर रही है। हालांकि पानी का बहाव तेज होने से अभी तक पता नहीं चल सका है। महिला की तलाश लखनऊ और उन्नाव की टीम संयुक्त रूप से कर रही है। बंथरा पुलिस ने बताया कि अभी तक महिला का पता नहीं लगाया जा सका है। पुलिस को अनुमान है कि महिला पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर नदी में छलांग लगाई होगी। बंथरा थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि हमारी टीम अपने स्तर पर तलाश कर रही है। महिला के बारे में जल्द पता लगाया जाएगा। वहीं फायर अधिकारी सुमित प्रताप सिंह भी मौके पर हैं। उन्होंने बताया कि एनडीएरएफ की टीम करीब 2 किमी की रेंज में सर्च अभियान चला रही है।

### केन्द्रीय वर्कशाप में सुन्दरकाण्ड और विश्वकर्मा पूजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोक निर्माण विभाग केन्द्रीय वर्कशाप हेवलेक रोड़ पर विभागाध्यक्ष इं. संजीव कुमार भारद्वाज की उपस्थिति में भगवान विश्वकर्मा का पूजन समारोह किया गया वर्कशाप में स्थिति भगवान विश्वकर्मा मंदिर में पंडित प्रदीप की उपस्थित में सुन्द्रर काण्ड के उपरान्त विधि विधान से हवन भूजन कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। पूंजन समारोह में मुख्य अभियंता इं. यू.के . सिंह और एम.एस. यादप, अधीक्षण अभियंता इं. आर.एम. श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता इं. रंजीता प्रसाद, सहायक अभियंता इं. शरद कुमार नायक, केन्द्रीय कार्यशाला की इंचार्ज इं. आरती पाण्डे, इं. शिवानी श्रीवास्तव,इ. सुनील पाल अन्य घटक संगठनों के अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। चालक संघ के अध्यक्ष शिवकुमार यादव ने बताया कि केन्द्रीय कार्यशाला के अलावा गोसाईगंज प्लांट में भी विश्वकर्मा पूजन समारोह का आयोजन किया गया।

# राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम प्रधानमंत्री मोदी के जीवन का हिस्सा : योगी

**सीएम ने पीएम कोदी के के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम लखनऊ के पटेल पार्क जीपीओ में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री योगी ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में उभरकर उसका मार्गदर्शन कर रहा है।

उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि शून्य से शिखर की यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के जीवन का सार है। संघर्षों से आगे बढ़कर उन्होंने अपना मार्ग बनाया है। जीवन की शुचिता, कर्मठता और ईमानदारी उनके जीवन का हिस्सा है। राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम और संपूर्ण समर्पण का भाव उनके जीवन का हिस्सा है। उन्होंने अपना सब कुछ भारत माता के चरणो में समर्पित किया है और इसीलिए पिछले दस वर्ष में हमने भारत को बदलते हुए देखा है।

सीएम योगी ने आगे कहा कि एक भारत जो आज दुनिया की एक बड़ी ताकत के रूप में उभरकर दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। एक ऐसा भारत जो अपनी आस्था का भी सम्मान कर रहा है और विकास और विरासत की यात्रा के साथ भारत की 140 करोड़ जनता-जनार्दन की आशा और आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। विगत दस वर्षों में हमने एक नए भारत का दर्शन किया है और ये नया भारत प्रधानमंत्री मोदी जैसे सारथी के नेतृत्व में एक विकसित भारत की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा है। स्वाभाविक रूप से इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के संघर्षमय जीवन की गाथा को चित्रों के माध्यम से देखने और अवलोकन करने का अवसर हम सबको प्राप्त हो रहा है। स्वच्छता प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की प्राथमिकताओं में है।

उन्होंने स्वच्छता को महत्व दिया है और इसके लिए हम सबको भी अभियान चलाना होगा। हम सबको भी उसका हिस्सा बनना होगा। स्वच्छता के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन किया गया है। हमारा कर्तव्य है कि प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें।यह पर्यावरण के लिए खतरनाक है, स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है उस प्लास्टिक को पूरी तरह तिलांजलि दें। स्वयं स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा बने। राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ जब हमारी भी भागीदारी होती है तो वह कार्यक्रम सफलता की नई ऊंचाइयों को छूता है। इस तरह के कार्यक्रम के साथ आम जनमानस की भागीदारी अनेक लोगों के लिए एक नई प्रेरणा होती है और विकास के नए मार्ग प्रशस्त करती है। स्वच्छ भारत मिशन उसी का एक हिस्सा है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को अवश्य दिया जाय : दयाशंकर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रतापगढ़ ।** जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाये। अधिकारी जनप्रतिनिधियों से संवाद बढ़ाये जिससे समस्याओं का समाधान हो सके। यदि कोई भी व्यक्ति पात्र है तो उसको योजना का लाभ अवश्य दिया जाये, यदि कोई व्यक्ति गलत कर रहा है तो किसी भी दशा में उसे बख्शा न जाये, हम सभी लोग मिलकर एक टीम भावना के साथ कार्य को करें और आपस में सामंजस्य बनाकर चले। बैठक में विधायक विश्वनाथगंज ने शिकायत करते हुये हुआ कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जो सड़के बनायी जाती है वह गुणवत्तायुक्त नही रहती है, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटनायें होती रहती है प्रभारी मंत्री ने कहा कि लिखित में सूचना दी जाये, यदि जांच में दोषी पाये जायेगें तो कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। विधायक ने बताया कि बिजली की समस्यायें रहती हैं, ट्रान्सफार्मर के जल जाने पर उसे समय से नहीं बदला जाता, यदि ट्रान्सफार्मर बार-बार जलते हैं तो उसकी क्षमतावृद्धि करायी जाये, नहरों में पानी की समस्या रहती हैं, कई जगह कट बन जाने और नहरों की साफ-सफाई न होने से पूरी तरीके से नहरों में पानी नहीं पहुंच पाता है। जनप्रतिनिधि द्वारा समस्याएं गिनाए जाने पर प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जहां पर ऐसी समस्यायें हैं उसको दिखवा लिया जाये और आवश्यक कार्यवाही की जाये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि ओडीओपी के तहत जनपद के आंवला प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाये और किसानों को योजना के तहत सब्सिडी प्रदान की जाये। विधायक सदर ने जनपद के एक केन्द्रीय विद्यालय के प्रस्ताव हेतु अपनी बात रखी। बैठक में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक धीरज ओझा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 1.25 लाख आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की सफलता ने देश एवं प्रदेश में करोड़ों गरीबों को उनके सपनों का घर दिया है। दुर्बल आय वर्ग के लोगों के लिए यह योजना वरदान साबित हुई है। मंगलवार को भुवनेश्वर, उड़ीसा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2.0 की भव्य समारोह में गाइड लाइन जारी की गई। इस अवसर देश भर में 04 लाख आवासों में गृह प्रवेश का कार्यक्रम हुआ।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में 1.25 लाख आवासों का गृह प्रवेश किया गया। इसके साथ ही लाभार्थियों को आवास की चाबी के साथ प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लाभार्थियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके साथ जिला मुख्यालय स्तर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा लाभार्थियों द्वारा लिसनिंग मोड में ऑनलाइन प्रतिभाग



किया गया। आपको बता दे कि प्रदेश में कुल 17.70 लाख आवास स्वीकृत हैं, जिसके सापेक्ष 17.59 लाख आवासों की ग्राउण्डिंग करते हुए 15.86 लाख आवासों को पूर्ण किया जा चुका है, जो कि 90 प्रतिशत है तथा देश में सर्वाधिक है। इस अवसर पर निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्य नगरीय विकास अभिकरण की है। जिसे पूरी निष्ठा व पारदर्शिता से किया जा रहा है। प्रदेश को योजना में उत्कृष्ठ क्रियान्वयन हेतु केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कृत भी किया जा चुका है। आगे भी विभाग अंत्योदय की भावना के साथ काम करते हुए योजना का लाभ पात्रों को देने के लिए पारदर्शी तरीके से काम करता रहेगा।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर सपा छात्र सभा का प्रदर्शन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के सामने मंगलवार को समाजवादी छात्र सभा ने प्रदर्शन किया। पीएम मोदी के जन्मदिन पर विरोध करते हुए छात्रों ने बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शनकारी तौकिल गाजी ने कहा कि आज हम तमाम पढ़े लिखे युवा रोजगार के लिए परेशान है। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सपा छात्र सभा के नेता कांची यादव ने कहा कि हम तमाम युवा रोजगार के लिए आस लगाए बैठे हैं। बेरोजगारी से तंग आकर युवा निराशा होकर आत्महत्या कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले युवा का सरकारी नौकरी हासिल करना सपना होता है। मौजूदा सरकार में सरकारी विभागों में नौकरियों की संख्या इतनी घट गई है कि युवा चिंतित है। आज बड़े और महत्वपूर्ण विभागों में संविदा पर भर्ती हो रही है। संविदा पर भर्ती करने वाली प्राइवेट कंपनियां मालामाल हो रही। संविदा कंपनियां कर्मचारियों से नौकरी के नाम पर शोषण कर रही हैं। 8 घंटे का पैसा देती है और दोगुना काम करा रही हैं।

# शिवदासपुर में जयकारों के साथ गणेश विसर्जन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ मलिहाबाद।** शिवदासपुर गांव में पंकज शुक्ला ने गणेश उत्सव के 11वें दिन भगवान गणेश की प्रतिमा को आज किया विसर्जन सनातन धर्म में भगवान गणेश की पूजा बेहद शुभ मानी जाती है ऐसा कहा जाता है कि जो साधक गणेश जी की पूजा विधि पूर्वक करते हैं उनके सभी मुरादे पूर्ण हो जाती।

मंगलवार को भगवान श्री गणेश उत्सव के11वें दिन गणेश प्रतिमा को पंकज शुक्ला ने पूजा पाठ किया और गांव में चारों तरफ मूर्ति को हाथ में लेकर नंगे पैर मूर्ति को लेकर गणपति बप्पा के भक्तों ने विसर्जन करने के



लिए ढोल नगाड़े के साथ गणेश के भक्ति में मगन होकर माँ बहिने बुजुर्ग नौजवान सभी भक्ति भाव से गणेश के भक्ति में नृत्य करते हुए सभी ग्रामीणों ने शिवदासपुर से फतेहनगर से होते हुए मां सिद्धेश्वरी धाम तक पैदल ढोल नगाड़े पर भक्ति में झूम कर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को नम आंखों के साथ सभी गणपति बप्पा मोरया की जयकारों के साथ विसर्जन किया विसर्जन के दौरान पंकज शुक्ला, संजय शुक्ला, प्रवीण शुक्ला, पूर्व प्रधान प्रमोद यादव, रामकिशोर यादव, विशाल, सुशील रावत, राजू यादव, मनोज यादव, सनोज यादव, रिंकू यादव, अंकेश शुक्ल, विवेक शुक्ला सहित ग्राम के सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जिला उपभोक्ता आयोगों में 655 मामलों का निस्तारण

**लखनऊ ।** राज्य उपभोक्ता आयोग एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोगों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राज्य उपभोक्ता आयोग में 21 सूचीबद्ध मामलों के सापेक्ष 17 मामलों एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोगों में 1015 सूचीबद्ध मामलों के सापेक्ष 655 मामलों का निस्तारण हुआ तथा कुल धनराशि 133499117 रूपये का समाधान हुआ।

## अस्थाई बेरीकेटिंग को खुलवाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में वाणिज्य बंधु की बैठक आयोजित हुई बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफ़ज़ल, ट्रांसगोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम शामिल हुएसंगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जिलाधिकारी को वर्तमान में व्यापारियों के सामने जीएसटी के कारण आ रही समस्याओं एवं विसंगतियों के समाधान के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम 20 सूत्रीय सुझावों एवं मांगों का पत्र दिया तथा रिटेल सेक्टर के व्यापारियों को विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों के कारणआ रही परेशानियों से बचने के लिए रिटेल ट्रेड पॉलिसी एवं ई–कॉमर्स पॉलिसी बनाने हेतु केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नाम का पत्र सोपाव्यापारियों ने वाणिज्य बंधु की बैठक में दीपावली से पहले प्रमुख बाजारो से अतिक्रमण हटाने तथा खराब सड़कों को सही करवाने का विषय उठायाआदर्श व्यापार मंडल ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ने बादशाह नगर, सर्वोदय नगर चौराहे पर यातायात पुलिस द्वारा लगाई गई अस्थाई बेरीकेटिंग को खुलवाने की मांग की।

# निष्क्रिय नेताओं को किनारे लगाएगी समाजवादी पार्टी

समृद्धि न्यूज

▸ 2027 को लेकर अभी से सतर्क हैं अखिलेश यादव

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में सपा के कई नेताओं को अखिलेश यादव बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं। उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी कमर कस ली है।लोकसभा चुनाव 2024 में 37 सीटें जीतने वाली समाजवादी पार्टी ने 2027 में विधानसभा चुनाव के लिए नई रणनीतियों पर काम करना शुरू कर दिया है।

अब समाजवादी पार्टी जिलेवार सक्रिय और निष्क्रिय पदाधिकारियो की सूची तैयार कर रही है, जिसमें निष्क्रिय पदाधिकारियों की सपा छुट्टी करने वाली है।समाजवादी पार्टी की जिला और महानगर इकाइयां को मासिक बैठक को गंभीरता से लेने के निर्देश प्रदेश मुख्यालय की तरफ से दिए गए हैं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष को पत्र भेज कर जिला और महानगर संगठन से हर महीने की 15 तारीख तक 6 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। मासिक रिपोर्ट में आयोजन की तिथि ,उसमें शामिल होने वाले सांसद ,विधायक ,पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और जिला पंचायत अध्यक्षों के नाम, विधानसभा क्षेत्रों और प्रकोष्ठों की मासिक बैठक का पूरा विवरण भेजना होगा।

**समझौता** | भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 06 कैटामारन बोट कराएगा उपलब्ध

# यूपी में शुरू होगा गोवा, केरल की तरह वाटर स्पोर्टस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग निगम में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखकर गोवा और केरल की तर्ज पर रोमांचक जल भ्रमण कराने की तैयारी कर रहा है। पर्यटन विभाग ने अयोध्या, काशी और मथुरा में ओपेन कैटामारन बोट संचालन का निर्णय लिया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से 06 कैटामारन बोट उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया गया है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि समझौते के तहत अयोध्या, काशी, मथुरा में 02-02 बोट का संचालन किया जायेगा। अब तक अयोध्या और काशी में एक



जैसे कैटामारन बोट की आपूर्ति की जा चुकी है। इस बोट में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग अपने संसाधनों एवं सामर्थ्य का प्रयोग करके पर्यटन को नई ऊचाईयों तक ले जाना चाहता है। यूपी में आये बदलाव के कारण पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ी है। जिसके वजह से पिछले साल 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने धार्मिक-अध्यात्मिक तथा इको पर्यटन सहित अन्य विश्वविख्यात स्थलों का भ्रमण किया।यूपी में पर्यटकों से जुड़े विविध आकर्षक गन्तव्य स्थल हैं। जैसे रूरल, एग्री तथा वाटर स्पोर्टस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वाटर स्पोर्टस की असीमित संभावनायें हैं। इसे व्यवहारिक रूप देकर पर्यटकों को यूपी आने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई जा रही है। जलमार्ग प्राधिकरण को यह भी सुझाव दिया गया है कि अब जो भी कैटामारन बोट की आपूर्ति की जाए, वह ओपन हो, इसमें पैट्री, शौचालय सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध हों, ताकि पर्यटक नदी की कल-कल जल पर तैरती हुई बोट को आसपास के रमणीक दृश्यों का अवलोकन कर सके। इस वर्ष मई से जून तक लगभग 32 करोड़ पर्यटकों ने यूपी के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इससे निवेश तथा रोजगार की संभावना को गति मिली है। पर्यटन के विविध आयाम पर तेजी से काम हो रहा है। देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों के सामने भ्रमण के असीमित विकल्प है। ओपन कैटामारन बोट आने के बाद पर्यटक खुले में जल भ्रमण का आनंद ले सकेंगे।

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आईडब्ल्यूएआई ने उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम को पिछले महीने अयोध्या और काशी में कैटामारन, जबकि प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बोट हैंडओवर किया था। प्रयागराज में दो मिनी क्रूज बोट में 30-30 लोगों व 06 मोटर बोट में 4 पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था है। इनके संचालन की प्रक्रिया पर्यटन निगम के द्वारा शुरू कर दी गई गई है। वर्षा ऋतु के बाद इनका संचालन शुरू किया जाएगा।

# पुलिस की लचर पैरवी से गैंगस्टर के आरोपी को जमानत!



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

भू-माफिया खलील टायर गैंगस्टर के एक मामले में विवेचक ने अदालत में अपना पक्ष मजबूती से नहीं रखा। इस बहुचर्चित मामले में विवेचक ने शिथिल पैरवी की। न्यायाधीश ने जमानत का पर्याप्त आधार पाते हुए गैंगस्टर के अभियुक्त का जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया। इससे गोण्डा पुलिस महकमे की किरकिरी हो रही है और लोगों द्वारा तरह-तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं। बताते चलें कि कुछ महीने पहले सरकारी जमीनों के सौदागर खलील टायर व उसके बेटे चांद बाबू पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू किया तो वह फरार हो गया था।खलील टायर के खिलाफ एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।इनमें से दस मुकदमों में उसका बेटा चांद बाबू भी आरोपी है।

जिसमे पांच मुकदमे में विवेचक ने एफआर लगा दी है।वही सर्वाधिक सात मामले फर्जीवाड़ा कर जमीनों के बैनामे से जुड़े हैं।इनमें नजूल की जमीनों के साथ-साथ तालाब की जमीनें भी शामिल हैं।वर्ष 2023 में लगातार एफआईआर दर्ज होने और पुलिस की सख्ती के चलते खलील टायर अपने बेटे चांद बाबू उर्फ तौफीक के साथ फरार हो गया था।

## गैंगस्टर के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने बढ़ाई निगरानी

इसी साल गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए निगरानी बढ़ाई थी।दो साल से पुलिस को इनकी तलाश थी और आखिरकार 6 सितंबर को बाप-बेटा नगर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आ ही गये।दरअसल नगर पुलिस को सूचना मिली कि भू-माफिया खलील टायर और उसका बेटा चांद बाबू अपने पटेलनगर स्थित घर में दोनों मौजूद हैं।इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी खलील टायर और उसके बेटे चांद बाबू के साथ दबोच लिया।दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया था। जिले का बहुचर्चित खलील टायर मामले में अब गोण्डा पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है।खाकी पर इल्जाम है कि वह अदालत में अपना पक्ष मजबूती से रख पाने में नाकाम रही।विवेचक की शिथिल पैरवी का फायदा अभियुक्त पक्ष को मिला और विद्वान न्यायाधीश ने जमानत का पर्याप्त आधार पाते हुए अभियुक्त खलील टायर का जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया।गैंगस्टर के अभियुक्त की इतनी आसानी से महज छह दिन में ही जमानत हो जाने से गोण्डा पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है और लोगों द्वारा तरह-तरह के सवाल भी खड़े किए जा रहे हैं।

### गाड़ियों का पंचर बनाने वाला खलील बना अरबपति

शहर में स्थित सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के पास गाड़ियों का पंक्चर बनाने वाला खलील देखते ही देखते अरबपति बन गया। सत्ताधारी पार्टी के दिग्गज नेताओं का करीबी होने के चलते पुलिस व प्रशासन ने खलील पर कभी हाथ नहीं डाला। साल 2001 ,2004 व 2009 में मारपीट समेत कई मामलों में एफआईआर दर्ज होने पर खलील का नाम चर्चा में आया लेकिन इसके बावजूद किसी भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वर्ष 2021 में धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने के बाद प्रशासन की नजरें खलील टायर पर टेढ़ी हुई तो लगातार कार्रवाई शुरू हुई। साल 2022 में धमकाने की एफआईआर के बाद 2023 में डकैती का एक केस दर्ज हुआ। अभिलेखों में हेराफेरी कर सरकारी जमीनें बेचने की 2023 में लगातार छह एफआईआर दर्ज हुई। इसके साथ ही इस साल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया।

### एसआईटी की जांच के बाद कसा शिकंजा

भू-माफिया खलील टायर ने शहर में जहां सरकारी जमीनों को बेचा,वहीं पटेलनगर में ईदगाह के पास तालाब की भूमि पर कुछ हिस्सों में बिना पार्किंग के ही तिरंगा कॉम्पलेक्स खड़ा कर लिया। प्रशासन ने इसकी भी जांच की, लेकिन सत्ता की दिग्गज नेताओं का संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रशासन की खलील टायर के आगे एक भी नहीं चली और मामला ठंडा बस्ती में चला गया। इसके अलावा लखनऊ समेत कई जिलों से खलील टायर के तार जुड़े हुए हैं। उसने निकाय के एक नेता से मिलकर जमीन की सौदेबाजी का काम शुरू किया और तत्कालीन सत्ता के करीब ही रहा। भू-माफिया खलील टायर सरकार के हिसाब से संबंध तय करता था।साल 2023 में एसआईटी ने भूमि बैनामों की जांच शुरू की तो वह कानूनी शिकंजे की गिरफ्त में आता गया। लेकिन सत्ता के दिग्गज नेताओं का संरक्षण प्राप्त होने के कारण खलील टायर खुले में घूमता रहा।

- भू माफिया के खिलाफ पांच मुकदमे में पुलिस ने लगाया एफआर
- गैंगस्टर के खिलाफ दर्ज हैं 12 मुकदमें

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसी को लेकर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान का गोंडा में आगमन हुआ।

उनके आगमन पर जरवल रोड में गोंडा की सीमा पर जिला अध्यक्ष भाजपा अमर किशोर कश्यप एवं विधायक करनैलगंज अजय कुमार सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपाइयों ने स्वागत किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। बालपुर बाजार के कार्यक्रम में कटरा बाजार विधायक बावन सिंह कर्नलगंज विधायक अजय सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन महामंत्री आशीष त्रिपाठी जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू बेचू लाल कश्यप धर्मपाल सिंह जसवंत लाल सोनकर आदि मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया के कैंप कार्यालय जयमहल में युवा मोर्चा के तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। प्रभारी मंत्री ने गोष्ठी के उद्बोधन में कहा कि नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय जननेता बन चुके हैं। उनके अथक परिश्रम की बदौलत आज देश नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बैठक में सांसद कैसरगंज करणभूषण सिंह जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी राकेश तिवारी उपाध्यक्ष अनुपम प्रकाश मिश्रा राजेश राय चंदानी जिला मंत्री विनय शर्मा मंशाराम वर्मा राजीव रस्तोगी अजय सिंह पिंकू राजेश तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कॉलेज पढ़ने गई छात्रा लापता, मुकदमा दर्ज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में कालेज पढ़ने गई एक छात्रा वापस घर नहीं लौटी,काफी खोजबीन के बाद कोई पता ना चलने से उसके भाई ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना थाना नवाबगंज अंतर्गत एक गांव से जुड़ी है। भाई ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते 14 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे उसकी बाइस वर्षीय बहिन कालेज में पढ़ने के लिए गई थी। लेकिन शाम तक वापस नहीं आई, जिस पर उसकी खोजबीन होने लगी। आसपास व रिश्तेदारों के यहां काफी ढूंढा गया। पीड़ित भाई ने बहिन को बरामद किये जाने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# 14 लोगों पर दर्ज हुआ फर्जी तरीके से जमीन हड़पने का मुकदमा

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

एसपी विनीत जायसवाल के आदेश पर नगर कोतवाली में 14 लोगो पर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के मुन्नन खा चौराहा निवासी लतीफुर्रहमान पुत्र अताउर्रहमान ने पुलिस अधीक्षक के यहाँ शिकायत किया कि उस के गाटा संख्या 770/ 0. 4090 है जो स्थित ग्राम गिर्द गोण्डा ग्रामीण के एक अंश 41 डिसमिल का स्वामी है। भूमि को अन्य सहखाते दारो ने अलग अलग समय पर रजिस्टर्ड बैनामा खरीदा है जिस के मूल अभिलेख मेरे पास है। उस पर उस का मकान दुकान बना है इस के अलावा कुछ जमीन खाली पड़ी हुई है। अन्य खाते दारो के भी अपने अपने क्रय किये अंश पर मकान और दुकान बने है।

कूट रचित दस्तावेज फर्जी तरीके से तैयार करा के अजीज अहमद, मजीद, रफीक ,शफीक ,वसीम पुत्र गण मो रमजान व नईम सगीर, शकील पुत्र गण खलील , हलीम पुत्र कलीम निवासीगण तोपखाना नगर कोतवाली मो जबिद पुत्र रियाज निवासी सलार पुरवा उमेद जोत नगर कोतवाली, अखलाक पुत्र अली रजा, संजय कुमार पुत्र जंगली प्रसाद, अब्दुल सलीम पुत्र मजीद निवासी गण पूरे शिवा बख्तावर नगर कोतवाली नसीम पुत्र अजीज निवासी झझरी ने 29 अगस्त 2023 को फर्जी कूट राजित दस्तावेज तैयार करा के बैनामा करा लिया।

## खबरें एक नजर में

### विश्वकर्मा जयंती पर एसपी ने की पूजा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर पूजा पाठ,हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार में आयोजित पूजन में सम्मिलित होकर विधि विधान से श्रद्धापूर्वक पूजन व हवन किया। साथ ही एसपी ने शस्त्रों का भी विधि विधान से पूजन किया। पूजन के उपरांत एसपी ने आरती की व सभी की कुशलता,कल्याण की भी प्रार्थना की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी पयागपुर राहुल पाण्डेय, प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी राज सिंह यादव, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 103 मरीजों की हुई निशुल्क जांच



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** आरोग्य भारती बहराइच एवं डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन ग्राम मोगलहा में किया गया। जिसमें लगभग 103 मरीजों का निःशुल्क उपचार एवं खून की जांच कर दवा वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ.आनंद कुमार चौरसिया, डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉ मनीष कुमार शुक्ला, डॉ. संदीप कुमार वर्मा, पीआरओ गौरव पाण्डेय, फार्मासिस्ट गुरु प्रसाद शुक्ला, अरुण यादव, महेंद्र कुमार शुक्ला,अंकित शुक्ला, लैब टेक्नीशियन, प्रधान छब्बन मौजूद रहे।

### कठौव्वा दोनक्का स्थिति भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के मंदिर प्रांगण में उत्तर प्रदेश विश्वकर्मा महासभा के तत्वाधान में आगामी भगवान विश्वकर्मा के प्रकट उत्सव पर्व को वैदिक परंपरा के अनुसार मंदिर के प्रबंध समिति के अध्यक्ष धर्मराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता एवं विपिन विश्वकर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया । सर्वप्रथम गणेश जी का आवाहन तत्पश्चात गौरी गणेश का पूजन एवं पंचोपचार तत्पश्चात सृष्टि कर्ता भगवान विश्वकर्मा का पंचगांव स्नान दुग्ध स्नान वैदिक हवन एवं 1008 नाम से आहुतियां दी गई। नगर के कठौव्वा स्थित मंदिर परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए धनराज विश्वकर्मा ने कहा की सृष्टि के निर्माण करता भगवान श्री विश्वकर्मा ने ही सर्वप्रथम स्वर्ग लोक की रचना की तत्पश्चात लंका तथा द्वारिका आदि अनेक पुरियो का निर्माण देवलोक के दृश्य शिल्पी विश्वकर्मा भगवान ने ही किया।

# गरीबों का आशियाना तोड़ा, पावरफुल को छोड़ा




**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

सरकार की मंशानुसार प्रदेश भर में जहां सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण के विरुद्ध जगह-जगह कड़ी कार्यवाही कर उसका ध्वस्ती करण किया जा रहा है तो वहीं गोंडा शहर में अवैध निर्माण व अतिक्रण के विरुद्ध प्रशासन कुछ दिखावे की कार्यवाही को छोड़कर सिर्फ कागजों में अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर बुलडोजर चला कर अपनी पीठ थपथपा रहा है। बता दे कि बीते दो अक्टूबर को एक आदेश के तहत शहर की नजूल भूमि एवं अन्य शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण तथा खड़े किए गए अवैध निर्माण के विरुद्ध मुख्य राजस्व अधिकारी व नजूल प्रभारी की अध्यक्षता में टीम का गठन कर अंबेडकर व दीवानी चौराहे समेत लखनऊ राजमार्ग के पटरिया पर 47 अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण किया जाना था।

जिसमें तीन दिन की कार्रवाई में बुलडोजर चलाकर कुछ अवैध निर्माण ढहा दिए गए वहीं चार अक्टूबर 2023 के बाद अभियान रोककर बाकियों को ऐसे ही छोड़ दिया गया। कि नगर प्रशासन की इस आधी अधूरी कार्रवाई पर चर्चा का बाजार गर्म है। जब कभी शिकायत होती है तो कुछ पर नोटिस दे व एक आधे के कुछ हिस्से को गिराकर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर इतिश्री कर ली जाती है।ऐसे ही कचहरी रेलवे स्टेशन के पास बृजेश अवस्थी के घर पर तो बुलडोजर चल गया और उसके मकान को ध्वस्त कर दिया गया है। लेकिन उसी पटरी पर बने मकानों के बिजली के मीटर के कनेक्शन तो काट दिए गए थे।लेकिन अब वह लोग चोरी से बिजली जला रहे हैं और इसी मकान में रह रहे हैं,सूत्र बता रहे है कि ना तो उनको नोटिस मिला है और ना उनके मकान पर अभी तक बुलडोजर चलाया गया है प्रशासन एक साथ दो प्रकार की कार्रवाई कर रहा है इसको लेकर लोगो के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्या बृजेश अवस्थी के लाइन में बने मकान को हटाया जाएगा ?वही अंबेडकर चौराहे पर बनी 47 दुकानों के बारे में जो दुकान बची हुई थी उसके बारे में सिटी मजिस्ट्रेट से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट रिट है रिट का जवाब लगेगा तो गिर जाएगा अगर अफरा तफरी में गिरा दिया जाएगा तो कहीं कंटेंट हो जाएगा तो क्या होगा ? वही बृजेश अवस्थी के ध्वस्त मकान के साइड में बने 22 मकान के बारे में जानकारी ली गई तो बताया जांच चल रही है नोटिस भेजी जाएगी अभी नोटिस भेजी नहीं गई है। यह बड़ा सवाल है जिसका संतोष जनक उत्तर देने से जिम्मेदार कतराते हुये नजर आ रहे हैं।

## तेल चोरी करने वालों का गिरोह सक्रिय, कई वाहनों को बना रहे निशाना

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले में हाईवे के किनारे खड़े वाहनों से तेल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। यहां रात के समय गाड़ियों से तेल चुराने की वारदातें सामने आ रही है। जिससे पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठ रहे हैं और लोगो में तरह तरह की चर्चा हो रही है। ताजा मामला कर्नलगंज से परसपुर- नवाबगंज हाइवे से जुड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार- मंगलवार की बीती रात्रि में कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के अंर्तगत डैनियागंज (नचनी) स्थित प्रदीप गोस्वामी के घर के पास सड़क किनारे खडे चौपहिया वाहन संख्या यूपी 43 टी 8076 से करीब 52 लीटर डीजल कीमत 4630 रुपए चोरों द्वारा चोरी कर निकाल लिए जाने का हैरत अंगेज मामला सामने आया है। घटना के भुक्तभोगी वाहन मालिक व चालकों ने बताया कि उक्त स्थानों पर उनकी गाड़ी रात्रि में खड़ी थी,सुबह जब गाड़ी को स्टार्ट करने की कोशिश की गई तो गाड़ी स्टार्ट नहीं हो पाई तो उन्होंने गाड़ी की डीजल की टंकी देखी तो डीजल नहीं मिला। रगड़गंज में शिवानी पेट्रोल पंप के पास लगे सीसीटीवी कैमरे देखें तो उसमें चौपहिया वाहन से कुछ लोग उक्त गाड़ी के पास जाते हुए दिखाई दिए,फिर इसके बाद गाड़ी से अज्ञात चोर डीजल की चोरी कर ले जाते हुए दिखाई पड़े। इस घटना से वाहन चालकों में हड़कंप मचा है।



## स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** वजीर गंज ब्लाक के सभागार में स्वच्छता की शपथ रवि प्रकाश मिश्र सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने दिलाई। उन्होंने कहा कि आज से स्वच्छता की सेवा का कार्यक्रम की शुरूआत हो गई है जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके लिए कौन कौन सा कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में होना है इसकी पूरी रूपरेखा बनाई गई है जिस की जानकारी सफाई कर्मचारियों एव ग्राम पंचायत अधिकारी , ग्राम विकास अधिकारी को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की जिम्मेदारी सभी नागरिकों की है। घरों से निकलने वाला कूड़ा हर स्थान पर न फेका जाये। इन का स्थान चिन्हित है वही पर फेंका जाये। तभी भारत स्वच्छ और सुंदर बनेगा। स्वच्छता की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने भी दिया। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष शनि राम, सुनील कुमार, अच्युतानंद शुक्ला संजय शुक्ला, गणेश प्रसाद ,संजय शुक्ला, पंकज सिंह ,विनोद कुमार, धर्म दत्त मिश्रा, राम भवन, अमर नाथ यादव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सांड का आतंक, महिला को सांड ने पटककर मार डाला

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के ग्राम पंचायत बेहोरिकापुर के इमामगंज निवासी एक महिला मंगलवार सुबह अपने घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकली। इमामगंज रोड पर टहलते समय सांड ने हमला कर दिया। कई बार सींग से पटक दिया। महिला की सांड के हमले में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहोरिकपुर के इमामगंज निवासी कुसुमा देवी (35) राजू पाल प्रतिदिन की तरह मंगलवार सुबह उठी। इसके बाद वह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली। आसपास के लोगों ने डंडे मारकर सांड को भगाया। इसके बाद परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। सांड के हमले में घायल महिला को सीएचसी नानपारा पहुंचाया। सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि महिला को एक बेटी जस्मीन जिसकी उम्र 18 वर्ष और एक बेटा समद उम्र लगभग 13 वर्ष है। उप निरीक्षक राजेश पांडेय ने बताया कि महिला पर सांड ने पीछे से हमला किया है।

# लाभार्थियों को सौंपी पीएम आवास ग्रामीण की चाभी

- विधायक व प्रमुख ने वितरण की लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र




**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

ब्लाक कार्यालय सभागार विशेश्वरगंज में मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी का उड़ीसा से वर्चुअल संबोधन का प्रसारण देखा गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार के तीसरे टर्न के कम समय में देश के पंद्रह लाख परिवारों को पक्का मकान मिल गया है।

तथा कुछ लोगों को मकान मिलना पक्का हो गया है। उन्होंने कहा कि आज मेरे जन्म दिन के अवसर पर मेरी मां का न होना याद आ रहा है,क्योंकि मेरे जन्मदिन पर हमेशा मुझे खीर खिलाती है,आज मेरी मां की अनुपस्थिति में एक आदिवासी मां ने मुझे खीर खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी , ब्लाक प्रमुख वंदना पांडेय द्वारा पीएम आवास ग्रामीण के तहत पक्का मकान बनाने वाले लाभार्थियों को चाभी,नए लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय,खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी ,ग्राम सचिव महेश प्रताप सिंह, सतवंत सिंह,अरुण कुमार पांडेय,भूपेंद्र तिवारी,लक्ष्मी नारायण ,प्रवीण त्यागी,ग्राम प्रधान गंगवल सिराज,विजय शंकर दूबे,अखिलेश पांडेय,धन लाल पांडेय,राजू सिंह,प्रधान प्रतिनिधि संजय शुक्ल आदि उपस्थित रहे।



## दो दिन से लापता ग्रामीण का गड्ढे में मिला शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के ग्राम पंचायत लौकिहा निवासी एक ग्रामीण दो दिन पूर्व घर से निकला था। लापता युवक का मंगलवार सुबह शव तटबंध के निकट पानी भरे गड्ढे से बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम लौकिहा के मजरा पश्चिमी लौकिहा निवासी राधेश्याम (45) पुत्र बहादुर रविवार शाम को सात बजे घर से नित्य क्रिया के लिए निकला था। लेकिन वह घर नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। गायब राधेश्याम की तलाश में परिवार के लोग लगे हुए थे। मंगलवार सुबह उसका शव बेल्हा बेहरौली तटबंध के निकट गड्ढे में पानी में उतराता मिला। आसपास के लोगों ने मृतक की पहचान राधेश्याम के रूप में की। पत्नी ज्ञानवती की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह का कहना है कि पानी में डूबने से ग्रामीण की मौत हुई है।

# ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष बने अजीत व महामंत्री बने जय प्रकाश

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष बने अजीत प्रताप सिंह, ममता पाण्डेय व जय प्रकाश सिंह महामंत्री बने। सुरेश्वर सिंह विधायक महसी संरक्षक बने। जनपद में ब्लाक प्रमुख संघ की जिला इकाई का गठन सम्पन्न हो गया, जिससे हुजूरपुर के ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष चुना गया।

जबकि ममता पाण्डेय ब्लाक प्रमुख तेजवापुर व जय प्रकाश सिंह ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जिला महामंत्री चुने गये। जनपद के ब्लाक प्रमुखों की बैठक लेजर रिसार्ट में सम्पन्न हुई। बैठक में महसी विधायक सुरेश्वर सिंह को प्रमुख संघ का संरक्षक मनोनीत किया गया। अध्यक्ष पद पर अजीत प्रताप सिंह को चुन लिया गया जबकि महामंत्री पद के लिए ममता पाण्डेय व जय प्रकाश सिंह को सर्व सम्मत से चुना गया।

अन्य पदाधिकारियों में वंदना पाण्डेय, प्रमुख विशेश्वरगंज, अभिषेक वर्मा प्रमुख मिहीपुरवा, विजय कुमार वर्मा ब्लाक प्रमुख बलहा उपाध्यक्ष पद के लिए चुने गये। रीना जायसवाल प्रमुख रिसिया को कोषाध्यक्ष जबकि संदीप सिंह प्रमुख कैसरगंज व हरीराम आर्य को मत्री पद पर मनोनीत किया गया।

कार्यकारणी सदस्यों में कृष्णा देवी प्रमुख महसी, रेनू सिंह प्रमुख फखरपुर, गीता देवी, दीपेन्द्र वर्मा व सरिता यज्ञसैनी को चुना गया। अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी व सदस्य संगठन को मजबूत करते हुए जनता के हित में कार्य करेंगें।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**बहराइच।** भाजपा के द्वारा प्रधानमंत्री का जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में सभी जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जा रहा है। मंगलवार सुबह 11 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे की अध्यक्षता में जिला अस्पताल में युवा मोर्चा के संयोजक अरुडेन्द्र सिंह अंकित के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी द्वारा रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल में रक्तदान किया। वही सांसद डॉ आनंद गोंड के द्वारा अस्पताल में फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद जिला हॉस्पिटल आयुर्वेद यूनानी चिकित्सालय के निकट विकास भवन के पास सांसद डॉ आनंद गोंड, ने जिला पदाधिकारी के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# भाकियू की मांग, मृतक परिवार के आश्रितों को मिले मुआवजा

- भाकियू कार्यकर्ताओं की धरना स्थल में हुई मासिक पंचायत



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन भानु इकाई के पदाधिकारी एवं किसान कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत जिला मुख्यालय स्थित धरना स्थल में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पती राम चौधरी ने की। बैठक में टाइफाइड व डेंगू जैसी जान लेवा बिमारी की समस्या तथा छुट्टा पशुओं के साथ ही क्षेत्र में तथा जिले में विभिन्न समस्याओं के निराकरण के मुद्दा उठाया गया। इसके बाद दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।भारतीय किसान यूनियन भानु इकाई के किसान कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई। किसानों व आमजन के विभिन्न समस्याओं को लेकर विशेष चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पती राम चौधरी ने बताया कि प्रत्येक महीने मे किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर मासिक पंचायत जिला मुख्यालय पर किया जाता है। बैठक में वर्तमान में भीषण गर्मी व बरसात में साफ सफाई न होने की वजह से संचारी रोगों ने पैर फैला दिया है जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में टाइफाइड तथा डेंगू जैसी गंभीर बीमारी की वजह से आम जन परेशान है।इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों व शहरी क्षेत्र में एंबुलेंस मोबाइल सेवाएं कराने व छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में आश्रित करने के साथ ही आदमखोर भेड़ियो से प्रभावित क्षेत्र में जनहानि हुए परिवारों को 10 लाख रुपए तथा घायलों को पांच लाख रुपए देने की मांग की। मासिक पंचायत के बाद 10 बिंदुओं को लेकर ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार सुरेंद्र यादव सदर को सौंपा गया।

किसान पंचायत के मौके पर प्रदेश प्रवक्ता शिवभूषण सिंह, लीला सिंह, मोहम्मद शाहिद खान, ओमकार यादव, कृष्ण कुमार साहू, दधीच कुमार श्रीवास्तव, सीमा सिंह, आफताब, आलम, छेदी राम आर्या,लल्लन प्रसाद फौजी, कासिम खां, अल्ताफ अहमद,रमेश तिवारी, शांति देवी, आसमा बेगम, सरोज सिंह, गोली खां, दीपक पाण्डेय, आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री बनने पर पहली बार रायबरेली पहुंचे राकेश सचान

# खाली पड़ी जमीन पर लगेंगे उद्योग, ग्रामीण को मिलेगा मौका



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश सरकार के लघु और सूक्ष्म उद्योग मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद, उन्होंने जिला अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन किया और जीआईसी में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और अन्य अधिकारी तथा भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### सरकार की 27 नीतियों को ऑनलाइन किया गया

एमएसएमई के संदर्भ में उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी से चर्चा करके, ग्राम सभा की खाली पड़ी जमीन पर लघु और कुटीर उद्योग स्थापित करने की योजना बनाई जाएगी। इसके साथ ही सड़क, बिजली और पानी की सुविधाओं के लिए आवश्यक बजट भी विभाग से प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के तहत विभिन्न क्लस्टर बनाए गए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में जो लोग छोटे कुटीर उद्योग लगाना चाहते हैं, उन्हें जमीन प्रदान करने की व्यवस्था जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की जाएगी।

सरकार की 27 नीतियों को ऑनलाइन किया गया है और लोगों को जागरूक करने के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करके उद्यम पोर्टल पर जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा, जिला उद्योग और खादी ग्राम उद्योग कार्यालय पर जाकर भी योजनाओं के बारे में जानकारी ली जा सकती है।

**मीडिया से बातचीत में बोले राकेश सचान...**

प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने मीडिया से बातचीत में रायबरेली में बंद पड़े और लगातार बंद चल रहे छोटे और बड़े उद्योगों के मुद्दे पर कहा कि वे शीघ्र ही जिला प्रशासन के साथ मिलकर उद्योगपतियों के साथ एक बैठक आयोजित करेंगे। उन्होंने बताया कि बड़े उद्योगों के बंद होने की वजहों की समीक्षा की जाएगी और यह भी देखा जाएगा कि उन्हें दोबारा कैसे चालू किया जा सकता है।

### पीएम के जन्मदिन पर दी सफाई पखवाड़े की जानकारी

इससे पहले, प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सफाई पखवाड़े की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज जिले के विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिन्हें भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता संचालित कर रहे हैं।

## विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री का मनाया गया जन्म दिवस

**डलमऊ,रायबरेली।** जगत शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर नगर पंचायत डलमऊ में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा मनाया गया 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा की जयंती एवं प्रधानमंत्री के जन्मदिवस नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस होने के चलते नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में डलमऊ के पक्का घाट संकट मोचन घाट पथवारी घाट वीआईपी घाट सहित अन्य घाटों की साफ सफाई कर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा मनाया गया।

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रोगी सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रोगी सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया गया इस दौरान डॉक्टर अरविंद राजवंशी के द्वारा अपने व्यक्तिगत अनुभव बताए गए तथा छोटी-छोटी चीजों को सही तरीके से करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। रोगी और डॉक्टर की सुरक्षा महत्वपूर्ण है ताकि हम अस्पताल में रहने और रोगियों तथा सरकार के खर्चों में कटौती कर सकें। नोडल अधिकारी डॉ. सुयश ने चेकलिस्ट के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बताया कि रक्त आधान, ओटी, ओपीडी तथा यहां तक कि भवन, अग्नि और अन्य इंजीनियरिंग पहलुओं के रखरखाव में सुरक्षा और गुणवत्ता सेल कितना महत्वपूर्ण है। श्री अभिषेक ने नर्सिंग अनुभाग में नेतृत्व किया तथा एम्स रायबरेली में रोगी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम और चेकलिस्ट तैयार की।

# साइकिल की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

▸ विकराल आग पर घंटा पर मेहनत करने के बाद काबू पाया जा सका



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शहर कोतवाली क्षेत्र के सुपर मार्केट में एक साइकिल की दुकान में अज्ञात कारण से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे आसपास अफरा तफरी मच गई। जैसे तैसे आग पर काबू पाया गया। इस दौरान सारा सामान जल चुका था।

घटना सोमवार को रात करीब नौ बजे की है। सुपरमार्केट में साइकिल का काम करने वाले शिवकुमार रोजाना की तरह दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। घर जाने के बाद उन्हें सूचना मिली की दुकान के अंदर आग लग गई है। उन्होंने बताया कि जैसे वह दुकान पर पहुंचे तो दुकान को भयंकर आग ने घेर रखा था। मौके पर मौजूद लोगों ने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर कर्मी जैसे ही मौके पर आए आग बुझाने में लग गए। विकराल आग पर घंटा पर मेहनत करने के बाद काबू पाया जा सका। दुकान के मालिक शिवकुमार ने बताया कि उनके दुकान में साइकिल व साइकिल बनाने का सामान रखा हुआ था, जो पूरी तरह जल चुका है। लगभग 20 से 25 लाख रुपये तक का सामान जलकर नष्ट हो गया है। गनीमत रही कि इस आग में कोई जन हानि नहीं हुई।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, ट्रामा रेफर

शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

तेज रफ्तार का एक बार फिर कहर देखने को मिला है बांदा बहराइच हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जगमोहनगंज मजरे बंकागढ़ गांव के रहने वाले रामचंद्र यादव का छोटा बेटा अमित यादव उम्र लगभग 24 वर्ष भवानीगढ़ चौराहा से अपने घर वापस जा रहा था तभी गूढ़ा गांव के निकट जनता इंटर कॉलेज के पास बछरावां की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया।

जहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसका प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया वही इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ श्याम कुमार पाल ने बताया कि एक्सीडेंट की घटना की जानकारी हुई थी लेकिन अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# पति की मार से तंग आकर पत्नी ने घोटा अपने सुहाग का गला

### पुलिस ने हत्या के मामले में महिला को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

आये दिन शराबी पति की मार से प्रताड़ित पत्नी ने तंग आकर अपने ही हाथों अपने सुहाग का गला घोंट दिया। पुलिस ने गिरफ्तार की गई महिला को हत्या के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

मामला सलोन थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी का है। जहाँ पर नरसिंह यादव 8 साल से अपनी दूसरी पत्नी बिमला के साथ रह रहा था।

15 सितंबर को बिमला ने सलोन थाना क्षेत्र में फ़ोन करके जानकारी दी कि उसके पति नरसिंह की अज्ञात कारण से मौत हो गई है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया। मृतक नरसिंह की पहली पत्नी पुष्पा देवी ने बिमला देवी पर हत्या का शक जाहिर किया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस पूछताछ मे महिला के कबूला हत्या की बात

पुलिस ने जांच में पाया कि नरसिंह की हत्या का दोषी कोई और नहीं बल्कि उसकी दूसरी पत्नी बिमला ही है। पुलिस ने 16 सितंबर को बिमला को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। पुलिस द्वारा की गई कड़ाई से पूछताछ के बाद बिमला ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। हत्या की बात कबूल करने के बाद बिमला ने पुलिस को यह बताया कि उसका पति शराबी था। रोज वह शराब पीकर आता और उसे मारता पीटता था। हद तो तब हो गई जब उसने शराब के चक्कर में इसके मायके से आई चांदी की पायल भी बेच डाली और उससे शराब पी ली। इस बात से रोजाना दोनों के बीच में झगड़ा होता था। खुद ही दी थी पुलिस को सूचना 15 सितंबर की रात को नरसिंह घर में शराब पीकर आया था। रात को 10:00 बजे दोनों की बीच लड़ाई झगड़ा हुआ।

नरसिंह ने मारपीट में उसका गला दबाकर मारने की कोशिश की तो है वह किसी तरह अपने आप को छुड़ा पाई। इसके बाद उसने मौका पाकर नरसिंह का ही गला दबा दिया और कुछ देर बाद देखा कि नरसिंह मर चुका था। नरसिंह की हत्या में उसका हाथ ना हो इसके लिए उसने ही पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने बिमला के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया है।

## खबरें एक नजर में

### महिला ने खाया जहर हालत गंभीर

**महराजगंज,रायबरेली,** कोतवाली क्षेत्र की महिला ने खाया जहर हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर। श्याम कली पत्नी विजय कुमार उम्र30 वर्ष निवासिनी भदिया महराजगंज ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया आनन-फानन परिजनों द्वारा रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### काशी में इंद्रेश भदौरिया व शिवनाथ सिंह शिव सम्मानित



**महराजगंज,रायबरेली।** क्षेत्र के सम्मानित अवधी रचनाकार इंद्रेश भदौरिया और शिवनाथ सिंह शिव को वाराणसी में आयोजित काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच की 125 वीं गोष्ठी में अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर स्मृति चिन्ह समर्पित कर सम्मानित किया गया जिसकी अध्यक्षता भी इन्द्रेश भदौरिया ने की,मुख्य अतिथि शिवनाथ सिंह शिव विशिष्ट अतिथि सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध व संचालन संस्था के महासचिव गजलकार गोपाल केशरी ने किया उपस्थित कवियों और शायरों में हास्य व्यंग्य कवि भुलक्कड़ बनारसी, दिनेश दत्त पाठक, गजलकार गोपाल केशरी,इन्द्रेश भदौरिया, शिवनाथ सिंह शिव, शायर जमाल बनारसी, तनवीर लोहतवी, दीपक दबंग, रविकान्त मिश्रा, आनंद कृष्ण श्रीवास्तव मासूम बैजनाथ श्रीवास्तव, विश्व मोहन गौड़, वाहिद इकबाल लोहतवी, विमल बिहारी, विनित मिश्रा, रामनारायण पाण्डेय, सत्यनारायण, व किशन यादव इत्यादि रहे।

### भाजपा नेता ने किया प्रतिज्ञा हॉस्पिटल का उद्घाटन

**महराजगंज,रायबरेली।** प्रतिज्ञा हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन हुआ। महराजगंज कस्बे में चंदापुर रोड निकट पशु चिकित्सालय के सामने प्रतिज्ञा हॉस्पिटल का उद्घाटन फीता काटकर भाजपा नेता दिनेश सिंह द्वारा किया गया हॉस्पिटल संचालक नलिन प्रताप त्यागी ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में जनरल वार्ड प्राइवेट वार्ड सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा व भर्ती सुविधा उपलब्ध है ।अब मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा उनको कस्बे में ही उचित रेट पर इलाज मिलता रहेगा। इस मौके पर जय सिंह साजू सिंह अशोक भारती रामबरन पासी सतीश सिंह सतीश यादव मनोज पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विश्वकर्मा भगवान की तरह राष्ट्र का निर्माण कर रहे पीएम: प्रभात साहू

**महराजगंज,रायबरेली।** विश्वकर्मा जयंती एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर महाराजगंज के लोकप्रिय नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजूदा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर भर्ती हुए मरीजों को फल वितरण किया। तथा उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी तथा विश्वकर्मा जयंती की भी सभी नगर वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि आज का दिन बहुत ही विशेष दिन है क्योंकि आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस है और साथ-साथ निर्माण और सृजन के भगवान विश्वकर्मा जी की भी जयंती है ।

# स्वच्छ भारत मिशन की वर्षगांठ पर सफाई अभियान शुरू

उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।



स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर स्वच्छता अभियान उतरौला नगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन से शुरू हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता व प्रतिनिधि अनूपचंद गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा के साथ मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उतरौला नगर में स्थित गांधी पार्क में श्रमदान देते हुए साफ सफाई की गई एवं उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता के प्रति शपथ ली। चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम होगी स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता। यह अभियान 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती पर संपन्न होगा। स्वच्छता अभियान में इस वर्ष अधिक से अधिक जन-भागीदारी पर और स्थानीय निकायों की भागीदारी पर जोर दिया जाएगा।

अभियान के दौरान जन-जन को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने के लिये प्रेरित करने के साथ क्षेत्र में सभी स्तर पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने कहा कि पालिका के सभी कर्मचारियों ने आज गांधी पार्क में श्रम दान कर परिसर की सफाई की। जल स्त्रोत की विशेष रूप से सफाई की गई है। ईओ राजमणि वर्मा ने कहा कि नगर क्षेत्र में इस तरह के कार्य पूरे पखवाड़े में किए जाएंगे। बीजेपी नगर अध्यक्ष सीबी माथुर, जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, सभासद दुर्गा प्रसाद, अल्ताफ अहमद, सिराजुद्दीन, राज कुमार, काजे, पालिका कर्मी कर्मी नीरज कुमार गुप्ता, उमाशंकर सिंह, भुवन चंद त्रिवेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा मोरया... जयकारों के साथ निकाली विसर्जन यात्रा

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



शहर में गणपति महोत्सव की धूम है गणपति बप्पा मोरया...अगले बरस तू जल्दी आ..के जयकारों के साथ विसर्जन यात्राएं निकाली जा रही हैं। श्रद्धालु बैंडबाजों के साथ गणपति को विदा करने के लिए गंगा घाटों पर पहुंचे आपको बता दें कि गणेश चतुर्थी को स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का मंगलवार को भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ गेंगासो गंगा घाट मे विर्सजन कर दिया। इस दौरान भक्तों ने जुलूस भी निकाला। जिसमें भक्ति गीतों पर अबीर और गुलाल उड़ा कर युवा युवा खूब झूमे। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद दोपहर में भगवान गणेश की प्रतिमा को वाहन पर लाद कर भक्त गेंगासो घाट पर विसर्जित करने के लिए निकल पड़े। । इस दौरान भक्त अबीर-गुलाल की जमकर होली खेली। भक्ति गीतों पर झूमकर नाचे। इसके बाद शाम को मंदिर पर ही भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे और आसपास के गांवों के लोगों के अलावा राहगीरों व यात्रियों ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भंडारा चलता रहा।

## जुलूस के दौरान विवादित नारेबाजी करने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उतरौला ,बलरामपुर।** थाना कोतवाली उतरौला में सोमवार को पंजीकृत अभियोग विवरण वादी मुकदमा अभिषेक गुप्ता सिद्धि विनायक सेवा समिति पूजा पंडाल मोहल्ला गांधीनगर थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर ने दिनांक घटना 16.09.24 को समय 13.00 बजे अज्ञात विपक्षीगण द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाकर माहौल खराब करने तथा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास करने संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार मुस्लिम समुदाय के अज्ञात विपक्षी गण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक सजंय दुबे ने बताया कि अभिषेक गुप्ता के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया।

# आधुनिक विकसित भारत के शिल्पकार है पीएम : विवेक विकम सिंह

रायबरेली, समृद्धि न्यूजद्ध

▸ प्रधानमंत्री की दृढ इच्छा शक्ति से ही आज हमारी पहचान विश्व पटल पर हुयी स्थापित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74वॉं जन्म दिवस जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, वैक उपाध्यक्ष सुशील शर्मा निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामदेव पाल बैक डारेक्टर राघवेन्द्र प्रताप सिंह जिला मिडिया प्रभारी विजय बाजपेई ओम प्रकाश तिवारी के साथ वृद्धा आश्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्र पर टीका लगाकर केक काटकर फल एवं मिटाई वृद्धजनो में बाटकर मनाया आश्रम में उपस्थित माता एवं पिता तुल्य वृद्ध जनो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये द्वीघायु होने की कामना की जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने कहा की अखण्ड/विकसित भारत के निर्माता नरेन्द्र मोदी के हाथो देश की जनविश्वास यह दर्शाता है, कि आज का भारत प्रधानमंत्री के हाथो में सुरक्षित एवं विकसित है।

प्रधानमंत्री की दृढ इच्छा शक्ति के कारण ही आज हमारी विश्व पटल पर एक अलग पहचान स्थापित हुयी है। उन्होने कहाँ जिला सहकारी बैक परिवार की तरफ से हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के उत्तम स्वास्थ दीघायु होने की प्रार्थना करते है। बैक उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहाँ की जिला सहकारी बैंक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवारा के रूप में मनायेगा। निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामदेव पाल जी ने कहा की भारत की जनता की जनअकांक्षाओ को पूरा करने हेतु दृढ संकल्पित है।

बैक डारेक्टर राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाँ की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब किसान नौजवान सबके चेहरे पर खुशहाली है। जिला मीडिया प्रभारी विजय बाजपेई ने आये हुये समस्त अतिथियों का अभार ब्यक्त किया। इस अवसर पर रामबली सिंह जी ने वृद्धा आश्रम के सभी वृद्धजनो के साथ बैठकर भजन कीर्तन करते हुये प्रधानमंत्री के दीघायु एवं सफल होने की कामना की।

### खुली बैठक में सहायक पंचायत से दबंगों ने की अभद्रता

**हरैया सतघरवा,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत धनघटा ब्लॉक हरैया सतघरवा में आजआवास के संबंध में खुली बैठक दिन में 1:00 की गई, बैठक में ग्राम पंचायत सचिव और नोडल अधिकारीको-ऑपरेटिव उपस्थित थे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आलोक मिश्रा जोकि वर्तमान में ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक भी है आलोक मिश्रा का छोटा भाई दीपक मिश्रा दोनों ने मिलकर पंचायत सहायक आंचल मिश्रा के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली गलौज किया साथ ही पंचायत सहायक के पिता वहां पर आए तो उनके साथ भी गाली गलौज किया और उन दोनों को मारने पीटने और पंचायत सहायक के पिता को हत्या , बलात्कार एवं अन्य फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दोनों भाई दे रहे हैं। आज तक ग्राम पंचायत घनघटा में पंचायत भवन संचालित नहीं है ग्राम पंचायत से बाहर किसी ऊ से भुगतान किया जा रहा है।

# ग्रामीण इलाकों में एएनएम सेंटर भवन की कमी

उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर इट ई, मनियरिया, पुरैना, बायभीट में एएन एम सेन्टर का भवन आजादी के बाद से आज तक नहीं बन पाया। विभाग ने एएन एम भवन न होने पर इस केंद्र पर एएन एम की तैनाती कर रखी है लेकिन भवन के अभाव में इस क्षेत्र की बीसों हजार महिलाओं को स्वास्थ्य सेवा का लाभ नहीं मिल पाता है। इस क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का समुचित स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हो पाता है। शासन के निर्देश पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण समय से नहीं किया जाता है। इस क्षेत्र में तैनात एएन एम किसी तरह गांव में घूमकर टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं का परीक्षण करती है।

रमेश, अब्दुल गनी, महेश कुमार, सीताराम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग इस केंद्र पर एएनएम भवन के निर्माण में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज अधीक्षक ने बताया कि एएनएम सेन्टर बनाने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। इसके लिए धन मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# ड्रोन की निगरानी में गणेश विसर्जन जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।



उतरौला बाजार में मंगलवार को गणेश चतुर्थी के समापन अवसर पर गणेश प्रतिमा विसर्जन का जुलूस बड़े ही धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ निकाला गया। यह जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होकर डाकखाना, चांद मस्जिद, बड़ी मस्जिद, ज्वाला महारानी मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर गोंडा मोड़ जैसे प्रमुख स्थलों से गुजरते हुए पिपरा घाट पहुंचा, जहां भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर जमकर अबीर गुलाल उड़ाए गए, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है, और जिसने आयोजन को और भी भव्यता प्रदान की। कल के जुलूसे मोहम्मदी के दौरान हुई देश विरोधी नारेबाजी से सबक लेते हुए प्रशासन ने इस बार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जुलूस मार्ग के हर महत्वपूर्ण स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावा, जुलूस की पूरी निगरानी ड्रोन कैमरों के जरिए की जा रही थी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। ड्रोन कैमरों की मदद से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई और सुरक्षा बल हर समय चौकस रहे।पिपरा घाट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। विसर्जन से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की आरती और पूजन किया, और सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भगवान गणेश की विदाई करते समय श्रद्धालुओं के मन में अगले वर्ष उनके पुनः आगमन की उम्मीद थी। उतरौला बाजार में गणेश विसर्जन का यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक था, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश भी दे गया। पुलिस प्रशासन की सूझबूझ और सुरक्षा प्रबंधन की बदौलत यह आयोजन शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर का महत्व और भी स्पष्ट हुआ।जूलूस के दौरान सीओ राघवेंद्र सिंह,प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता,संतोष कशौधन,शिव कुमार कशौधन,फरीन्द्र गुप्ता,रितिक कशौधन, उज्जवल सोनी,अमित कुमार,रोहित राज गुप्ता,विष्णु गुप्ता समेत भारी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे।



## ग्रामीण क्षेत्र में मनाई गयी विश्वकर्मा जयंती

**महुआ बाजार, बलरामपुर।** पूरे क्षेत्र में आज भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े धूम धाम से मनाया गया। हर जगह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा का झांकी सजा कर भ्रमण किया गया। जगह जगह भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। बकसरिया, पिपरा राम, हासिन पारा, चिरकुटिया, पुरैना बुलंद, बांक भवानी,, महुआ बाजार, बभनी बुर्जुग, महुआ धनी मे आयोजित भजन कीर्तन में बहुत लोग प्रतिभाग किए। कथा, प्रवचन, के साथ साथ फलों का वितरण प्रसाद स्वरूप किया गया। कुछ जगह श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारे का भीं आयोजन किया गया है। राजेश चौधरी, अमरेश चौधरी, उपेन्द्र कुमार चौधरी, धोखे राम विश्वकर्मा, सागर विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोगों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की झांकी सजाई गई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत अल्लानगर फगुइया वि.ख. उतरौला बलरामपुर

### अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 ग्राम पंचायत अल्लानगर फगुइया द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त आयोग पंद्रहवां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत सचिवालय/सामुदायिक शौचालय, गौ पशु आश्रय, भूसा, दाना/चुन्नी चोकर गौशाला एवं नाली के निर्माण कार्यों मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा ईंट, ईट गिट्टी, मोरंग, सरिया, अष्टम, भूसा, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग रोड, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, साइन बोर्ड ह्यूम पाइप, मनरेगा चुना/चुगी कार्य,हैण्डपम्प मरम्मते रीबोर विद्यालय कायाकल्प रंग,पेंट, बिजली के सामान, सीमेन्ट के सामान पोकर इत्यादि की आपूर्ति की आवश्यकता है सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत फर्मों से निविदा/ कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निविदा दिनांक 19.09.2024 को अपरान्ह तीन बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स में जमा किया जायेगा तत्पश्चात् दिनांक 22.09.2024 अपरान्ह 03:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग-अलग होगी। किसी भी निविदा/कोटेशन को स्वीकृत करने का या सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार पंचायत में निहित होगा।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
| --- | --- |
| ज्ञानेन्द्र प्रसाद वर्मा | चन्द्र प्रकाश मौर्या |
| ग्राम पं. अल्लानगर | ग्राम पं. अल्लानगर |
| फगुइया वि.ख. उतरौला | फगुइया वि.ख. उतरौला |
| जिला बलरामपुर | जिला बलरामपुर |

## आम सहमति बने

निस्संदेह, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। तीसरे कार्यकाल के सौ दिनों के बीच सरकार के कई फैसलों पर गठबंधन धर्म की गांठें नजर आई हैं। एक दशक की स्वच्छंद कार्यशैली के बाद अब भाजपा सहयोगी दलों पर निर्भर नजर आ रही है। कहीं न कहीं बदले हालात में पार्टी कई मुद्दों पर यू टर्न लेते हुए भी नजर आई। बहरहाल, लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को बेफिक्र दिखाने की बेताब कोशिश में पार्टी ने एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे- एक राष्ट्र,एक चुनाव- के मुद्दे को हवा दे दी है। पिछले दिनों स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राजनीतिक दलों से इस पहल का समर्थन करने के लिये एकजुट होने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि देश में वर्ष पर्यंत चलने वाले चुनाव भारत की प्रगति में बाधक बन रहे हैं। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है। अब इसे राजग का आशावाद कहें या अति आत्मविश्वास, जो उन्हें इस तथ्य को नजरअंदाज करने देता है कि कई राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराने का विरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिये भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है। सर्वविदित है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस विरोध जनाधार बढ़ाने के बावजूद भाजपा देश का प्रमुख राजनीतिक दल बना हुआ है। ऐसे में अगर मतदाता दो साल के बजाय पांच साल में अपने मताधिकार का प्रयोग करता है तो इसका भगवा पार्टी को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है। राजनीतिक पंडित राजग सरकार की एक राष्ट्र,एक चुनाव की मुहिम के पीछे ऐसी ही सोच बताते हैं। यह भी हकीकत है कि संसदीय चुनाव और विधानसभा चुनाव में अकसर अलग-अलग मुद्दे प्रभावी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराये जाने पर एनडीए के साथ गठबंधन न करने वाली क्षेत्रीय पार्टियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। निस्संदेह, लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों के लिये समान अवसर उपलब्ध होना जरूरी है। यह भारतीय जनता पार्टी के हित में होगा कि वह एक राष्ट्र,एक चुनाव, के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिये कड़ी मेहनत करे। साथ ही इसके व्यावहारिक पहलुओं को लेकर हितधारकों द्वारा उठाये गए संदेहों को दूर करने का प्रयास करे। निश्चिय ही यह राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत हुआ है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खर्चीले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर इसके लागू होने से भारतीय संघीय ढांचे के लिये जो चुनौती पैदा होगी, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैसे इस बार यदि केंद्र सरकार हरियाणा व जम्मू कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र व झारखंड में भी विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रयास करती तो एक राष्ट्र,एक चुनाव के गुण-दोषों का मूल्यांकन करने में मदद मिलती।

# पूर्वजों को जल देने का भारतीय विधान सिर्फ कर्मकांड नहीं, विज्ञान भी !

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी या अन्य नदी के एक घाट पर अस्थि विसर्जन चल रहा होता है तो दूसरे घाट से नदी के पवित्र जल को अनेक मनुष्य एवं नाना प्रकार के जीव-जन्तु पीकर अपनी प्यास बुझा रहे होते हैं। स्वभाविक है कि विसर्जित अस्थियों का जल उन तमाम शरीरों में जाता है जोकि नदी के जल का सेवन करते हैं या वह जल कृषि कार्य में उपयोग लिया जा रहा है। इस पूरे चक्र में आप देखेंगे कि विसर्जित अस्थियों का कैल्शियम जल के पीने के साथ अनेक जीवों के शरीर में जाकर उनके जीवन को पुष्टता प्रदान करता है और शरीर में प्राकृतिक रूप से कैल्शियम की कमी को दूर करने का कारण बनता है । इसी प्रकार के अनेकों उदाहरण वनस्पतियों, औषधि, धातु, सौरमण्डल, खगोल विज्ञान, वास्तु विज्ञान समेत हर क्षेत्र में आज प्रमाणित हो चुके हैं, जिन्हें कल तक सिर्फ धारणा कहकर या हिन्दू माइथोलॉजी (मिथ) कहकर आविश्वास प्रकट करते हुए उनके होने पर ही प्रश्न खड़ा किया जाता था, उन्हें सही होने के बाद भी नकार दिया जाता था।**

भारतीय ऋषियों ने अपने तमाम शोधों में से एक अनुसंधान देह की समाप्ति (मृत्यु) के बाद के दूसरे संसार पर भी किया है, जिसे हम आत्माओं का घर भी कहते हैं। जिस प्रकार मनुष्य अनेकानेक जीवाणुओं और विषाणुओं को अपनी खुली आंखों से देख नहीं सकता, किंतु उनका है, उसी प्रकार से आत्माओं का जगत है, जहां से मृत्युलोक में ये आत्माएं नाना प्रकार के शरीरों में बार-बार आती हैं। कुछ हमारे आस-पास भी रहती हैं। इनमें से कुछ ऐसी भी हैं जोकि लम्बे समय तक जन्म नहीं लेतीं, क्योंकि उनका पूर्व जन्म का बंधन जोकि मन से जुड़ा है वह जागृत रहता है, स्वभाविक है, वे आत्माएं अपने कुल-परिवार से इतनी अपेक्षा जरूर करेंगी कि वे उनके वर्तमान में भौतिक अ का कारण हैं, इसलिए कम से कम कुछ दिन ही सही उनके प्रति श्रद्धा का संस्कार तो पूर्ण करेंगे ही।

वास्वत में श्राद्ध की मूलभूत परिभाषा यह है कि प्रेत और पितर के निमित्त, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक जो अर्पित किया जाय वही श्राद्ध है। यह श्राद्ध ठीक आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से पितृपक्ष प्रारंभ होता है और 15 दिन शुक्ल प्रतिपदा तक चलता है। पितृपक्ष में पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जो यव (जौ) तथा चावल का पिण्ड देता है। इस संबंध में श्रीमद्भागवत में भगवान श्री कृष्ण का कथन है-अर्थात जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुन~ जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है। हालांकि श्राद्ध कर्म, तर्पण विधि की वैज्ञानिकता और अवैज्ञानिकता के अपने तर्क हो सकते हैं, किंतु इसे कुछ इस तरह समझना होगा जैसा कि हमारे आस-पास अनेकों पाई जानेवाली ध्वनि तरंगे हैं। इन तरंगों को आप महसूस नहीं कर सकते, किंतु हर तरंग आपकी ली गई सांसों से शरीर के अंदर और बाहर स्वतः हो रही हैं। इस संपूर्ण प्रक्रिया में जैसे ही एक निश्चित तरंग को उसकी संचारक गति पर स्थिर किया जाता है, सामने से आवाजें सुनाई देने लगती हैं। बोलते चित्र भी प्रकट हो जाते हैं।

**भारतीय ऋषि परंपरा है पूरी तरह वैज्ञानिक**

वस्तुतः जो भी लोग श्राद्ध पक्ष को लेकर अविश्वास व्यक्त करते हैं, उन्हें यहां समझ लेना होगा कि अपनी ऋषि परंपरा पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं। अब तक हिन्दू जीवन की जीतनी भी परंपराएं पाई गई हैं, उसके पीछे कोई न कोई वैज्ञानिकता सामने आती रही है। हिन्दू शास्त्रकारों ने इस विषय की ऐसी बारीकी से खोज की है कि मनुष्यों को अपने सब प्रकार के भले बुरे कर्मों के परिणामों का भली प्रकार ज्ञान हो जाता है और वे परलोक के स्वरूप को बहुत अच्छी तरह समझ सकते हैं। उदाहरण के तौर पर मृत्यु के बाद दाह संस्कार ही क्यों किया जाता है? तब इसका उत्तर होगा कि कोई भी मनुष्य हो, वह प्रकृति से जीवन भर लेता है, यदि कोई इंसान अत्यधिक कंजूस है, सिर्फ लेने पर ही भरोसा रखता है, उससे भी जीवन के अंत के बाद पांच तत्वों में भौतिक शरीर के विलीन हो जाने पर शेष अस्थियों में बचे अग्नि के ताप से पवित्र कैल्शियम और फास्फोरस को बहते हुए नदी जल में विसर्जित कर जीव-जगत की सेवा करने का विधान है।

गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी या अन्य नदी के एक घाट पर अस्थि विसर्जन चल रहा होता है तो दूसरे घाट से नदी के पवित्र जल को अनेक मनुष्य एवं नाना प्रकार के जीव-जन्तु पीकर अपनी प्यास बुझा रहे होते हैं। स्वभाविक है कि विसर्जित अस्थियों का जल उन तमाम शरीरों में जाता है जोकि नदी के जल का सेवन करते हैं या वह जल कृषि कार्य में उपयोग लिया जा रहा है। इस पूरे चक्र में आप देखेंगे कि विसर्जित अस्थियों का कैल्शियम जल के पीने के साथ अनेक जीवों के शरीर में जाकर उनके जीवन को पुष्टता प्रदान करता है और शरीर में प्राकृतिक रूप से कैल्शियम की कमी को दूर करने का कारण बनता है । इसी प्रकार के अनेकों उदाहरण वनस्पतियों, औषधि, धातु, सौरमण्डल, खगोल विज्ञान, वास्तु विज्ञान समेत हर क्षेत्र में आज प्रमाणित हो चुके हैं, जिन्हें कल तक सिर्फ धारणा कहकर या हिन्दू माइथोलॉजी (मिथ) कहकर आविश्वास प्रकट करते हुए उनके होने पर ही प्रश्न खड़ा किया जाता था, उन्हें सही होने के बाद भी नकार दिया जाता था, किंतु आज वे शतप्रतिशत सही सिद्ध हो चुके हैं।

कहना होगा कि मृत्यु के बाद जीवन का विषय भी कुछ इसी प्रकार का है। भारतीय संदर्भ में मृत्यु के बाद नए जीवन लेने के कई उदाहरण वर्तमान में हमारे सामने हैं, जोकि अन्य मत, पंथ, रिलीजन की धारणाओं के उलट हैं, जैसेकि बेंगलुरु की नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के रूप में कार्यरत डॉ. सतवंत पसरिया द्वारा इस विषय पर लम्बे समय तक किए गए शोध के आधार पर पुनर्जन्म पर प्रकाशित श्क्लेम्स ऑफ रिइंकार्नेशनरू एम्पिरिकल स्टी ऑफ कैसेज इन इंडियास पुस्तक लिखी गई। इसमें उन्होंने 1973 के बाद से भारत में हुई 500 पुनर्जन्म की घटनाओं का उल्लेख किया है। यह पुस्तक तथ्यों के साथ यह प्रमाणित कर देती है कि मृत्यु के बाद पुनर्जन्म है और पुनर्जन्म होने के पहले पितर, प्रैत योनी भी है, जहां कई बार पुन~ जन्म लेनेवाली आत्मा को कई वर्षों तक रुकना पड़ा था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक बिकने वाली किताबों में शामिल मैनी लीव्स मैनी मास्टर्स है, जिसके लेखक डॉ. ब्रायन वीस एक मरीज की सच्ची कहानी के बारे में लिखते हैं। ब्रायन वीस अपने मरीज से सवाल पूछते हैं। उक्त महिला मरीज जब इन सवालों के जवाब देती है तो वीस हैरान रह जाते हैं। क्योंकि इन समस्याओं के तार पिछले जन्म से भी जुड़े रहते हैं। गीता प्रेस गोरखपुर ने भी अपनी एक किताब परलोक और पुनर्जन्मांक में ऐसी कई घटनाओं का वर्णन किया गया है, जिससे कि पुनर्जन्म होने की पुष्टि होती है। इस बच्चे की उम्र केवल चार साल थी, तबसे कहीं बड़ी उम्र के महिला-पुरुष इसे पिता और ससुर के रूप में सम्मान दे रहे हैं। बच्चा भी उनके साथ उसी तरह का व्यवहार करता है जैसे वह उनका पिता और सुसुर हो। इसका कारण इस बच्चे का इन लोगों से पिछले जन्म का रिश्ता होना है। यह घटना मध्य प्रदेश के सीहोर जिले से 10 किलोमीटर दूर बसे लसूडिया गांव की है।

## विचार

# न धर्म बदलेंगे न पेंशन लेंगे, तोप के सामने बांधकर उड़ा दो

**डॉ. आनंद सिंह राणा**



भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में बरतानिया सरकार के विरुद्ध जनजातीय योद्धा सदैव भारी पड़े हैं इसलिए बरतानिया सरकार ने उन्हें छल से ही मारा है, इसी संदर्भ में सन् 1857 के महान् स्वतंत्रता संग्राम में गोंडवाना साम्राज्य के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को धोखे से पकड़कर 18 सितंबर सन् 1857 को राजद्रोह के आरोप में तोप के गोले से उड़ा गया था, तत्समय भारत की यह पहली दुखद घटना थी जब किसी राजा और युवराज को तोप के मुंह से बांधकर उड़ाया गया था। यद्यपि राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को पेंशन, भूमि और धर्म परिवर्तन के बदले में मुक्त करने का लालच दिया परंतु राजा शंकरशाह ने स्व के लिए प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा था कि न धर्म बदलेंगे न पेंशन लेंगे, तोप के सामने बांधकर उड़ा दो।

पूर्व पीठिका, यह है कि भारत के हृदय स्थल में स्थित त्रिपुरी (जबलपुर) के महान कलचुरी वंश का तेरहवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में अवसान हो गया था, फलस्वरूप सीमावर्ती शक्तियां इस क्षेत्र को अपने अधीन करने के लिए लालायित हो रही थी। अंततःइस संक्रांति काल में एक वीर योद्धा जादों राय(यदु राय) ने तिलवारा घाट निवासी एक महान ब्राह्मण सन्यासी सुरभि पाठक के भगीरथ प्रयास से त्रिपुरी क्षेत्रांतर्गत गढ़ा-कटंगा क्षेत्र जबलपुर में गोंड वंश की नींव रखी। कालांतर में यह साम्राज्य गोंडवाना साम्राज्य के नाम से जाना गया।

गोंडवाना साम्राज्य का चरमोत्कर्ष का प्रारंभ महानायक राजा संग्राम के समय हुआ। राजा संग्राम शाह के सुपुत्र दलपति शाह का विवाह कालिंजर के महाप्रतापी राजा कीरत सिंह की सुपुत्री दुर्गावती से हुआ। यह विवाह सामाजिक समरसता का अविस्मरणीय दृष्टांत है। विवाह के 6 वर्ष उपरांत ही दलपति शाह का आकस्मिक निधन हो गया और सन् 1548 में गोंडवाना राज्य की बागडोर वीरांगना रानी दुर्गावती के हाथों में आ गई। रानी दुर्गावती का समय गोंडवाना साम्राज्य की स्वर्ण युग था। एक समय अंतराल के बाद उत्तर भारत में राजनीतिक परिवर्तन हुए और पुनः मुगलों ने अकबर के नेतृत्व में मुगल साम्राज्य की उत्तर भारत में पुनर्स्थापना की। गोंडवाना साम्राज्य की वैभव और संपन्नता को देखकर लालची अकबर ने गोंडवाना साम्राज्य को मुगल साम्राज्य में मिलाने के लिए आक्रमण हेतु सेनापति आसफ खान को भेजा। सेनापति आसफ खान के साथ रानी दुर्गावती के 6 युद्ध हुए जिनमें 5 युद्धों में रानी दुर्गावती विजयी रही परंतु छठें में युद्ध में आसफ खान के पास तोप खाना आ जाने और रानी दुर्गावती के एक सामंत बदन सिंह के विश्वासघात करने के कारण युद्ध के परिणाम विपरीत होने लगे तब रानी दुर्गावती ने 24 जून 1564 को अपने महावत के हाथों से कटार लेकर अपना प्राणोत्सर्ग किया।

इसके उपरांत दलपति शाह के छोटे भाई राजा चंद्र शाह गोंडवाना साम्राज्य के राजा बने और यह साम्राज्य मुगलों के अधीन आ गया राजा चंद्र शाह की 11 वीं पीढ़ी में (चंद्र शाह, मधुकर शाह , प्रेमनारायण, हृदयशाह, छत्रशाह - हरीसिंह, केशरी शाह, नरेंद्र शाह, महाराज सिंह, दुर्जनशाह - निजाम शाह, नरहरि शाह - सुमेर शाह, शंकर शाह) राजा शंकर शाह का जन्म मंडला के किले में हुआ इनके पिता का नाम सुमेर शाह और दादा का नाम निजाम शाह था। 18 वीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में भारत की राजनीतिक परिस्थितियों में आमूलचूल परिवर्तन आया और मराठाओं ने पेशवा के नेतृत्व में मुगलों से गोंडवाना साम्राज्य हस्तगत कर लिया, साथ ही सुमेर शाह मराठें के प्रतिनिधि के रूप में मंडला में राज्य संभालने थे। सन् 1804 में सुमेर शाह की मृत्यु हो गई।

सन् 1818 में गोंडवाना साम्राज्य मराठाओं के हाथ से निकल गया, अंग्रेजों ने मंडला को अपने अधीन कर लिया और मध्य प्रांत में मिला लिया। इसके उपरांत राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को जबलपुर में गढ़ा पुरवा के पास के तीन गांव की जागीर देकर पेंशन दे दी गई। राजा शंकर शाह अंग्रेजों के इस दुर्व्यवहार के विरुद्ध थे और अंग्रेजों से स्वतंत्रता चाहते थे। आगे चलकर महारथी शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में तोप के मुंह से उड़कर संपूर्ण भारत में किसी भी रजवाड़े परिवार की ओर से प्रथम बलिदान दिया। 19वीं शताब्दी मध्यान्ह तक अंग्रेजों के अत्याचार और अनाचार चरम सीमा पार कर गए थे तथा डलहौजी की हड़प नीति के बाद भारत में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी जिसकी जानकारी राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को भी लग गई थी। जबलपुर स्थित गढ़ा पुरवा में मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर,सागर, दमोह सहित मध्य प्रांत के के लगभग सभी रजवाड़े परिवार, जमींदार, मालगुजार के साथ 52 गढ़ों से सेनानी भी मिलने आने लगे थे। जबलपुर कैंटोनमेंट क्षेत्र से 52वीं नेटिव इन्फेंट्री के सूबेदार बलदेव तिवारी के साथ कई सैनिक राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह से से मिलने आते थे । राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों के विरुद्ध शक्तिशाली संगठन तैयार कर लिया था। राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने मध्य प्रांत के रजवाड़े परिवार जमीदारों और माल गुजारों को एकत्रित करने के लिए रोटी और कमल की जगह दो काली चूड़ियों की पुड़िया जिसमें संदेश लिखा होता था कि अंग्रेजों से संघर्ष के लिए तैयार रहो या चूड़ियां पहन कर घर बैठो युक्ति का प्रयोग किया था जो रजवाड़े परिवार, जमींदार और मालगुजार इस पुड़िया को स्वीकार कर लेते थे तो उसका आशय होता था कि वह अंग्रेजों के विरुद्ध संग्राम में शामिल हैं और जो स्वीकार नहीं करते थे तो यह मान लिया जाता था कि वह साथ नहीं है उनको संदेश दिया जाता था कि चूड़ियां पहन कर घर बैठो। इस तरह से मध्य प्रांत में राजा शंकर शाह वह रघुनाथ शाह के नेतृत्व में अंग्रेजों के विरुद्ध एक मोर्चा तैयार हो गया था।

# चरण और मरण के कोण में घिरा हरियाणा का रण

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हरियाणा विधानसभा का चुनावी रण इस समय मतदाताओं के चरण और मरण के कोण पर टिका है। हर चुनाव में मतदाताओं की भूमिका सर्वोपरि होती है। उनके चरण जिस पार्टी की तरफ बढ़ते हैं, उसे विजयश्री मिलती है। और बाकी को बेरुखी के चरण का खामियाजा भुगतना पड़ता है। उनके सामने पांच साल तक इंतजार करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचता। पिछले 10 साल से प्रदेश की सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में इस बार सत्ता की लड़ाई बेहद दिलचस्प । सवाल यह भी है कि क्या भाजपा इस बार भी रण फतेह करेगी। भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का प्रमुख चेहरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही हैं। मोदी अपने चुनावी अभियानों में भ्रष्टाचार, विकास कार्यों, और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को जोर-शोर से उठाते हैं। भाजपा नेता प्रचार में भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों को लगातार उठा रहे हैं। पार्टी मोदी की लोकप्रियता पर भरोसा कर रही है। इसलिए राज्य में पार्टी बिना किसी सीएम फेस के उतरी है। भाजपा बेहतर आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जोर दे रही है। इसके अलावा भाजपा जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भी कोशिश में लगी है। अगर भाजपा के बड़े नेता किसानों के मुद्दों पर कुछ अहम घोषणा करते हैं तो आंदोलन के कारण उपजे असंतोष को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि सरकार और किसानों के बीच टकराव ने भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचाया। इसका सीधा असर ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी के वोट बैंक पर पड़ सकता है। पार्टी को इस असंतोष से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति पर चलना होगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों के मसले पर कुछ बड़ी घोषणा करनी पड़ेगी। हरियाणा में खेल और खिलाड़ी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला पहलवानों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों, जो यौन उत्पीड़न के आरोपों और न्याय की मांग पर केंद्रित थे, राज्य में भाजपा की छवि को झटका दिया है। भाजपा को इससे उबरने के लिए भी कुछ न कुछ करना होगा।

विपक्षी पार्टियां भाजपा के खिलाफ अपने-अपने तरीके से गठजोड़ बनाने की कोशिश कर रही हैं। यदि इन विपक्षी दलों के एकजुट होने का असर जमीन पर दिखता है तो भाजपा के लिए चुनावी जीत की राह और कठिन हो सकती है। विपक्ष ने जातिगत समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार की है। हरियाणा की राजनीति में जातीय समीकरण का बड़ा महत्व है। एक समुदाय, जो राज्य की राजनीति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है, उसका एक बड़ा हिस्सा भाजपा से नाराज चल रहा है। पार्टी को अन्य मतदाताओं पर ज्यादा निर्भर रहना पड़ रहा है। भाजपा के सामने इस बार जातीय संतुलन साधने और सभी वर्गों को साथ लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा को अपने दम पर अन्य ग्रामीण वोटों को आकर्षित करना होगा। 10 साल की सत्ता के बाद भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का बड़ा खतरा है। वैसे भी सत्ता में रहते हुए किसी भी पार्टी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ता है।

खासकर, लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा की 10 में से सिर्फ पांच सीट मिलीं। विधानसभा चुनाव के इतने नजदीक मनोहर लाल की जगह नए चेहरे नायब सिंह सैनी को सत्ता सौंपी गई। यह फैसला विधानसभा चुनाव में क्या कमाल करेगा, यह मतगणना के दिन ही पता चलेगा। हरियाणा में 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 47 सीटें मिली थीं। पार्टी ने स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाई। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा और उसे सिर्फ 40 सीटें मिलीं, जो बहुमत से कम थीं। इसके बाद जेजेपी के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई गई।



# राशिफल

**मेषः**- आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः**- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मिथुनः**- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क** :- गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः**- आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्या** :- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुला** :- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनु** :- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकर** :- सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभः**- आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः**- व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# देश की बुनियाद पर प्रहार

**भाजपा को शायद इस बात में भी कोई आपत्ति नहीं है कि देश के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार अजित डोभाल रूस के राष्ट्रपति के सामने बैठकर उन्हें श्री मोदी के यूक्रेन दौरे की जानकारी दे रहे हैं। अब तक देश के प्रधानमंत्री विदेश दौरे से लौटते हुए ही प्रेस को अपनी यात्रा के बारे में बताते थे, ताकि उनके जरिए देशवासियों को पता चले कि हमारे प्रधानमंत्री ने किस देश में जाकर, क्या काम किया, जो हमारे लिए लाभकारी है। इसके बाद देश लौटने पर प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को अपनी यात्रा का ब्यौरा देते थे। लेकिन दूसरे देश के राष्ट्रपति को इस तरह जानकारी देने का अर्थ क्या यह है कि भारत ने अपनी गुटनिरपेक्ष नीति और स्वतंत्र विदेश नीति को छोड़ दिया है। क्या अब भारत की संप्रभुता को इस तरह दांव पर लगाया जाएगा।**



महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए अहिंसा की नीति को अपनाना, नेहरूजी की गुटनिरपेक्ष नीति और संविधान में कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका इन तीनों के बीच स्पष्ट कार्य विभाजन और एक-दूसरे की सीमाओं का सम्मान, ये कुछ ऐसी विशिष्ट बातें हैं, जिनके कारण भारत के लोकतंत्र की दुनिया में अलग पहचान बनी। आजादी के 75 साल बाद भी भारत का लोकतंत्र मजबूत बना हुआ है और इस पर हो रहे तमाम प्रहार विफल हुए हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि भारत को बनाने वालों ने दूरदृष्टि के साथ जो विचार भारत की जड़ों में रोपे थे वो अब मजबूती से लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं। लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार भारत की इस खासियत को चोट पहुंचाने में लगी है। बीते दिनों ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के घर गणपति पूजा में पहुंचे। विधायिका और कार्यपालिका से न्यायपालिका की एक सम्मानजनक दूरी होना चाहिए, लेकिन यहां वो दूरी मिटती दिखी। श्री मोदी के शासनकाल में देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राज्यसभा का सदस्य बनाया गया, पूर्व राष्ट्रपति को एक देश, एक चुनाव समिति का मुखिया बनाया गया। अब मुख्य न्यायाधीश के घर की निजी पूजा में प्रधानमंत्री के पहुंचने से कई किस्म के सवाल खड़े हुए, लेकिन भाजपा को इसमें कुछ गलत नजर नहीं आ रहा।

भाजपा को शायद इस बात में भी कोई आपत्ति नहीं है कि देश के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार अजित डोभाल रूस के राष्ट्रपति के सामने बैठकर उन्हें श्री मोदी के यूक्रेन दौरे की जानकारी दे रहे हैं। अब तक देश के प्रधानमंत्री विदेश दौरे से लौटते हुए ही प्रेस को अपनी यात्रा के बारे में बताते थे, ताकि उनके जरिए देशवासियों को पता चले कि हमारे प्रधानमंत्री ने किस देश में जाकर, क्या काम किया, जो हमारे लिए लाभकारी है। इसके बाद देश लौटने पर प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को अपनी यात्रा का ब्यौरा देते थे। लेकिन दूसरे देश के राष्ट्रपति को इस तरह जानकारी देने का अर्थ क्या यह है कि भारत ने अपनी गुटनिरपेक्ष नीति और स्वतंत्र विदेश नीति को छोड़ दिया है। क्या अब भारत की संप्रभुता को इस तरह दांव पर लगाया जाएगा। श्री मोदी को अब यह भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि यूक्रेन जाने से पहले क्या उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन की अनुमति भी ली थी। अगर यूक्रेन जाने का फैसला श्री मोदी ने संप्रभु राष्ट्र का मुखिया होने के नाते लिया था, तो अब कौन सी मजबूरी में उन्हें एनएसए को रूस भेजकर सफाई देनी पड़ी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह भी बताना चाहिए कि विदेश मामलों में या दूसरे देशों पर कार्रवाई का फैसला अब उनके विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, केबिनेट इन सबकी सलाह से हो रहा है या भाजपा का कोई भी नेता इसके लिए बयान देने को अधिकृत है। क्योंकि त्रिपुरा में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कहा है कि केवल श्मुरलीश् से काम नहीं चलेगा, बल्कि सुरक्षा के लिए श्सुदर्शनश् भी आवश्यक है। इस बात का ध्यान रखना है कि विधर्मियों को अवसर नहीं देना है। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, इसके लिए ऐसी शक्तियों को हमें समाप्त करना है। हमें देश और धर्म को सुरक्षित रखना है। पाकिस्तान को मानवता का कैंसर और दुनिया का नासूर बताते हुए श्री योगी ने कहा जब तक पाकिस्तान का ऑपरेशन नहीं होगा, तब तक इलाज संभव नहीं है। पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग होना चाहता है। क्या मोदी सरकार यह बता पाएगी कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री पीओके और बलूचिस्तान को लेकर जो दावे कर रहे हैं, उनकी सच्चाई क्या है और पाकिस्तान का उपचार करने का मतलब क्या है। क्या भारत ने शांति की नीति को नकार दिया है। मुरली के साथ सुदर्शन की बात करके आदित्यनाथ योगी ने सीधे तौर पर हिंसक विचारों का समर्थन किया है और ऐसे विचार केवल पाकिस्तान के लिए ही प्रकट नहीं हो रहे हैं। देश में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दी जा रही धमकियां बता रही हैं कि विपक्ष के नेताओं के साथ हिंसा के लिए उकसाया जा रहा है। महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ ने ऐलान किया है कि राहुल गांधी की श्जीभ काटने वालेश् को 11 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। श्री गायकवाड़ ने राहुल गांधी के अमेरिका में आरक्षण पर दिए बयान के बाद यह ऐलान किया है। उन्हें आपत्ति है कि श्री गांधी ने आरक्षण खत्म करने की बात कही, हालांकि यह सरासर झूठी बात है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# स्वच्छता पखवाड़ा का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

## बोले, सफाई कर्मियों ने कोरोना के टाइम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर शहर व गांव में निरंतर सफाई कर स्वच्छ रखा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




राज्य मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राकेश कुमार राठौर द्वारा स्वच्छता ही सेवा एवम् स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ कीरत सागर तट पर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी व प्रमाण पत्र दिए गए तथा सफाई कार्मिओं को सम्मानित किया गया और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का उद्घाटन किया गया।

इसी क्रम में मंत्री ने कीरत सागर तट पर श्रमदान किया। इस अवसर पर मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। सफाई कर्मियों ने कोरोना के टाइम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर शहर व गांव में निरंतर सफाई कर के गांव व शहर को स्वच्छ रखा। सफाई कर्मी सफाई करके सबसे बड़ा काम करता है और सफाई कर्मियों की जो भी समस्या है उन समस्याओं को जल्द निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा शहर व गांव साफ होगा तभी हमारा प्रदेश भी साफ रहेगा। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगरीय क्षेत्र में 600 से ज्यादा ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं जहां पर हम श्रमदान के कार्यक्रम करेंगे। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक चलेंगे। उन्होंने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग भी इस श्रमदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाएगा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री जी, विधायक जी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगणों द्वारा शहीद श्री राकेश चौरसिया स्मारक में फूलमाला चढ़ाकर उनका नमन किया।

कार्यक्रम में सदर विधायक राकेश गोस्वामी, जिलाध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।



## भक्तो ने नम आंखों से गणपति को दी विदाई , किया विसर्जन

**पनवाड़ी, महोबा।** गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया.. के जयकारे के साथ मंगलवार को पूजा पंडाल से भगवान गणेश की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। भक्त बैंड बाजे की धुन पर थिरकते रहे। पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के भरवारा गांव में पंडित देवेन्द्र कुमार पटैरिया के आवास से गजानन जी महाराज की भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मडियन पुरा बस स्टेंड होते हुए पटेरिया बाबा नीम तालाब पहुंची।

जहां पर भक्तों ने नम आंखों से भगवान को विदाई दी और भगवान की प्रतिमा को तालाब में विसर्जित कर दिया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से देवेन्द्र कुमार दीपेश कुमार चंचल पटैरिया भैयालाल महेंद्र कुमार रविशंकर हरिओम पुष्पेंद्र नीरज नीलम नर्मदा प्राची सहित सैकड़ों की संख्या में भगवान गणेश के भक्तगण शामिल हुए।

## गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ महोत्सव संपन्न

**राठ।** 10 दिनों से चल रहे गणेश महोत्सव का मंगलवार दोपहर गणेश प्रतिमा का विसर्जन के बाद समापन हो गया। कस्बे में गणेश शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। कस्बे के कोटबाजार, खुशीपुरा मोहल्ला सहित आधा दर्जन स्थानों पर गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। जहां 10 दिन तक गणेश भक्तों ने सुबह शाम गणेश आरती, हवन, पूजन किया। मंगलवार सुबह ट्रैक्टर पर प्रतिमा लादकर कर शोभा यात्रा निकाली गई। शाम को कस्बा भ्रमण के बाद परा गांव स्थित विरमा नदी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। शोभायात्रा के इस दौरान घोड़े नाच रहे और डीजे पर भक्ति गीत की धुन पर गणेश भक्त थिरक रहे थे और गुलाल अबीर उड़ा कर अगले बरस जल्दी आने के नारा लगा रहे थे। जुलूस में कोतवाल उमेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ रहे।

# तालाब पर अतिक्रमण करने पर बनी जलभराव की स्थिति

**कुरारा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र के जल्ला गांव के ग्रामीणों ने गांव स्थित तालाब में अतिक्रमण कर मकान बना लेने बरसात में जलभराव की स्थित बनी हुई है। तथा लोगो के घरों में पानी भर रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को देकर कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार गुप्ता को शिकायती पत्र देकर बताया कि तालाब की भूमि व नाला के ऊपर ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कर लिया है।जिससे पानी का निकास बंद हो गया है। तथा जलभराव से कई मकान गिरने की कगार पर है। इस लिए गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। एक अगस्त को ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को समस्या से अवगत कराया था। तब जिलाधिकारी ने चार लेखपालों की कमेटी गठित कर जांच करने को भेजी थी। लेकिन लेखपाल गांव आकर लौट गए। 31 अगस्त को नायब तहसीलदार द्वारा नाला व तालाब की भूमि की जांच की गई थी। तथा अतिक्रमण करने वालो को निर्देश दिए गए थे। कि अपना मकान हटा ले। लेकिन अतिक्रमण नहीं हट पाया है। इस दौरान कई लोगो के मकान जलभराव से गिर गए हैं। गांव निवासी मानस प्रताप ,राजाभेया, रामचरण ,भैरव, जगदेव, रामकरण, बलभगवान, मानसिंह, दिनेश, मुन्ना ,ब्रजलाल,विपिनसहित कई ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से जलभराव की समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

## लाभार्थियों को चाभी देकर किया गया सम्मानित

**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय विकास खंड सभागार में प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र व चाभी देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर विकास खंड सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास स्वीकृत पत्र व आवास चाभी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगो को जिन्हे अभी तक आवास नही मिला है। उनको प्राथमिकता से आवास योजना से लाभान्वित किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता ने व ब्लाक प्रमुख ने 80 आवास लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र व आवास की प्रतीकात्मक चाभी सौंप कर सम्मान किया।

# भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष की हुई मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से भाजपा जिला कार्यकारिणी में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने लूट के बाद हत्या की आशंका जता पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। भाजपा नेता एवं युवा व्यापारी की मौत से आक्रोशित व्यापारियों ने सामूहिक बंदी कर विरोध जता आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँची एएसपी ने मामले की गहनता से जाँच कर कार्यवाही की बात कही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना चरखारी कोतवाली क्षेत्र के सूपा खुड़ा के पास की है जहां चरखारी



कोतवाली कस्बा क्षेत्र के घुसियाना मुहाल के रहने वाले रामगोपाल पाठक के 26 वर्षीय पुत्र सचिन पाठक के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पीआरबी 5821 में ड्यूटीरत कांस्टेबल नीलकमल राय द्वारा घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने युवक की लूट के बाद हत्या करने का आरोप लगा मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, सीओ सदर दीपक दुबे सहित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। एक सप्ताह के अंदर चरखारी कस्बा के दो व्यापारियों की मौत से व्यापार मंडल में आक्रोश दिखाई दिया है। व्यापारियों ने चरखारी कस्बा में सामूहिक बंदी कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है तो वहीं घटना की सूचना मिलते ही सदर एवं चरखारी क्षेत्र से भाजपा के दोनों विधायकों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

# दो किलो 77 ग्राम सूखे गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंशल के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/ बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में मंगलवार के रोज अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई व0 उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रिवई के पास अवैध गांजे के साथ एक नफर अभियुक्त जीतेन्द कुमार पुत्र वृन्दावन अहिरवार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम करहरा जिसके कब्जे से 02 किलो 77 ग्राम सूखा गाँजा नाजायज बरामद करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अवैध गाँजा बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ में मु0अ0सं0 175/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय में पेशी हेतु भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे व0उनि सत्येन्द्र सिंह प्रशिक्षु उनि अनुज कुमार सिंह का सौरभ सिंह का0 उमाशंकर यादव आदि की उच्चाधिकारीयों ने सराहना की गई है।

## खबरें एक नजर में

### गाली-गलौज करने पर की मारपीट

**राठ, हमीरपुर।** चिकासी थाने के अमरपुरा गांव निवासी छेदालाल पुत्र रामदीन कुशवाहा ने बताया कि 11 सितंबर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह मकान के अंदर अकेला था। नंदकिशोर, प्रेमनारायण पुत्रगण रामप्रसाद, नंदकिशोर की पत्नी माया, प्रेमनारायण की पत्नी उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त सभी जान से मारने की नियत से लोहे के पाइप से मारपीट करने लगे। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आई हैं। सोमवार को चिकासी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### रंजिश के चलते युवक की गिरायी बाइक

**राठ, हमीरपुर।** कोतवाली के पहाड़ी वीर गांव निवासी मदनपाल राजपूत पुत्र बद्री प्रसाद ने बताया कि शनिवार की शाम करीब छह बजे वह अपनी पत्नी उमारानी, पुत्र विपिन को लेकर बाइक द्वारा राठ से गांव वापस जा रहा था। तभी बरदा पहाड़ी रोड पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के एक युवक ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और उसकी बाइक गिरा दी। बताया कि वह गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसे व उसकी पत्नी, पुत्र के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट करने के बाद उक्त सभी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मारपीट से उन्हें चोटें आईं हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### युवक से हुई 50 हजार की ठगी

**राठ, हमीरपुर।** नौकरी के नाम पर एक युवक से 50 हजार रुपए की ठगी कर ली है। रुपए मांगने युवक टरकाता रहा है। 8 साल बीत के बाद जब पैसा नहीं मिला तो पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी हैदर अली ने बताया कि 6 दिसंबर 2016 को खुशीपुरा मोहल्ला निवासी एक युवक ने नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपए लिए थे। यह भी कहा था कि नौकरी न लगने पर पैसा वापस हो जाएगा। कई साल निकलने के बाद जब नौकरी नहीं लगी तो उसने 50 हजार रुपए मांगे तो युवक टलता रहा। हैदर अली ने बताया कि अब रूपयों की आवश्यकता है और युवक रुपए नहीं दे रहा है। पीड़ित में कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**राठ।** परदेश में कमाने के लिए जा रहे पति द्वारा साथ न ले जाने व सास ससुर से प्रताड़ित महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। मझगवां थाने के उमन्नियां गांव निवासी 22 वर्षीय भाग्य लक्ष्मी पत्नी परमानंद ने बताया कि उसके पति परमानन्द ने बाहर जाने की बात कही। जब उसने कहा कि मुझे भी साथ ले कर चलो लो या मुझे मेरे मायके भेज दो। जिसके चलते पति ने उसे जमकर मारा-पीटा। बताया कि उसके सास ससुर भी उसे प्रताड़ित करते हैं। जिसके चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

## टैंकर बाड़े में घुसने से भैंस की मौत, बुजुर्ग हुआ घायल

**महोबा।** थाना पनवाड़ी अंतर्गत ग्राम महुआ हाइवे पर पनवाड़ी तरफ आ रहा टेंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखी गुमटी और घर के सामने खूठें से बंधी भैस को टक्कर मारता हुआ पास में बाड़े में रखे ट्रेक्टर से जा लगा। मुन्नी पत्नी आनन्द की एक भैंस मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गुमटी पर बैठा बुजुर्ग घायल हो गया। घायल बुजुर्ग चेतराम पुत्र नन्दू को थाना पनवाड़ी पुलिस के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लाया गया, जहां पर ड्यूटीरत डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया, ग्रामीणों के द्वारा ड्राईवर और खलासी को मौके पर ही पकड़ थाना पनवाड़ी पुलिस को सौंप दिया गया।



## प्रधानमंत्री के जन्मदिन अवसर पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**महोबा।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आज महोबा के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीबी के मरीजों को पोषण पोटली की किट वितरित की गई। कार्यक्रम में सीएमओ जिला अस्पताल के सीएमएस सहित कई डॉक्टर और रक्तदानी मौजूद रहे।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है । उनके जन्मदिन के अवसर पर महोबा जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीबी के मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया है। सीएमओ ने बताया कि टीबी के मरीजों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए घोषणा पोर्टल का वितरण किया जा रहा है। पोषण पोटली एक पौष्टिक आहार है जिसमें मरीजो को तमाम पौष्टिक से भरी खाद्य सामग्री दी जाती है। रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल में चिकित्सा डॉक्टर यतेंद्र पुरवार व संविदाकर्मी रीतेश पांडेय ने ब्लड डोनेट किया।

# मेला आध्यात्मिक प्रदर्शनी का एसडीएम व सीओ ने फीता काटकर किया शुभारंभ



- वीके साधना ने सभी को ईश्वरीय सौगात एवं प्रभु प्रसाद का किया वितरण

**कुलपहाड़ महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जल बिहार मेला में ब्रह्मकुमारीज की वीके पाठशाला की चित्र प्रदर्शनी का कुलपहाड़ मेला मैदान में वीके पाठशाला की संचालिका वीके सुधा कि मौजदगी में उप जिलाधिकारी अनुराग प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर कुलपहाड़ पाठशाला कि संचालिका वी के साधना ने जानकारी देते हुए कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस मेला में आध्यात्मिक प्रदर्शनी के माध्यम सभी को शिव बाबा के विचारों की जानकारी दी जाएगी द्य इस मौके पर नगर पंचायत कुलपहाड़ के अधिशाषी अधिकारी प्रवेनद कुमार, वीके सुदामा वी के रागिनी वी के साधना मौजूद रही। समापन अवसर पर कुलपहाड़ पाठशाला की वी के साधना ने सभी को ईश्वरीय सौगात एवं प्रभु प्रसाद वितरण किया साथ ही शिव बाबा के घर आने का निमंत्रण दिया कार्यक्रम के शुरू में वीके साधना तथा राजयोगिनी वीके सुधा ने सभी का बैंच लगाकर स्वागत किया।

# मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए महिला बीडीओ कार्यालय के लगा रही चक्कर

**कुरारा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

बीते लगभग डेढ़ माह से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक महिला अपने 8 माह के बच्चे विराम के साथ खंड विकास कार्यालय के चक्कर लगा रही है। परंतु सुनवाई करने वाला कोई नही है। महिला अपने बच्चे के साथ परेशान घूम रही है।

विकास खंड के ककरऊ ग्राम पंचायत के गांव हरेहटा निवासिनी महिला वंदना पत्नी रोहित गौतम ने बताया कि वो करीब डेढ़ माह से अधिक समय से अपनी दादी सास के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए खंड विकास कार्यालय के चक्कर लगा रही है। परंतु यहां उनके गांव के ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र प्रताप कभी मिलते ही नही है और न कभी गांव जाते है। वो करीब 20 किलोमीटर दूर से बीते एक माह में करीब 12 बार खंड विकास कार्यालय के चक्कर लगा चुकी है। सरकार की मंशा है कि ग्राम व विकास खंड के अधिकारी नागरिक व आम जनमानस से सीधा संवाद रखे और उन्हें खासकर जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र या फिर परिवार रजिस्टर की नकल के लिए भटकना न पड़े जिसके चलते अगस्त माह की 16 तारीख को मुख्य सचिव मनोज कुमार द्वारा पत्र भी जारी किया गया था परंतु इसका कोई असर इन अधिकारियों पर होता नही दिखाई नही दे रहा है। परेशान महिला ने जिले के आलाधिकारियों से फरियाद लगाने की बात कही है।

## गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित

**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय विकास खंड सभागार में बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे बच्चो को खीर चटाई गई। तथा गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार दिया गया।बाल विकास परियोजना कुरारा द्वारा पोषण माह के तहत ब्लाक सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सी डी पी ओ सुमन लता पाल ने पोषण माह के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। एनीमिया, ऊपरी आहार,की जानकारी दी। पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। चार बच्चो का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। महिलाओं व बच्चो की स्वास्थ्य जांच कराई गई। बालक बालिका स्पर्धा के बच्चो को पुरुस्कृत किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती

**घाटमपुर ,समृद्धि न्यूज।**



गत वर्षो की भाति इस वर्ष भी घाटमपुर क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती बडी धूमधाम से मनायी गयी, आदि शिल्पी की जयंती को लेकर मुख्य कार्यक्रम कस्बा घाटमपुर के हमीरपुर रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ जहां भगवान विश्वकर्मा सेवा संस्थान की अगुवाई में दोपहर बाद हवन पूजन और प्रसाद वितरण हुआ इस मौके पर सेवा संस्थान के अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार रामराज विश्वकर्मा देव सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद थे इसके बाद आल्हा गायन का कार्यक्रम हुआ जिसमें आल्हा गायक रमेश ने अपने वीर रस पूर्ण शब्दों से दर्शकों का मन मोह लिया, शाम जवाबी कव्वाली का कार्यक्रम हुआ इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर आईटीआई घाटमपुर और निजी प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई कई जगह शिल्पकारों ने अपने औजरो की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा को याद किया।

## गाली गलौच करने पर सफाई कर्मियों ने दी तहरीर

**कुरारा।** गांव में सफाई कार्य के दौरान एक ग्रामीण द्वारा सफाई कर्मियों को अभद्र भाषा व गाली गलौज करने की तहरीर सफाई कर्मियों द्वारा थाने में की गई है। थाना क्षेत्र के झलोखर में सफाई कर्मी में तैनात श्याम सुंदर पुत्र भरत प्रसाद व कुरारा निवासी राजेश पुत्र स्व.हीरालाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि हम लोग झलोखर गांव में सफाई करने के लिए गए थे। तभी झलोखर गांव निवासी संजय सिंह पुत्र मन्नी सिंह आया और हमे आकर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गालियां देने लगा। जब हमने थाने में शिकायत करने की बात कही तो बोला अगर शिकायत की तो नौकरी से निकलवा दूंगा। दोनों सफाई कर्मियों ने थाने में लिखित तहरीर दी है। उस संबंध में पतारा चौकी प्रभारी रिंकू तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

# गौशाला में हो गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग: प्रभारी मंत्री



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राज्य मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राकेश कुमार राठौर ने कबरई विकासखंड के ग्राम पंचायत टीकामऊ में पहुंचकर निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया तथा गौशाला में गायो को गुड़ व हरा चारा खिलाया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि गौशाला में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग किया जाए तथा जो कार्य शेष रह गया है उसको जल्द पूर्ण करके एक माह के अंदर गौशाला को हैंडओवर किया जाए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के लिए नेपियर घास भी उगायीं जाए, जिससे गायो को हरा चारा मिल सके तथा गायों के गोमूत्र से फिनायल तैयार किया जाए। इसी क्रम में प्रभारी मंत्री नें निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया तथा कार्यदायी संस्था को दिशा निर्देश दिए तथा अमृत सरोवर तट पर वृक्षारोपण किया।इसके उपरांत मंत्री जी नें बड़ी चण्डिका माता मंदिर के पास वंदन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया तथा कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जे.पी.अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राकेश कुमार राठौर ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर की तीखी टिप्पणी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास शहरी समग्र विकास नगरी रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के राज्य मंत्री ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तमाम बयानों को लेकर तीखी प्रक्रिया दी है।

राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पागल करार दिया है। उन्होंने कहा कि पीडीए लेकर घूम रहे है ।अखिलेश यादव को 2017 से पहले की प्रदेश की व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही और वह पगलाकर इधर-उधर की बातें कर रहे हैं । यही नही टकाटक टकाटक झूठ के सहारे कुछ लोकसभा सीटें पाने के बाद अब वह 2027 में पीडीए के सहारे प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने का सपना देख रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर ने कहा कि इस कदर गुंडागर्दी थी । कि आप रास्ते में आते ही लूट जाया करते थे। आज की जो कानून व्यवस्था है। उसे देखकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पागल बने घूम रहे हैं।

झूठे वादे कर कर टकाटक टकाटक कर यह कुछ सीटे प्रदेश में पा गए हैं। भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार 2027 पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

# खन्ना टोल प्लाजा के अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




खन्ना टोल प्लाजा के अधिकारी और कर्मचरियों ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर एक पेड़ माँ के नाम लगाकर आम जनमानस को जागरूक करने काम किया गया है।

आप को बता दे कि स्वच्छता पखवारा के अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम व्रक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन खन्ना टोल प्लाजा के अधिकारियों द्वारा तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे खन्ना पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार एवं प्लाजा मैनेजर प्रवेंद्र सिंह राठौर ने वृक्षारोपण किया गया। एवं साथ में लोगों को वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रति जागरूक भी किया गया। कहा गया कि एक पेड़ सभी को लगाना चाहिए पेड़ लगाने से मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी होता है। खन्ना टोल के मैनेजर प्रवेंद् सिंह राठौर ने कहा कि एक एक पेड़ सभी को लगाना चाहिए जिससे वह बड़ा हो कर हम सभी को लाभ देते है। आसपास का वातावरण शुद्ध रहता तथा पेड़ लगने से परिसर हरा भरा दिखता है। इस मौके पर कमल सिंह, संतोष चौधरी, लवकुश प्रभाकर शुक्ला एवम अन्य मौके पर उपस्थित रहे।

# पीएम आवास के लाभार्थियों को सौंपे गए ताला चाभी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज**



**ग्राम्य विकास** विभाग बाराबंकी द्वारा विकास खंड हैदरगढ़ के सभागार में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चयनित लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र एवं चाबी का वितरण किया गया। समारोह मे चार लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं 37 लाभार्थियों को चाबी ताला सौपे गए। इससे पूर्व समाचार में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उड़ीसा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह ने उपस्थित लोगों को विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री के जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल में 100 दिन पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने लगभग 15 लाख देशवासियों को सीधे उनके खाते में पैसा भेज कर पक्की छत की सौगात दी है ।उन्होंने कहा कि आगे जो आवास मिलने वाले हैं उनके रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल खुल गया है उन्होंने प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि अभी भी जो गरीब परिवार पक्की छत से वंचित रह गए हैं। उनका नाम दर्ज करवा दे। जिससे उनको भी आवास उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहाकि सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों से निष्पक्ष रूप से सभी पात्रों को बिना जाति मजहब का भेदभाव के पूरी पारदर्शिता से कच्चे घरों में रहने वाले परिवारों को पक्की छत मुहैया कराने का काम कर रही है। सरकार जिस तरह लाभार्थियों को सीधे बैंक खाते में पैसा भेजने का काम कर रही है ऐसा कभी नहीं हुआ था ।उन्होंने लाभार्थियों का आह्वान किया कि वह आवास के नाम पर किसी को भी रुपयेना दे और यदि कोई मांगता है तो सूचना दें, कार्यवाही की जाएगी। सोशल ऑडिटर संतोष मिश्रा के संचालन में संपन्न हुए समारोह में प्रधान सतरही राजन सिंह, ग्राम पंचायत सचिव पवन कुमार, उदय प्रकाश शुक्ल, अखिलेश दुबे, पंकज कुमार,दिनेश प्रसाद, चंद्रभान पांडेय, चंद्रेश,दीपक राजपूत,विन्द्रराज यादव,अजय यादव, राजेश मौर्य, रन बहादुर सिंह,प्रधान गौतम पाठक शाहिद बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

### इनको मिले स्वीकृति पत्र

नूरजहां पत्नी आबिद अली, सुरैया पत्नी मुजफ्फर अली, इन्नतुल निशा पत्नी निसार अहमद, अंसार अली पुत्र अब्दुल वाहिद।

### इनको सौपी गयीं चाबियां

शहीदू आलापुर, नसरीन बानो, गुलशन बानो अहीर गांव, सूफिया बानो, रुबीना बानो, आसिया बानो अंसारी, सुकई पुत्र राम लखन भटगवा, आयशा बानो हरिपालपुर, साजिदुल निशा पत्नी अब्दुल बारिक जासेपुर, मरियम पत्नी मकबूल खा, अबरार पुत्र इलाकेबाज खानपुर, हबीब अहमद, शहाबुद्दीन, साफिया बानो, तौकीर, रईस एवं इजहार मरूई, फैज मोहम्मद, शाहीन, फातिमा मोहम्मदपुर, मोहम्मद सफीक सड़वा, असलम, मोहम्मद सज्जन, नियामत सीठूमऊ, मोहम्मद अयूब टिकरहुआ, अनवर, दिलावर अली, समीदुल अमरवल किरसिया, माही नूर बानो बली गेरावा।

# विश्वकर्मा पूजा कर पीएम मोदी जी के दीर्घायु की हुई कामना

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**



**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख हैदरगढ़ रामदेव सिंह द्वारा मंगलवार की सुबह सुबेहा-शुक्लबाजार मोड़ पर स्थित अपने कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर मौजूद लोगों के बीच में मिष्ठान एवं फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत को विश्व में एक नई पहचान मिली है आज हर क्षेत्र में भारत सफलता के नए आयाम गढ़ रहा है। देश एवं प्रदेश ऐसे ही उन्नति करता रहे इसके लिए यह आवश्यक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुदीर्घ एवं स्वस्थ रहें और देश का नेतृत्व करते रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को विश्वकर्मा पूजा की बधाई देते हुए श्री सिंह द्वारा लोगों के बीच फलों एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य उपाध्यक्ष विक्रम सिंह किशोर सेठ प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बलरामपुर चीनी मिल में हुई विश्वकर्मा पूजा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पोखरा गांव स्थित बलरामपुर चीनी मिल समूह की हैदरगढ़ इकाई में आज विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चीनी मिल के मुख्य प्रबंधक बीके यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अनंत चतुर्दशी पर कांवरियों ने किया जलाभिषेक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** अनंत चतुर्दशी पर्व पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए हैदरगढ़ सहित आसपास के गांव से रवाना हुए हजारों कांवरियो द्वारा मंगलवार की सुबह भूत भावन भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसी के साथ चार दिनी कार्यक्रम का विसर्जन हो गया। उल्लेखनीय है कि अनंत चतुर्दशी के अवसर पर औसानेश्वर महादेव बाबा का जलाभिषेक करने के लिए चार दिन पूर्व से ही कांवरिया रंग बिरंगी कावड़ के साथ डलमऊ रायबरेली के लिए वाहनों, मोटरसाइकिलो एवं पदयात्रा के माध्यम से डीजे एवं गाजे बाजे के साथ नाचते झूमते हुए रवाना हुए थे और सोमवार को कांवरियों के जत्थो के हैदरगढ़ आगमन के साथ पूरा नगर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा । कस्बा में आयोजित भंडारों में प्रसाद ग्रहण करने के बाद कावरियों का समूह औसानेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हो गया था जहां पर हजारों की संख्या में मौजूद कांवरियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनका भरपूर आनंद लोगों ने उठाया। मेला परिसर में अगड़ बम काँवरिया संघ, जय गंगा मैया काँवरिया संघ, बम लहरी कवरिया संघ सेमरौता, आदि योगी शिव शक्ति कावरिया संघ टिकरी शिवरतनगंज,श्री अवसानेश्वर महादेव काँवरिया संघ अंसारी सहित अनेक संघो के बैनर तले हजारों कांवरिया मौजूद रहे और मध्य रात्रि के बाद मंदिर के कपाट खोलने के साथी गोमती नदी में डुबकी लगाकर गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर घर परिवार के साथ ही देश में तरक्की खुशहाली और अमन चैन का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, अगर बम कांवरिया संघ के सर्वे सर्वे राजू भैया घनश्याम महेश डब्बू अवस्थी सहित बड़ी संख्या में कांवरिया मौजूद रहे।

### दस दिनों तक चली पूजा अर्चना के बाद विसर्जित की गई गणेश प्रतिमाएं

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** गणेश महोत्सव पर 10 दिनों तक चली पूजा अर्चना के बाद 11वें दिन नगर के सब्जी मंडी वार्ड से गणेश विसर्जन शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड दिखाई दी। डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर पूरे कस्बे को भक्तिमय कर दिया। गणपति बप्पा मोरया के उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। नगर के सब्जी मंडी वार्ड निवासी पूर्व सभासद विपिन साहू के आवास पर विराजे गणपति की पूजा अर्चना के बाद लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे से होकर निकली यह भव्य विसर्जन यात्रा तहसील मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर गोमती नदी के औसानेश्वर घाट पर पहुंची। जहां पर विधिवत मंत्रोपचार के बाद गणेश प्रतिमा का गोमती नदी में विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन यात्रा में शामिल महिला व पुरुष श्रद्धालु गणेश जी के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे।यात्रा के दौरान प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा था। विसर्जन यात्रा में विपिन साहू के अलावा ,ननकऊ साहू ,जय नारायण साहू, मुन्नू साहू, विक्की वैश्य, जितेंद्र सिंह, देवी, रवि साहू, नन्नू सैनी, विज्ञान मिश्रा, गुड्डू साहू, सौरभ अग्रवाल, सुरेंद्र सोनी, रिशु मिश्रा, कार्तिक, आराध्या, इश्यू, मीनाक्षी, प्रीति साहू, रामलाल, संतोष कुमारी आदि शामिल रहे।

### विद्युत केंद्र पर हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**जैदपुर बाराबंकी।** विद्युत वितरण उप केंद्र ज़ैदपुर परिसर में आज भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सृष्टि रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी की विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजन हवन किया गया।इस अवसर एसडीओ संदीप सिंह सहित सभी कर्मचारियों ने सुंदरकांड का पाठ, पूजन हवन और सभी उपकरणों का पूजा पाठ किया। इसके पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर एसडीओ संदीप? सिंह,जेई ?मिर्जा परवेज़ हुसैन,वकार मेहंदी, रोहित शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह, सरवन कुमार,नेवल किशोर,रूपेंद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, वसी अहमद, इरशाद,मो फुरकान, आसिफ सहित तमाम कर्मचारी मौजूद थे।

### कल कारखानो व दुकानों पर हुई भगवान विश्वकर्मा पूजा

**रामनगर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के सभी कस्बों और ग्रामों में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से श्रृद्धापूर्वक मनाई गई।क्षेत्र के कारीगरों राजगीरों मिस्त्रियों दुकानदारों व कल कारखानों के मालिकों द्वारा पारंपरिक रूप से पूजन हवन कर औजार और मशीनों का विधिवत पूजन किया गया।इसके बाद बाद प्रसाद वितरण कर विश्वकर्मा बाबा की गाजे बाजे सहित शोभायात्रा निकाली गई।गणेशपुर क्षेत्र की विशाल लकड़मंडी बड़नपुर में आरा मशीनों के संचालकों फर्नीचर व्यवसाईयों व विश्वकर्मा समाज के लोगों द्वारा आपसी सहयोग से हवन पूजन के बाद रथ सजाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा के साथ साथ रथ के पीछे पीछे गाड़ी लगाकर क्षेत्र वासियों में प्रसाद वितरण किया गया।ये रथयात्रा लकडमंडी से चलकर गणेशपुर रेलीबाजार लोहटी जई मीतपुर झाला आदि ग्रामों से होते हुए लकड़मंडी पहुंचकर पूर्ण हुई।जिसमे कमेटी के सदस्यों के साथ हजारों की संख्या में बच्चे बुजुर्ग और जवान भक्त शामिल रहे।

### भगवान विश्वकर्मा जयंती पर शिल्पकारों को किया गया सम्मानित

**जालौन (उरई)।** भगवान विश्वकर्मा जयंती पर भारतीय विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। साथ ही भगवान विश्वकर्मा के वंशजों को सम्मानित किया गया। वहीं, विश्वकर्मा समाज समिति द्वारा भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर अखंड रामायाण पाठ और पूजा अर्चना की गई। भारतीय विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के तत्वावधान में द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। समिति के जिलाध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा व ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने भगवान विश्वकर्मा के वंशज जो आज भी अपने शिल्पकार व्यवसाय से जुड़े रहकर काम कर रहे हैं, उन्हें सम्मानित किया। जिनमें दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा, भगवान दास प्रजापति, मुरारीलाल स्वर्णकार, सूरज ताम्रकार, कैलाश पांचाल को सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता है। उनके वंशजों का सम्मान करना निश्चित है इस कार्य में लगे लोगों का हौसला बढ़ाने वाला है। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र पाटकार मृदुल ने किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, विनय माहेश्वरी, अभय सिंह राजावत, शशिकांत द्विवेदी, डॉ. बृजेंद्र दुबे, संजय विश्वकर्मा, उमाकांत विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, कौशलेंद्र विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, हरनारायण विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। उधर, विश्वकर्मा समाज समिति द्वारा मोहल्ला चिमनदुबे स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर लल्लू भइया विश्वकर्मा की देखरेख में अखंड रामायण पाठ और भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई।

# सरकार जनता के द्वार तक पहुंचकर समस्याओं का वहीं पर कर रही है निदानः मंत्री सुरेश राही

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**चन्दनपुरवा गांव में ग्राम चौपाल एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने किया शुभारंभ**



विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत नसीरनगर के चन्दनपुरवा गांव में ग्राम चौपाल एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही द्वारा किया गया। ग्राम चौपाल एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम में पहुँचे प्रभारी मंत्री का जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वन विभाग की मुहिम % एक पेड़ माँ के नाम % के तहत पौधरोपण भी किया। प्रभारी मंत्री ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग आदि के लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री द्वारा मोनी यादव पत्नी अर्जुन सिंह व करिश्मा पत्नी हंसराज की गोद भराई का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। दिनकर पुत्र उदय प्रताप का अन्नप्राशन किया गया। अंशुमान पुत्र अनुज कुमार, कान्ही पुत्री विनोद, अभी पुत्र अभय प्रताप, सोनी पुत्री देशराज, आयुष पुत्र सुधीर को पोषण पोटली वितरित की। प्रभारी मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेस 2 के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण लाभार्थियों सत्यनाम पुत्र राम सिंह, उमा शंकर पुत्र श्रीराम, सत्यवान पुत्र गंगा प्रसाद को स्वीकृति पत्र एवं संदीप पुत्र श्यामलाल, शिवम पुत्र राम सेवक को गरिमा कार्ड वितरण किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मसौली की छात्राओं द्वारा वाद्य यंत्रों के साथ माँ वीणा पाणि सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के द्वार तक पहुँचकर जन समस्याओं का वहीं पर निदान कर रही है। प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने विकास कार्यो की प्रगति पुस्तिका पढ़ते हुए राशन कार्ड, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग, निराश्रित पेंशन, पीएमश्री आवास, शौचालय, हैंडपंप आदि के विषय में जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए कराए गए कार्यो के विषय में जनता से जानकारी ली और कहा कि अधिकारी गांव-गांव कैम्प लगाए, जिसमें पेंशन, राशन कार्ड, आवास सहित सभी समस्याओं का निराकरण शीघ्रता से किया जाए। निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का संदेश है कि उनके जन्मदिन पर गांव के लोगों की सेवा की जाए, सेवा पखवाड़ा मनाकर गांव की जनता की समस्याओं का निदान किया जाए। सदस्य विधान परषिद अंगद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए इस महान कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिये सबको प्रेरित किया। हम सभी जानता की समस्याओं को सुन रहे है और उसके निदान के लिये प्रयासरत है। कार्यक्रम के उपरांत ग्राम प्रधान संतोष कुमारी व प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर एमएलसी अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़, दिनेश रावत, निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्या, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एसडीएम नवाबगंज/जॉइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साई, बीडीओ मसौली/प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, उप निदेशक कृषि श्रवण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेंद्र दूबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. पल्लवी सिंह, बीईओ मसौली सहित सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारीगण सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या मामले में आया नया मोड़

जालौन (उरई)। लगभग दो माह पूर्व विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में विवाहिता के मामा की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है। जिनमें पुलिस ने तीन आरोपियों पुलिस पहले की गिरफ्तार कर चुकी थी। इस मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी शिवम पुत्र रामबिहारी की शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुरा निवासी मुस्कान (22) पुत्री सुरेश के साथ हुई थी। बीती सात जुलाई को जब घर के सदस्य काम के लिए चले गए थे। तब मुस्कान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। भारत सिंह उर्फ धन्नू निवासी थाना एरच जिला झांसी ने 10 जुलाई को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया था कि उन्होंने वर्ष 2023 में अपनी भांजी की शादी की थी। शादी में उन्होंने लगभग छह लाख रुपये दिए थे।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण में आयी तेजी

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**यमुना** का जलस्तर कम होने के बाद अब प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण शुरू किया है। मंगलवार को रायढ़ दिवारा व पड़री गांव में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री दी गई। गत दिनों यमुना का जलस्तर बढ़ने से यमुना पट्टी के कई गांव प्रभावित हुए थे। इस दौरान कई गांवों का आवागमन भी प्रभावित हो गया था लेकिन विगत दो दिनों से यमुना का जलस्तर कम होना शुरू हो गया है। मंगलवार को यमुना 105 मीटर पर बह रही है जो खतरे के निशान से तीन मीटर कम है और इसी के साथ प्रभावित क्षेत्रों का आवागमन भी शुरू हो गया है लेकिन प्रशासन ने इन प्रभावित क्षेत्र की जनता को राहत सामग्री वितरित करना शुरू किया है। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की अगुआई में उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने क्षेत्र के ग्राम रायढ़ दिवारा गांव के लगभग 200 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि आपदा के दौरान उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है शासन और प्रशासन उनके साथ खड़ा है उनकी हर सम्भव मदद की जाएगी हालांकि उन्होंने कहा कि फिलहाल बाढ़ का खतरा तो टल गया है पर इससे किसानों को काफी क्षति पहुंची है वह इस मामले में शासन से आर्थिक मदद के साथ फसल बीमा कम्पनी से क्षतिपूर्ति कराने की भी कोशिश करेंगे। वही मंगलवार को ही प्रशासन ने महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पड़री में पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन की मौजूदगी में प्रभावित परिवारो को वाढ राहत सामग्री वितरित की। इस मौके पर तहसीलदार अभिनव तिवारी, मनोज चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र कुमार, भाजपा नेता सत्येन्द्र चौहान, कन्हैया मिश्रा सिद्धू तिवारी के अलावा बडी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था बढ़ते अपराध, दुराचार और भ्रष्टाचार के विरोध में आज कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी कांग्रेस

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



**कांग्रेस पार्टी** बुधवार को प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था बढ़ते अपराध,दुराचार और भ्रष्टाचार के विरोध में कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी। उक्त उक्त बातें कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया ने कहीं। पत्रकारों से वार्ता करते हुए फैजाबाद मंडल के धरने के प्रभारी तनुज पुनिया ने कहा उत्तर प्रदेश पिछले सात वर्षों में अपराध की राजधानी बन गई है।

वर्ष 2022 तक के एनसीआरबी के आंकड़ों को अगर हम देखें तो पूरे देश में सबसे ज्यादा अपराध उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं। इसी माह सितंबर में ही अयोध्या में सफाई कर्मी का कार्य करने वाली बीस वर्षीय यूपी के साथ दुष्कर्म किया गया।महोबा जिले के चरखारी कस्बे के मोहल्ला बजरिया के व्यापारी अनिल चौरसिया की हत्या हुई, वाराणसी में सिगरेट विक्रेता शारदा यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई,गजरौला कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर डोर में मेले में दबंग ने लोगों के ऊपर थार गाड़ी चला दी।

जौनपुर में मंगेश यादव को संदिग्ध एनकाउंटर में मार दिया गया।यह घटना यह दर्शाती है कि मुख्यमंत्री के हाथों से कानून व्यवस्था फिसल गई है और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद ही सदन में ठोक डालो,मिट्टी में मिला देंगे जैसी आलोकतांत्रिक भाषा का प्रयोग कर एक विशेष समुदाय और जाति में डर पैदा करने का प्रयास करते हैं। श्री पुनिया ने कहा योगीराज में उत्तर प्रदेश में अपराधी निरंकुश, पुलिस बेअंदाज,अधिकारी बेलगाम और मंत्री असहाय प्रतीत हो रहे हैं। अपराधियों पर कानून के दायरे में कार्यवाई करने के बजाय जाति और संप्रदाय देखकर कार्यवाही की जा रही है। आज हत्या, महिलाओं का अपहरण, गैंगरेप, दहेज हत्या के मामलों में उत्तर प्रदेश पूरे भारत में नंबर एक पर है। श्री पुनिया ने कहा योगी जी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश जंगल राज में तब्दील हो गया है कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है योगी जी खुद को संत कहते हैं और सनातन का ध्वजवाहक बताते हैं पर शायद वह भूल गए हैं कि सनातन में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है।दुर्भाग्य यह है कि उनके शासनकाल में सबसे ज्यादा सुरक्षित महिलाएं ही हैं सबसे ज्यादा अपराध महिलाओं के खिलाफ हो रहे हैं।

पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा एससी एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामसागर रावत, युवा अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी मोहम्मद आमिर, महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय उमेश उपाध्याय सविता यादव प्रवीण श्रीवास्तव सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह सैनिक, अशोक कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने किया सूचना विभाग की प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



जिले के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को नगर निगम में सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया।सूचना विभाग द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं का प्रदर्शनी के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने इस अवसर पर मंत्री श्री शाही के साथ साथ अन्य जनप्रतिनिधियों को बुके देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री शाही ने कहा कि सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी बहुत ही सुन्दर व आकर्षक है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की योजनाओं का भव्य प्रचार प्रसार किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान सूचना विभाग द्वारा एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया,जिसे वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों व आमजन द्वारा सुना गया। मंत्री श्री शाही ने कहा कि यह प्रदर्शनी को तीन दिवस के लिए नगर निगम परिसर में लगे रहने दिया जाए जिससे यहां आने वाले आमजन को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सकें।कृषि मंत्री द्वारा जिले मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राम की पैड़ी और सरयू घाट सब्जी मण्डी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जिनके जीवन का एक एक क्षण एवं रक्त की एक एक बूंद देश के लिए समर्पित है ऐसे ओजपूर्ण व्यक्ति को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विश्वकर्मा पूजा व बुढ़वा मंगल की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने दिनांक 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छ वॉकथान रैली में सम्मिलित हुए और गुलाबबाड़ी में लोगों के साथ सफाई अभियान चलाते हुये सभी को स्वच्छता की शपथ ग्रहण करायी। उन्होंने गुलाबबाड़ी का भी स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया और योगाभ्यास में सम्मिलित हुए।मंत्री श्री शाही ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिवस के पर राजकीय श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या व राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज दर्शननगर, जिला चिकित्सालय अयोध्या में मरीजों का हाल चाल जाना व उनको फल वितरित किया तथा रक्तदान शिविर में भी प्रतिभाग किया गया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह,महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सुनील मिश्रा, महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा रवि शर्मा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त नगर नगम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मरीजों से दर्द साझा कर मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मोत्सव

**सीएचसी पूराबाजार आयोजित किया गया फल वितरण कार्यक्रम**



**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर मंगलवार को पूराबाजार में सेवा का भाव जमीनी स्तर पर नजर आया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की अगुवाई में सीएचसी पूराबाजार में मरीजों को फल वितरित किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समाज सेवा और जनहितकारी के कार्यों को सम्मानित करते हुए लोगों के प्रति सेवा भाव प्रकट करना था। कार्यक्रम की समाप्ति पर ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन देश की सेवा,उन्नति, विकास और समाज में निचले तबके के लोगों का उत्थान कर बराबरी का दर्जा दिलाने के प्रति समर्पित रहा है।इसी भावना से प्रेरित होकर और जनमानस में इसका प्रसार कर इसे आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया है,जिससे दुख और दर्द का दंश झेल रहे मरीजों के साथ ज़रूरतमंदों को राहत और सहायता मिल सके।उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी के दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की, साथ ही सभी को प्रधानमंत्री की नीतियों और विचारों से प्रेरणा लेने की अपील की।इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी,जिला महामंत्री शैलेंद्र, सीएचसी अधीक्षक अमित वर्मा और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# प्रत्येक कार्यकर्ता के रक्त की एक- एक बूंद बीजेपी एवं देश के लिए समर्पितः अभिमन्यु

- प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के 74 वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सयुंक्त जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने फीता काटकर शिविर की शुरुआत की। वही प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। मंत्री ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के आयोजन की सराहना की। भाजपा ज़िला प्रभारी इन्द्रपाल पटेल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सेवा ही संगठन है। और भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता भारत माता की सेवा में प्राण पड़ से तत्पर है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा भाजयुमो के प्रत्येक कार्यकर्ता के रक्त की एक- एक बूंद भारतीय जनता पार्टी एवं देश के लिए समर्पित है। रक्तदान शिविर में पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, पूर्व ज़िला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया, शैलेंद्र द्विवेदी, हरिबक्स सिंह, विपिन द्विवेदी, शरद मिश्रा, अजीत पांडेय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभिमन्यु सिंह, मंगलम पांडेय, वैभव त्रिपाठी, उदय कटियार, ध्रुव सिंह, शिवम् चतुर्वेदी आदि कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।



फीताकाटकर शिविर का शुभारंभ करती प्रभारी मंत्री व भाजपा जिलाध्यक्ष

## गणपति बप्पा मोरया जयघोष के साथ विदा हुए गजानन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** श्री गणेश की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। विसर्जन यात्रा में डीजे की धुन पर अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्तगढ़ जमकर झूमते नजर आएं। भगवान गणेश हिंदू धर्म के प्रथम पूज्य देव है। यथार्थ हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है।

प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी के दिन घरों में गणपति जी की स्थापना की जाती है। और गणेश विसर्जन तक बप्पा की सेवा की जाती है। कस्वे में कई प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सप्ताह भर गणेश महोत्सव के संपन्न होने के बाद लोगों ने भगवान गणेश की विदाई समारोह का आयोजन किया। भक्ति भाव के साथ कई भक्त भगवान गणेश की प्रतिमा को लेकर विसर्जन के लिए निकले। विसर्जन यात्रा में डीजे पर भक्ति गीत पर जमकर अबीर गुलाल उड़ाया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपीं चाबियां

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**विकासखंड सभागार** गुगरापुर में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हुए मकानों के आवंटन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हुए मकानों के पत्र जारी किए गए। वहीं योजना के तहत बनकर तैयार हुए मकान की चाबियां को ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी, खण्डविकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने लाभार्थियों को सौंपी। वीडीओ ने बताया कि 22 पात्रों में से 11 को स्वीकृत पत्र और 16 को ताला चावी दी गयी। इस दौरान उड़ीसा, भुवनेश्वर से प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को देखा और सुना गया। वीडीओ ने कहा कि अगर कोई पात्र लाभार्थी इस योजना वांछित रहा है। तो फिर से सर्वे होगा और उसे योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर इब्राहिमपुर प्रधान सद्दाम हुसैन, प्रधान राजुपुर सहित आदि लोग रहे।



लाभार्थी को पत्र सौंपते ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ

## नेशनल क्रिकेट टीम में खेलेगा सीसीए का छात्र सूर्यांश

छिबरामऊ कन्नौज। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड अंडर -17 क्रिकेट टीम में संस्था सिटी चिल्ड्रेन्स अकादमी छिबरामऊ के छात्र सूर्याश का चयन हुआ7 यह समाचार पाते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। लखनऊ में आयोजित ए. यस. आई. यस. सी.स्कूलों की रीजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में बरेली जोन की विजेता टीम में सीसीए के खिलाड़ी सूर्याश के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उसका प्रदेश की क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। ए.एस.आई.यस.सी.के तत्वावधान में 26 सितंबर से 30 सितंबर तक अहमदाबाद (गुजरात)में होने जा रहे राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिता में खेल कर यह छात्र विद्यालय व जनपद का नाम रोशन करेगा उसकी इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप प्रधान,सीईओ विश्वास प्रधान, प्रधानाचार्य बलराज कपूर, व खेल प्रशिक्षक आजाद खान ने उसका उत्साहवर्धन किया।

# पीएम के जन्मदिन पर लाभार्थियों को कराया गया गृह प्रवेश



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि व कर्मचारियों ने धूमधाम व सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। समधन नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पहले उनका लाइव प्रसारण दिखाया गया इसके बाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी लाभार्थी नगर के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी नईम पुत्र अलीमुद्दीन व इसी मोहल्ले के निवासी महिला तारा देवी पत्नी फैयाज के नवनिर्मित बने आवासों पर पहुंचकर फीता काट कर गृह प्रवेश कराया गया।

# छेहदान के माध्यम से छात्रों के अध्ययन के लिए मिला चैथा देह

- कानपुर के नानाकारी आईटी निवासी मुन्नीलाल का देह किया गया दान
- परिजनों ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज को सौंपा शरीर

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

राजकीय मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत एमबीबीएस छात्रों के देहदान के माध्यम से एक मनुष्य का शरीर उपलब्ध करा दी गई है। जिससे अब मेडिकल छात्रों को मानव शरीर में होने वाली क्रिया प्रतिक्रिया को सीखने में मदद मिल सकेगी।

युग दधीचि देहदान अभियान के मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था को 16 सितंबर को शाम 05 बजे नानकारी, आई आई टी कानपुर निवासी मुन्नीलाल का निधन होने पर उनके परिवार द्वारा देहदान कर संकल्प पूरा कराने का आग्रह किया गया किया। इस पर उन्होने परिजनों की सहमति मृतक मुन्नीलाल के देह को तिर्वा मेडिकल कॉलेज को दान करने का निर्णय लिया गया। मंगलवार को कानपुर से दिवंगत मुन्नीलाल को देह एंबुलेंस से लेकर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां एनाटामी विभाग की एचओडी डा. मंजुला सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ देह को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वीकार किया। इय दौरान कन्नौज देहदान प्रभारी विनय दुबे, दीपक और तिर्वा प्रभारी त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी जी सहित देहदानी के पुत्र अजय, संजय और विकास भी उपस्थित रहे।





## खबरें चलते-चलते

### प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की सौंपी चाबी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी ने स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष अभियान का शुभारम्भ गौरीशंकर मंदिर के प्रांगण की साफ-सफाई कर किया। इस अवसर पर उन्होने जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी के साथ संयुक्त रुप से पौधे रोपित किया। मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थियों को आवास चाबी व प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस दौरान उड़ीसा, भुवनेश्वर से प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। मंत्री ने कहा कि हर मां का सपना होता है कि उसका परिवार एक साथ एक पक्के मकान में रहे। मां के ऐसे हर सपनों को प्रधानमंत्री पूरा कर रहे हैं और अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों को लाभान्वित भी कर रहे हैं। उन्होंने उड़ीसा, भुवनेश्वर से एक बार फिर प्रधानमंत्री योजना आवास के अंतर्गत चाबी देने का कार्य किया है। आवास, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि प्रत्येक क्षेत्र में योजनाएं देकर लोगों के सपने पूरा कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा प्रधानमंत्री अपने उद्बोधन में कन्नौज के लाभार्थियों को बधाई संदेश भेजा है। कहा कि नगरीय क्षेत्र में लगभग 33332 आवास बनाये गये। गत वर्ष 7729 आवास स्वीकृत हुये और 329 नये आवास आये हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि प्रत्येक परिवार के पास पक्का सुन्दर मकान हो, जिसे पूरा किया जा रहा है।

### घर-घर जाकर पात्र लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाए

**छिबरामऊ कन्नौज।** खंड विकास कार्यालय की सभागार में पूर्व राज्य मंत्री ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी भेंट की। खंड विकास कार्यालय के सभागार में खंड विकास अधिकारी दीपंकर आर्य समाज कल्याण अधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की बैठक में पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ब्लॉक प्रमुख सुमन पाल ने लाभार्थियों को आवासों की चाबी सौंपी लाभार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार प्रत्येक सर को छत मुहिया करने के लिए दृढ़ संकल्पित है प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ग्राम सभा स्तर पर सर्वेक्षण चल रहा है छूटे हुए लोगों को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्राम सभा स्तर पर घर-घर जाकर पात्र लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाए।

### मनुआ भगवन मन्दिर में दर्शन करने के लिये श्रृद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**मलिकपुर/ समधन, समृद्धि न्यूज़।** बुढ़वा मंगल पर्व को लेकर मनुआ भगवन मन्दिर में श्रृद्धालुओ की भारी भीड़ दर्शन करने के लिये पूरे दिन तांता लगा रहा साथ ही श्रृद्धालुओं की भीड़ को देखते हुऐ पुलिस प्रशासन की ओर से बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई। क्षेत्र के रामाश्रम काली नदी तट पर बसे सिद्ध गुफा आश्रम मनुआ भगवन मन्दिर परिसर में सुबह छः बजे से श्रृद्धालुओ की भीड़ लगनी शुरू हुई जो धीरे-धीरे भीड का सिलसिला बढ़ता गया बुढ़वा मंगल पर्व पर श्रृद्धालुओ ने बृहमलीन सन्त मनुआ भगवन व विशाल बजरंग बली मूर्ति की पूजा अर्चना की गई इसके वाद एक विशाल लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में एक साथ कतारों में बैठकर भोज व प्रसाद ग्रहण किया गया।

### मोदी के जन्मदिवस पर अमन हास्पिटल में मरीजों को बांटे फल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74 वें जन्मदिवस के अवसर पर अमन हॉस्पिटल में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति के लिए कामना की गई। मंगलवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित अमन हॉस्पिटल में भाजपा नेता डॉ. शरद द्विवेदी एवं डॉ. गयासुद्दीन सिद्दीकी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि देश के लिए ऐसा ही प्रधानमंत्री चाहिए जो दिन रात जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें विश्व में भारत को एक अलग पहचान दिलाई है। इस अवसर पर डॉ. अमन सिद्दीकी, डॉ. राहुल शाक्य, मेनेजर जुबेर खान, राम प्रकाश, रब्बानी, इरशाद आदि उपस्थित रहे।

## श्रीगणेश जी की विसर्जन यात्रा धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकल गई



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**अनंत चौदस** पर भगवान श्री गणेश जी की विसर्जन यात्रा धूमधाम से गाजे बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्ग होते हुए ककरी तालाब में गणपति विसर्जन हुआ। आज गणपत विसर्जन यात्रा धूम धाम से गाजे बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्ग होते हुए सौरिख रोड स्थित ककरी तालाब तक श्रद्धालु नाचते गाते हुए गणपति बप्पा मोरिया के गगन बेदी नारे लगाते हुए ककरी तालाव पर पहुंचे जहां पर विसर्जन किया गया सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस क्षेत्राधिकार प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह भारी कस्बा इंचार्ज राम मनोज द्विवेदी मात्रा में पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र शुक्ला विमल कुमार दुबे के साथ राजस्व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य के लिए सहजन एक चमत्कारी पौधाः डॉ. कनौजिया

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**पोषण माह** के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के अध्यक्ष डॉ वी. के. कनौजिया ने बताया कि सहजन एक चमत्कारिक पौधा है। भारत में सहजन को कई और नामों से भी जाना जाता है। जैसे मुनगा, सहजना,सेजन, सुजना, मोरिंगा, ड्रमस्टिक आदि । इसमें कई तरह के गुण होते हैं, जिसके कारण यह काफी प्रसिद्ध है। यहाँ सहजन की खेती व्यापक रूप में की जाती है। इसमें पाए जाने वाले औषधीय गुणों के कारण इसका उपयोग पूरे विश्व में खाने में स्वाद बढ़ाने से लेकर इसकी सब्जी और सूप बनाने में भी किया जाता है। बहुत से लोग इसको करी, सूप, सांभर या फिर अचार बना कर भी खाते हैं। इसके पत्ते, फल और फूल मनुष्य एवं पशुओं के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का भंडार हैं। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव ने बताया कि यह कम उपजाऊ और कम पानी वाले क्षेत्र में भी आसानी से हो जाता है। यह कई पोषक तत्वों और विटामिनों से भरपूर होते। इसकी पत्तियाँ विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और खनिजों से भरपूर होती हैं। इसकी पत्तियां विटामिन ए, बी1, बी2, बी6, सी और फोलेट का समृद्ध स्रोत हैं। डॉ यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सहजन की ताजी पत्तियों में संतरे से सात गुना ज़्यादा विटामिन सी,गाजर से चार गुना ज़्यादा विटामिन ए, दूध से चार गुना ज़्यादा कैल्शियम, केले से तीन गुना ज़्यादा पोटैशियम, पालक से तीन गुना ज़्यादा आयरन, दही से दो गुना ज़्यादा प्रोटीन, और बादाम से तीन गुना ज़्यादा विटामिन ई पाया जाता है।



## श्री हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** बुढ़वा मंगल पर श्री हनुमान मंदिर में सुंदरकांड व अखंड पाठ के बाद आज प्रसाद दुआ भंडारा का आयोजन शहर में दर्जनों मंदिरों पर आयोजित किया गया। शहर के के हनुमानगढ़ी स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया शहर के बीचो-बीच स्थित पुलिया वाले बाबा के मंदिर पर सब्जी पूरी का भंडारा किया गया फर्रुखाबाद रोड स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर पर हलवा का प्रसाद का वितरण किया गया प्राचीन हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गयाबुढवा मंगल पर जीटी रोड के ग्राम खल्लारूपपुर हनुमान मंदिर मे सुबह से ही भक्तो का आना शुरू हो गया और प्रसाद वितरण भी हुआ इस दौरान मंदिर के मंहत सुमित अग्निहोत्री ने बताया कि हनुमान जयंती व बुढवा मंगलवार को पन्द्रह कुन्टल रवा का हलुवा का प्रसाद वितरण किया जाता है इस दौरान आसपास के गांवो के भक्तगण हर वर्ष आते है।

# मेडिकल कॉलेज के तकनीकी सहायकों की मदद से शुरू हुई सेपरेटर मशीन

- अब मरीजों को आसानी से मिल सकेगा प्लाजमा
- मेडिकल कॉलेज में भी मशीन लगाने की प्रक्रिया हुई तेज
- नहीं रेफर होगें अब डेंगू के मरीज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**जिले भर** में कोई भी कम्पोनेन्ट सेपरेटर मशीन न होने से डेंगू पीड़ित मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। राजकीय मेडिकल कॉलेज में भी भर्ती होने वाले मरीजों को प्लाज्मा के लिए कानपुर या अन्य अस्पतालो तक दौड़ लगानी पड़ती थी। मेडिकल कॉलेज के तकनीकी सहायको की मदद से जिला अस्पताल में रखी कम्पोनेन्ट सेपरेटर मशीन को इन्स्टाल करा दिया गया है। जिससे प्लाज्मा की आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को आसानी से मिल सकेगा। बरसात के बाद अक्सरकर मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। जिससे डेंगू मच्छर भी पनप जाते है। इन मच्छरों के काटने से मरीज गंभीर रूप से बीमार हो जाता है। ऐसे मरीजो को अक्सरकर प्लाजमा की आवश्यकता होती है, लेकिन प्लाजमा न मिलने जाने के कारण ऐसे मरीजों को कानपुर रेफर कर दिया जाता है। अधिकांश मरीज ऐसी हालत में अपनी दम तोड़ देते है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने बताया कि पिछले एक वर्ष से जिला अस्पताल में कम्पोनेन्ट सेपरेटर मशीन आ गई थी, लेकिन इंस्टाल न होने के कारण मरीजों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। प्लाजमा की जरूरत वाले मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर करना पढ़ता था, लेकिन मेडिकल कॉलेज के तकनीकी सहायकों की मद्द से कम्पोनेन्ट मशीन को मंगलवार को शुरू करा दिया गया है। अब प्लाज्मा की जरूरत वाले मरीजों को सहज ही प्लाजमा मिल सकेगा। जिससे उनको दूसरे अस्पतालों में रेफर नहीं करना पढ़ेगा। हालाकि मेडिकल कॉलेज में भी सेपरेटर मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो गई है जल्द ही मशीन को खरीद लिया जाएगा।



## धूमधाम से मनाई गई भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय कन्नौज में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती पर सपाध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जिलाध्यक्ष अरूण कुमार शर्मा के संयोजन में विश्वकर्मा भगवान के चित्र पर पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, बउअन तिवारी, शंकर शर्मा ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के सबसे बड़े वास्तुकार थे। इस अवसर पर आनंद बाबू यादव, अरुण यादव, यश दोहरे, अंशू पाल, पीपी बघेल, योगेश शर्मा, मनी गुप्ता, हिमांशु शर्मा, आकाश शर्मा, रामगोपाल शर्मा, गोविंद शर्मा, नीरज शर्मा, गौरव शर्मा, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे। उधर गुरसहायगंज तिर्वारोड स्थित एक गेस्ट हाउस में भाजपा नेता दीपू शर्मा के संयोजन में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

# स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सफाई कर्मियों का आम जनता करें संयोगः अखलाक हुसैन

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**17 सितंबर** से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने की इसी दौरान उन्होंने सभी कर्मचारीयों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन स्वच्छता अभियान तहत एक विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सफाई व्यवस्था पर विषेश ध्यान दिया जा रहा है शान द्वारा एक राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ भी किया जा रहा है जिसमें स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत तीन प्रमुख बिंदुओं पर अभियान चलाया जाएगा प्रथम बिंदु स्वच्छता की भागीदारी द्वितीय बिंदु श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता तथा संपूर्ण लक्षित इकाई के अंतर्गत ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर विशेष सफाई की जानी तृतीय बिंदु सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आदि का आयोजन होगा उन्होंने कहा आप इस अभियान में तथा आप सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण है। आगे उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में नगर की आवाम से सफाई कर्मियों का संयोग करने की अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने घरों एवं अन्य जगहों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें साथ ही खुलें स्थान पर कूड़ा कचरा न फेंकें इसके उपरांत स्वच्छता ही सेवा स्लोगन की शर्ट सफाई कर्मियों को वितरित की गई तथा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत रैली का भी आयोजन कर जन जागरूकता की गई इस अवसर पर सभासदगण व टाउन कर्मी विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव ,आलोक शाक्य, आनंद, प्रशांत ,मतलूब , रियाज हुसैन, नईम खां, सफाई नायक सुनील कुमार ,नरेश चन्द्र आदि सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# छेड़छाड़ की शिकार हुई युवती की हत्या कर शव तालाब में फेंका

- शरीर पर चोंटों के निशान, आंखें क्षतिग्रस्त, पुलिस मान रही है आत्महत्या
- पिता ने हत्या की जतायी आशंका, फॉरेंसिक टीम ने लिये नमूने

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीते दिनों** छेड़छाड़ का शिकार हुई युवती की हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अद्दूपुर देहामाफी निवासी प्रकाश चंद्र शाक्य की 19 वर्षीय पुत्री कल्पना का शव मंगलवार की सुबह 5 बजे गांव से कुछ दूर स्थित एक तालाब में उतराता देखा गया। शौच करने गये ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गांव में दी। जानकारी मिलते ही देखने पहुंचे ग्रामीणों ने युवती के परिजनों को दी। पिता ने पहुंचकर अपनी पुत्री के रुप में शव की पहचान की। मृतका के पिता प्रकाश शाक्य ने बताया कि बीती रात्रि 10 बजे उनकी बेटी शौच के लिए निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं आई तो उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने उसका शव तालाब में पड़ा देखा। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी फैजबाग जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष अमित गंगवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और जांच कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ग्रामीणों की माने तो शव पर कई चोंटों के निशान के अलावा सिर के पीछे भी चोंट के निशान थे और दोनों आंखे नहीं दिखायी दे रही थी। क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवती की हत्या कर घटना को छुपाने के उद्देश्य से शव को तालाब में आरोपी फेंक गये। मृतका के पिता ने पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस की माने तो आत्महत्या मान रही है। बताते चले कि 14 सितंबर को युवती के पिता प्रकाश चंद्र ने थाना में पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें दर्शाया था कि 13 सितंबर की शाम 5 बजे गांव के ही गौतम पुत्र राजेंद्र ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ की थी और उसे जबरियन बाग में खींच ले गया था और उसके साथ गलत हरकते की थी। आरोपी द्वारा यह धमकी दी गई कि अगर किसी को बताया तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर 16 सितम्बर को उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया और उसी रात में युवती के साथ घटना घटित हो गयी। जिस तालाब में युवती का शव मिला है स्थानीय लोगों की माने तो दो फुट से ज्यादा गहराई नहीं है। युवती के शरीर में कई जगह चोंटे है। सिर के अलावा आंखें भी क्षतिग्रस्त थी। पुलिस का मानना है कि शव पर जो चोंटों के निशान दिख रहे है हो सकता है मच्छलियों द्वारा चोंट पहुंचायी गई हो। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा। ग्राम प्रधान पंकज यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर पांच चोटें तथा पानी में डूबने से मौत होना पाया गया। मृतका की स्लाइड बनाकर जांच हेतु भेजी गयी है।


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

# विश्वकर्मा जयंती पर विद्युत उपकेंद्र पर हुआ हवन यज्ञ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**विश्वकर्मा जयंती** के शुभ अवसर पर विद्युत उपकेंद्र पर हवन पूजन कर संबंधित उपकरणों की पूजा की गयी। इसके साथ ही पूरे देश में सुख समृद्धि की कामनाएं की गयीं। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज में फर्रुखाबाद रोड पर बने 3311 केवी विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर एसडीओ मनीष वर्मा ने अपने समस्त स्टाफ के साथ विद्युत उपकेंद्र पर हवन पूजन किया गया तथा देश में सुख समृद्धि की कामनाएं की गयीं। वहीं विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर सभी लाइनमैनों ने अपने उपकरणों की भी पूजा की। वहीं आचार्य ने हवन किया। जिसमें सभी लोगों ने हवन कुंड में आहुतियां दीं। इस मौके पर एसडीओ मनीष वर्मा, जूनियर इंजीनियर जावेद अहमद, अवध प्रताप सिंह लाइनमैन, स्टाफ प्रमोद कुमार, वीरसिंह, अनिल कुमार, राजेंद्र सिंह, राहुल कुमार, विकास यादव, शमशाबाद विद्युत उपकेंद्र से सलीम खान, प्रदीप यादव, अनुरोध प्रताप, प्रदीप सक्सेना सहित कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


हवन पूजन करते एसडीओ व कर्मचारीगण — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## बाइक की टक्कर से अधेड़ महिला की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला विधि निवासी शान्तीदेवी पाल उम्र 55 वर्षीय पत्नी अनार सिंह पाल पैदल कोटेदार मुकेश के यहाँ से राशन लेने जा रही थी। गॉव से निकलते ही नगला विधि मोड़ पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक गौरव उम्र 17 वर्षीय पुत्र महेन्द्र निवासी मदारपुर थाना कायमगंज ने शान्तीदेवी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्धा का पैर टूट गया और वह बुरी तरह गम्भीर रूप से घायल हो गई। राहगीरो ने बाइक चालक गौरव को पकड़कर दोनों को 108 एम्बुलेन्स द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कुछ देर बाद शान्ती देवी की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतका के पति सहित बेटे हरसरन, शिवचरन, उमेश, विवेक व बहन प्रियंका, सरोजा सहित ग्राम प्रधान ईश्वर दयाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहाँ प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँचे हल्का इन्चार्ज शमशुद्दीन ने जॉच पड़ताल कर मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उधर वृद्धा की मौत के बाद बाइक चालक गौरव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से फरार हो गया।

## गृहकलह से क्षुब्ध अधेड़ ने खाया सल्फास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी रनवीर उर्फ मुन्ना उम्र 45 वर्षीय पुत्र सुखलाल ने गृहकलह से क्षुब्ध होकर सल्फास खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही रनवीर की मॉ सरलादेवी ने बताया कि यह मेरा बेटा नरवीर अपनी माँ के साथ झगड़ रहा था। जिसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस नरवीर को पकड़कर थाने ले आई। उसके बाद नरवीर को डाँट दिया। घर आने के कुछ देर बाद सल्फास खा ली।

## डग्गामार बस से गिरकर रिटायर्ड विद्युतकर्मी की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बस से पत्नी के साथ आये रिटायर्ड बिजली कर्मी की डग्गामार बस से गिरकर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जाँच की। पुलिस ने एक बस हेल्पर को दबोच लिया है। जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के कुंअरपुर बनवारी विशुनगढ़ रोड छिबरामऊ कन्नौज निवासी 82 वर्षीय सीताराम दिवाकर रिटायर्ड बिजली कर्मी था। वह मंगलवार को अपनी पत्नी रामबेटी के साथ डग्गामार बस से कोतवाली फतेहगढ़ के नेकपुर पुल के ऊपर पहुंचा। बस से उतरने के दौरान बसकर्मियों की लापरवाही से वह पुल पर ही गिर गये। जिससे सीताराम की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार, कर्नलगंज चौकी प्रभारी जगदीश वर्मा, सेंट्रल जेल चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार मौके पर पंहुचे और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक सीताराम की पत्नी रामबेटी ने बताया कि वह लोग लखनऊ अपने बेटों के पास जा रहे थे। पुलिस ने बस के एक हेल्पर को पकड़ लिया और कोतवाली ले गयी। मृतक के पास मिले अभिलेखों से मिले नंबर से उनके परिजनों को पुलिस ने सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

## घर में कुत्ता घुसने पर आरोपियों ने पीट-पीटकर मार डाला

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पालतू कुत्ता घर में घुसने पर आरोपियों ने पीट-पीटकर मार डाला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसर थाना क्षेत्र ग्राम अचानकपुर निवासी बाजी लाल पुत्र पुत्तूलाल ने गांव के वीरपाल तथा अनार सिंह पुत्रगण बाबूराम के खिलाफ चिलसरा चौकी में तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि उसका पालतू कुत्ता आरोपी के घर में घुस गया था। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने लाठी-डंडों से कुत्ते को मारापीटा। जिससे उसकी मौत हो गयी। पीड़ित का कहना है कि उसने 13 सितम्बर को भी आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। कार्यवाही न होने पर पुनः तहरीर दी है।

# ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने पीएम व सीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजकर मांग की है कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनायें पाबंदी कानून 2019 बनाकर ठग कम्पनीज एवं ठग सोसाइटीज में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुना वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। अनियमित जमा योजनायें पाबंदी अधिनियम 2019 के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पीड़ित आवेदकों से आनेदन लेने और उनका भुगतान करने हेतु भुगतान पटल की स्थापना कागजों में कानून में हुई थी, अनियमित जमा और नियमित जमा योजनाओं में जनता के जमा धन की वापसी हेतु संसद और सरकार ने देशभर में विशेष न्यायालय सक्षम अधिकारी, सहायक सक्षम अधिकारी और अन्य नोडल एजेंसीज का चयन एवं नियुक्ति की थी और कानून बनाकर जनता को यह विश्वास दिलाया था कि सरकार उनका डूबा हुआ और ठगा गया धन वापस करेगी और दोषी संचालकों को दण्डित करेगी, समयबद्ध कानून के लागू होने के 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी बहुत से राज्यों एवं जिलों में संघ या राज्यों ने बुडस एक्ट 2019 के अंतर्गत पीड़ितों से न आवेदन आमंत्रित किये न आवेदन लेने के बाद उनका धन विधि सम्मत रुप से वापस किया। जो करोड़ों नागरिकों के साथ अन्याय है और इसका प्रतिकार करना हमारा धर्म और अधिकार है। हमारे जिला, तहसील, नगर, गांवों में लाखों ठगी पीड़ित हैं जिनकी पूंजी सरकारी एजेंसी और ठगों के पास फंसी है। जो बार-बार आवेदन करने के बाद भी जिला प्रशासन व सक्षम अधिकारी वापस नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से लाखों परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति आ गयी है।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर आवास लाभार्थियों को मिले स्वीकृति पत्र

- केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में भी दी गयी जानकारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**खंड विकास** कार्यालय में आवास लाभार्थियों को बुलाकर खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने आवास स्वीकृति पत्र वितरित किये।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को कमालगंज खंड विकास परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पात्र आवास लाभार्थियों को बुलाया गया। जिसमें कुल 17 ग्राम पंचायतों के लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र दिए गए। कुल 120 आवास मिलने थे जिसमें से 115 आवासों के स्वीकृति पत्र वितरण किए गए। बताते हैं चलें ग्राम पंचायत बंथल शाहपुरए में 6 की जगह 5 मिले, नगला भीका में 5, भटपुरा में 7, नसरतपुर नौगमाए में 24 में से 23, राजपुर सरायमेंदा में 19 में से 18, पतोंजा में 9 में से 8, शेखपुर रूस्तमपुर में तीन में से 2, अजीजलपुर में 9, अमानाबाद में 6, भड़ौसा में दो, गौसपुर में 1, ईसापुरए में 4, जरारी में 5, जहांगीरपुर में 12, करीमगंज में 1, महरुपुर रावी में 6, नगला खेम रेंगाई में 1, इस प्रकार सभी ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का लोगों को लाभ मिला। खास बात यह है कि इसमें विशेष समुदाय को सबसे ज्यादा लाभ दिया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री फतेहचंद राजपूत ने लोगों को जानकारियां देते हुए बताया कि यह आवास सरकार की तरफसे एकदम निःशुल्क है। इसमें किसी भी प्रकार का कोई पैसा आपको नहीं देना है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि इसमें लाभार्थी के खाते में सीधे पैसा जाता है। जिसमें प्रथम किस्त 40000 की, द्वितीय किस्त 70000 की तथा तृतीय किस्त 10000 की। उसके बाद शौचालय के लिए 12000 दिया जाता है तथा मनरेगा के अंतर्गत लाभार्थी को डेढ़ लाख रुपए का लाभ प्राप्त होता है। वहीं सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ बताते हुए सभी को बताया कि यदि किसी भी घर में लड़की का जन्म होता है तो एक लड़की होने पर उसकी प्रथम किस्त में 6000 दिए जाते हैं तथा अन्य खर्च भी पढ़ाई संबंधित सरकार की तरफ से दिया जाता है। जिस परिवार में एक या दो लड़कियां हों वह सब सरकार खर्चा वहन करती है। यही नहीं यदि किसी के जुड़वा बच्ची पैदा हो तो सरकार तीन बच्चियों का भी खर्चा वहन करती है। वहीं खंड विकास अधिकारी ने सरकार की सबका साथ सबका विकास की नीति को स्पष्ट किया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिलचंद्रा, खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहानस एडियो कोऑपरेटिवस वरिष्ठ लिपिक विजय कुमार राठौर तथा ग्राम पंचायत के संबंधित सचिव व प्रधान लईक खान, चंदा फौजी, नूर आलम, मुजम्मिल तथा रोजगार सेवक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


स्वीकृत पत्र के साथ महिला लाभार्थी व मौजूद अधिकारी

# दिव्यांगों को वितरित की गयीं मोटराइज्ड ट्राई साइकिलें

- सांसद व ब्लॉक प्रमुख ने चलाया सफाई अभियान

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज**

**दिव्यांगों को उपकरण** वितरण करने के बाद ब्लॉक प्रमुख बोले स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में आमजन का सहयोग बहुत ही आवश्यक है। जानकारी के अनुसार विकास खंड राजेपुर के प्रांगण में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 अगस्त को हुआ। जिसमें 163 दिव्यांगों को उपकरण वितरण किए गए। जिसमें 18 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 38 ट्राई साइकिल, 11 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 66 बैसाखी, 22 बाकिंग छड़ी सहित 163 उपकरणों का वितरण विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, सांसद मुकेश राजपूत, ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी के द्वारा किया गया। इस सेवा पखवाड़ा पर विस्तृत जानकारी देते हुए ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर मंगलवार से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक यह सेवा पखवाड़ा चलेगा। इसका उद्देश्य गरीब, असहाय की सेवा करने के साथ ब्लॉक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। जब हम स्वच्छ होंगे तभी हम स्वस्थ रह पाएंगे। स्वच्छ एवं स्वास्थ्य भारत मिशन को सफल बनाने के लिए आमजन का सहयोग बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, सांसद मुकेश राजपूत ने आवास के आठ लाभार्थियों को चाबी तथा सात लाभार्थियों को आवास प्रमाण पत्र का वितरण किया। इसके साथ विधायक व सांसद, ब्लॉक प्रमुख ने हनुमान मंदिर के सामने साफ-सफाई करके जनता को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जागरूक किया। इस अवसर पर एडियो अजीत पाठक ने उपस्थितजनों को जल है तो जीवन है की विस्तृत जानकारी देने के साथ जल संरक्षण व पर्यावरण के विषय में विस्तृत जानकारी देने के साथ इससे होने वाले लाभ हानि के बारे में भी बताया।

## दिव्यांगों को वितरित की गयीं ट्राई साइकिलें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस व विश्वकर्मा जयंती शुभ अवसर पर 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिन विकास खंड नवाबगंज में दिव्यांगजनों को भारत सरकार द्वारा एडिप योजना के अंतर्गत निःशुल्क ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगजन के चेहरे खिल उठे। इस दौरान करीब 30 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने कहा कि हम सभी को दिव्यांगों की मदद करनी चाहिए। उन्हें कमजोर नहीं समझना चाहिए। आज कई दिव्यांगों ने अपना नाम रोशन किया है। इस मौके पर चेयरमैन अनिल राजपूत, कमल भारद्वाज, भाजपा नेता योगेंद्र राठौड़, अवनीश कौशल, एलएमको प्रतीक शर्मा, अनिल कुमार आदि 30 लोगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

# पन्द्रह घंटे बाद युवक का बूढ़ी गंगा से निकाला गया शव

- शव देखते ही परिजनों में मचा कोहराम

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**घर से** सवारियां ढोने की बात कहकर निकला युवक बूढ़ी गंगा में कूद गया। स्वजनों ने युवक की शिनाख्त की। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से पंद्रह घण्टे बाद शव को बाहर निकाला। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मांझगांव पूर्व निवासी बालकराम का 27 वर्षीय पुत्र दुर्वेश ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। सोमवार देर रात दुर्वेश पत्नी राखी से सवारियां छोड़कर आने की बात कहकर घर से निकल आया। कुछ समय बाद युवक गांव राईपुर चिनहटपुर के निकट पुलिया पर ई-रिक्शा से पहुंचा। उसने ई-रिक्शा को पुलिया पर खड़ा कर बूढ़ी गंगा में कूद गया। पुलिया पर बैठे ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरू की। स्वजनों ने ई-रिक्शा को देखकर युवक की शिनाख्त की। मंगलवार सुबह 11 बजे पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कड़ी मश्क्कत के बाद शव को बाहर निकाल लिया। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतक के एक दो वर्षीय पुत्र वशु है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। स्वजन मौत का कारण स्पष्ट नहीं कर सके।


जांच पड़ताल करती पुलिस व मौजूद ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# बुढ़वा मंगल पर नीव करोरी मंदिर में दर्शन करने के लिए उमड़ा जनसैलाब

- बाबा लक्ष्णदासपुरी के दर्शन के लिए प्रदेश व देश के कोने-कोने से आते श्रद्धालु

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** नीव करोरी धाम में बुढ़वा मंगल के शुभ अवसर पर सुबह तड़के अखंड पाठ के समापन के बाद पूजा अर्चन तथा भोग लगाया गया। हवन पूजन के बाद मंदिर के मुख्य पुजारी त्यागी महाराज ने सुबह लगभग 4.30 बजे मंदिर के कपाट दर्शन के लिए खोल दिए। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माथा टेंका। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के पसीने छूट गए। जगह-जगह भीड़ को रोका गया। श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा के लिए मंदिर के आसपास दुकानों को बंद करा दिया गया था तथा मंदिर के प्रवेश द्वार पर बैरियर लगाकर पंक्तिबद्ध तरीके से दर्शन हेतु मंदिर में भेजा गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 4 निरीक्षक, 15 उप निरीक्षक, 4 महिला हेड कांस्टेबल सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भाटी ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला तथा भीड़ को नियंत्रित किया। दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की भीड़ अचानक से बढ़ जाने से धक्कामुक्की भी होती रही। जिसमें कई महिलाएं गश खाकर गिर पड़ी। ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। मंदिर में आए श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद के रूप में हलवा चना वितरित किया गया। सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की भीड़ लगातार बनी रही। देर शाम तक भक्तों की भीड़ कम नहीं हुई। संदिग्ध व्यक्तियों तथा अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए मंदिर परिसर एवं मंदिर के बाहर 35 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। पुलिस चौकी को कंट्रोल रूम बनाया गया।पुलिस ने पांच संदिग्ध महिलाओं तथा चार पुरुषों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। भीड़ में गश खाकर गिरी महिलाओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के डॉक्टर सनी मिश्रा एवं स्टाफ नर्स पूजा ने प्राथमिक उपचार किया। सुरक्षा की दृष्टि से दमकल की गाड़ी तथा एम्बुलेंस तैनात रही। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अतिरिक्त उप जिलाधिकारी गजराज सिंह, नायब तहसीलदार सनी कनौजिया मौजूद रहे।



**विसर्जन** — जगह-जगह हुआ गणपति बप्पा का पूजन व आरती

# गणेश विसर्जन यात्रा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

- कई जगह गणपति महाराज के ऊपर की गई पुष्प वर्षा
- जगह-जगह लगे पानी के स्टाल व खाने-पीने के लंगर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**गणपति विसर्जन** यात्रा में भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा। जिससे सड़कें सकरी पड़ गयीं। यात्रा में जगह-जगह पुष्पवर्षा की गयी। इस दौरान उड़ रहे अबीर गुलाल से सड़कें लाल हो गयीं। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल यात्रा के दौरान मौजूद रहा। देर शाम पांचाल घाट पर पहुंचकर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी के उद्घोष गुंजायमान किये।

जानकारी के अनुसार कमालगंज क्षेत्र की विसर्जन यात्रा पूरे जनपद में भारी भीड़ के मद्देनजर जानी जाती है। शायद मिनी मुंबई इसीलिए कमालगंज को बोला जाता है कि यहां पर जो भीड़ का नजारा होता है वह बहुत ही ज्यादा संख्या में होता है। जिसकी गिनती करना भी मुश्किल हो जाता है। आस्था का जन सैलाब देखकर प्रशासन अलर्ट पर रहता है। अगर इस बार की मानें तो हर बार की अपेक्षा इस बार अत्यधिक भीड़ ने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। भीड़ को नियंत्रित करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। यात्रा के दौरान एसडीएम सदर रजनीकांत तथा सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय, थाना अध्यक्ष रणविजय सिंह के अलावा प्रशासन को कई बटालियन कंपनी पीएसी भी लगानी पड़ी। इस दौरान ड्रोन कैमरे को भी लगाया गया था। वहीं गणेश विसर्जन के दौरान गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष की तरफ से भी भीड़ को काबू करने के लिए काफी लोगों को लगाया गया था। बताते चले विसर्जन के समय बप्पा को अंतिम विदाई देने के लिए महिलाओं की संख्या भी इतनी ज्यादा मात्रा में हो गयी कि सड़क छोटी पड़ गयी। महिलायें तपस्वी वाले मंदिर तक गयीं और वहां से वापस लौट गयीं। इस मौके पर कई जगह भोग व प्रसाद का वितरण भी किया गया। जिसके चलते कई जगह भंडारा चलता रहा। जहां भक्तगणों ने प्रसाद छका और शीतल जल पिया। भक्तगण गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते चल रहे थे। इस बार कमेटी ने कुछ खास इंतजाम किये। जिसमें डमरू, मजीरा, करताल, तोरई और ढोल नगाड़ों की अनुपम झांकी भी देखने को मिली। वहीं सभी भक्ति डीजे की धुन पर थिरकते नजर आ रहे थे। पूरा नगर गणपति बप्पा मोरया अबके बरस तू जल्दी आ के जयकारों से गुंजायमान रहा है। इस मौके पर गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गुप्ता, अनूप गुप्ता, गौरव गुप्ता, राहुल गुप्ता, राघव शुक्ला, शिवम शुक्ला, अजय उर्फ कल्लू महेश्वरी, सुरेश चंद्र गुप्ता, अरुण उर्फ टेशु गुप्ता, सानू गुप्ता सहित सभी कमेटी के मेंबर तथा आचार्य रोहित कुमार व्यास, लक्ष्मीकांत आदि सभी पुरोहित व बड़ी संख्या में गणपति महाराज के भक्तगण मौके पर मौजूद रहे। भगवान गणेश का ग्यारह दिन लगातार पूजन अर्चन होने के बाद 11वें दिन यह यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पांचाल घाट के लिए रवाना होती है। जहां पांचाल घाट में गणेश प्रतिमा को भू-विसर्जन किया जाता है।


गणेश विसर्जन यात्रा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब — समृद्धि न्यूज

# बाढ़ के चलते शमशाबाद-शाहजहांपुर मार्ग बंद होने के कगार पर

- राहगीरों से पार कराने के नाम पर हो रही अवैध वसूली

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**क्षेत्र में** बाढ़ का सैलाब कटरी के लोगों का पीछा नहीं छोड़ रहा है। आने वाली बाढ़ यहां लोगों के लिए तबाही का कारण बनी हुई है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों के घर मकान व खेत खलिहान पहले ही बाढ़ से बर्बाद हो चुके है। बाढ़ के चलते फसलें बर्बाद हो चुकी है। सड़ रही फसलों के कारण संक्रामक बीमारिया फैल रही है। किसी तरह जब लोगों को बाढ़ से राहत मिली तो एक बार फिर बाढ़ की तबाही ने दस्तक देनी शुरू कर दी। गंगा में विभिन्न



बाढ़ के पानी से गुजरते ग्रामीण समृद्धि न्यूज

बांधो से छोड़े जाने वाले लाखों क्यूसेक पानी जो लोगों के लिए एक बार तबाही का पैगाम लेकर आ गया। शमसाबाद मिर्जापुर मार्ग पर ग्राम चौरा के निकट लगभग 100 मीटर की लंबाई में सड़क के ऊपर पानी बह रहा है। पानी बहने के कारण जगह जगह सड़के क्षतिग्रस्त हो गई। कहीं-कहीं गहरे गड्ढे हो गए जो साइकिल तथा बाइक सवार लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन बंद होने का बोर्ड लगा दिया। दोनों ओर पुलिस फोर्स लगा दी गई है। ग्राम इस्माइलगंज के लोगों ने इस पानी से भरे मार्ग से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए कमाई का नया जरिया ढूंढ लिया। यहां ग्रामीण वैकल्पिक संसाधनों के जरिए पैदल तथा बाइक सवार लोगों को आवागमन करा रहे हैं। बैलगाड़ी व नाव के जरिए आवागमन करने वाले लोगों में, पैदल यात्रियों सें 20 रूपये व बाइक सवार लोगों से 50 रूपये की अवैध वसूली की जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से सड़क पर जल सैलाब बहने के कारण जगह-जगह गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं जो जानलेवा साबित हो रहे। थानाध्यक्ष अमित गंगवार का कहना था संभावित खतरों को देखते हुए मुख्य मार्ग पर आवागमन बंद का बोर्ड लगाकर दोनों तरफ पुलिस फोर्स लगा दिया गया है।

# सृष्टि रचयिता भगवान विश्वकर्मा की सपा कार्यालय में मनायी गई जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आवास** विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। पार्टी के नेताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विचार गोष्ठी में चर्चा की। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा उन्हें स्वायंभु और विश्व का निर्माता माना जाता है। उन्होंने द्वारिका के पवित्र शहर का निर्माण किया। जहां कृष्ण ने शासन किया। पांडवों की माया सभा और देवताओं के लिए कई शानदार




विश्वकर्मा जयंती मनाते सपाई समृद्धि न्यूज

हथियारों के निर्माता थे। उन्हें लुहार कहा जाता है, ऋग्वेद में उल्लेख किया गया है और इसे यांत्रिकी और वास्तुकला के विज्ञान, स्टैप्टा वेद के साथ श्रेय दिया जाता है। कार्यक्रम के आयोजक सचिव शिव शंकर सिंह शर्मा रहे। इस अवसर पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, आशीष शर्मा, रामपाल सिंह यादव, निजाम अंसारी, विमलेश शर्मा, मुख्तार आलम, सुनीता शर्मा, जिला प्रवक्ता विवेक यादव मौजूद रहे।

# मन की शुद्धि के लिए भगवान नेमीनाथ का अभिषेक के साथ हुआ पूजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दिगम्बर जैन** समाज के महापर्व पर्युषण की शुरुआत रविवार को हुई। तीसरे दिन जैन धर्म के अनुयायियों को आत्मशुद्धि के लिए प्रेरित किया गया। तप आराधना और आत्मा को शुद्ध तथा पवित्र बनाने के लिए धार्मिक क्रियाओं का ध्यान क्रेंदित कर प्रेरणा दी गई। सधवाड़ा स्थित जैन मंदिर में भगवान महावीर की पूजा अर्चना की गई। भगवान महावीर कहते है कि मैं सब जीवों से क्षमा चाहता हूँ। जगत के सभी जीवों के प्रति मेरा मैत्रीभाव है। क्षमापर्व जैन धर्म में मनाया जाने वाला ऐसा पावन त्योहार है जो समूचे देशवासियों को सुख-शान्ति का



मंदिर में पूजन करती महिलायें समृद्धि न्यूज

सन्देश देता है। यह पावन पर्व सिर्फ जैन समाज को ही नहीं बल्कि अन्य सभी समाज जन को अपने अहंकार और क्रोध का त्याग करके धैर्य के रथ पर सवार होकर सादा जीवन जीने, उच्च विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है। जियो और जीने दो का यही लक्ष्य है। महिलाओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान नेमीनाथ की पूजा अर्चना कर देर शाम आरती में भाग लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रही।

## जौहरी ने दर्जी प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जीएमडीआई जौहरी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 10 दिवसीय दर्जी प्रशिक्षण का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रशिक्षण में 175 लाभार्थियों को प्रशिक्षण हेतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जायेगा। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा उर्फ बॉबी ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला। समाजसेवी जानकी प्रसाद शाक्य ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में सरकार ने विभिन्न चरणों में 75000 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिसमें टोल किट एवं स्कॉलरशिप की भी व्यवस्था है। जनपद में दर्जी जैसे 445 एवं बड़ई 50, नाई 50, लोहार 25, राजमिस्त्री 50, हलवाई 150, धोबी 25 एवं जनपद में 800 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर शिक्षार्थी मौजूद रहे।

# फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर मिली लावारिश बच्ची



कुर्सी पर बैठी लावारिश बालिका समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर एक लावारिश बच्ची मिली। जिसे बाल कल्याण समिति ने अपने संरक्षण में ले लिया। रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर मिली बच्ची ने पूछताछ के दौरान अपना नाम लाडो व मां का नाम तुलसा बताया। दिवियापुर निवास स्थान बताया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अंजू गंगवार ने बताया कि इस समय यह बच्ची चाइल्ड हेल्प लाइन के पास है। जिस किसी को कोई जानकारी इस संदर्भ में प्राप्त हो वह कोआर्डिनेटर चाइल्ड हेल्प लाइन डा0 रीना दुबे के दूरभाष नम्बर 8279338439 पर सूचना दे सकता है।

## खबरें एक नजर में

### पीएम के जन्मदिन पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने शुरु किया स्वच्छता पखवाड़ा

- खड़े होकर कराया काम, बोले क्षेत्र में नहीं दिखवायी दे गदंगी
- स्वच्छता वॉलिंटियर को किया सम्मानित



स्वच्छता अभियान के दौरान मौजूद चेयरमैन व काम करते कर्मचारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कार्यालय पर प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया तथा स्वच्छता वॉलिंटियर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और माला पहनाकर उन्हे सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत तथा अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया तथा स्वच्छता वॉलिंटियर्स को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने बताया कि अब स्वच्छता पखवाड़े के तहत वह गांव-गांव जाकर स्वच्छता की अलख जगाएंगे और अपने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छता अभियान के तहत किसी भी गांव में कोई भी गंदगी, घास, कूड़ा कचरा आदि दिखाई न दें। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और सड़क किनारे खड़ी घास व झाड़ियों को खड़े होकर अध्यक्ष ने साफ कराया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, लिपिक हिताशु गंगवार, लिपिक अहलकार राजपूत तथा नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### आईटीआई में चौथे चरण का आवेदन 23 सितम्बर तक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय औद्योगिका प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के आदेशानुसार जनपद के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चतुर्थ चरण में प्रवेश लेने हेतु अभ्यार्थियों को बेवसाइड पर आवेदन करना होगा। सभी आवेदन ऑन लाइन लिये जा रहे है। नोडल प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में प्रवेश हेतु अंतिम दिनांक 18 सितम्बर की जगह 23 सितम्बर कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन करें।

### आईटीआई स्कूल में मनायी गई विश्वकर्मा जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर विश्वकर्मा जयंती पर पूजन किया गया। विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनायी गई। सभी शिक्षकों एवं स्टॉफ के कर्मचारियों ने विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर हवन पूजन किया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य बृजेश कुमार, इकलाख सिद्दीकी, चन्द्र मोहन सिंह रावत, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, विजय सिंह, विजेन्द्र सिंह, बृजेश कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## कायमगंज में लगा पहला स्मार्ट मीटर, बिजली चोरी पर लगेगी रोक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बिजली चोरी** रोकने के लिए स्मार्ट मीटर की जनपद में शुरुआत हो गयी है। पहला स्मार्ट मीटर कायमगंज चीनी मिल रोड पर एसडीएम व सीओ आवास के पास ट्रांसफार्मर पर लगाया गया है। इस मीटर से क्षेत्र में अब बिजली की चोरी नहीं हो पायेगी। लाइनों पर अधिक लोड पड़ रहा था। ऐसे में सीधे अनुमान लगाया जायेगा कि कहां पर बिजली की चोरी की जा रही है। अधिक लाइन लास वाले क्षेत्रों को चिन्हित किये जाने के बाद स्मार्ट मीटर लगाने की योजना शुरु हुई है। कायमगंज उप खण्ड के अवर अभियंता राकेश प्रजापति के साथ लाइन मैनों की टीम ने चीनी मिल रोड पर लगे ट्रांसफार्मर में 63 केवीए का स्मार्ट मीटर लगाया है। कार्यदायी संस्था जीनस कम्पनी के सर्किल इंचार्ज अरुण कुमार, विकास गंगवार मौजूद रहे। इस स्मार्ट मीटर से क्षेत्र में होने वाली बिजली की खपत की जानकारी स्पष्ट हो जायेगी और उस खपत के अनुसार मिलान कर चोरी करने वालों की स्थिति सामने आ जायेगी।

### आईटीआई में अप्रेंटिससिप मेला आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 18 सितम्बर बुधवार को प्रधानमंत्री अप्रेंटसिप मेले का आयोजन होगा। पांच कम्पनिया प्रतिभाग करेगी। रिक्त 350 इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन कर सकते है। सभी अभ्यार्थी अपने दस्तावेजों सहित बुधवार प्रातः 10 बजे विद्यालय परिसर में पहुंचे। यह जानकारी प्रभारी प्रधानाचार्य ने दी है।

# हिन्दी पखवारे के अन्तर्गत विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

अंतरराष्ट्रीय संस्था हिंदी साहित्य भारती के तत्वाधान में तथा केंद्रीय अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला के निर्देशन में हिंदी पखवारे के अंतर्गत शिक्षिका व साहित्यकार भारती मिश्रा के आवास पर काव्य गोष्ठी एवं मंथन आज की हिंदी की दशा पर चर्चा का आयोजन हुआ। संयोजन उपकार मणि उपकार ने किया तथा संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गजलकार नलिन श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि रामाऔतार शर्मा इन्दु व विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में अभिव्यंजना के सह समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां




कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकार समृद्धि न्यूज

सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राममोहन शुक्ला ने पंक्तियां पढ़ीं छप्पन भोग लगाऊं किसको, नहीं कोई है खाने को, अपना दर्द सुनाऊं किसको यहां सब बैठे हैं सुनाने को। भारती मिश्रा ने पंक्तियां पढ़ीं इन तमाम खुलासों से क्या होगा, इन बेमतलब तमाशों से क्या होगा, जिन्हें दूध में नहाने का चस्का है, भला ऐसे बताशों से क्या होगा। कौशलेंद्र यादव वेबाक ने पंक्तियां पढ़ीं हमारी आन बान शान है हिंदी, हमारे राष्ट्र का परिधान है हिंदी। महेश पाल सिंह उपकारी ने पंक्तियां पढ़ीं जीवन का कोई क्षण मित्रों करो नहीं बर्बाद, चौबीस घंटे में उस प्रभु को कुछ पल तो कर लो याद, उपकार मणि ने पंक्तियां पढ़ीं हमेशा तैयारी से चलो, बुरा वक्त तो कह कर नहीं आता, भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा सभी भाषाएं अपने-अपने राष्ट्र की भाषाएं हैं और हर भाषा का अपना भूगोल है। इस दृष्टि से हिंदी का भूगोल बहुत बड़ा है। कार्यक्रम में आए हुए समस्त साहित्यकारों का भारती मिश्रा ने सम्मान किया।

# विभिन्न स्वरुपों की झांकियां निकालकर गणपति बप्पा को किया गया विदा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नगर में मंलवार** को भगवान गणेश की महाआरती के साथ विदाई दी गई। जिसमें बच्चे, बूढ़े, युवक एवं युवितियों ने जमकर ढोल नगाड़े पर नृत्य किया एवं भगवान गणेश का प्रसाद लोगों में बांटा। भगवान गणेश के छप्पन भोग का प्रसाद बांटा गया। कहीं पर लड्डू तो कही पर मालपुआ का प्रसाद भी वितरण किया गया। गणेश यात्रा में समरसता का भाव देखा गया। हर कोई भक्तभगवान गणेश की भक्ती के रंग में रंगा हुआ था। युवतियां, बच्चे, युवा डीजे की धुन पर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ



गणेश विसर्जन यात्रा में विभिन्न स्वरुपों की शामिल झांकियां

के साथ झूमते हुए चल रहे थे। वहीं पर कुछ भक्तों ने शीतल जल की व्यवस्था भी की थी। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के साथ भगवान गणेश को विदाई दी। सुबह से ही बड़ी संख्या में गणपति विसर्जन यात्रायें प्रारंभ हुई। जो पूरे दिन सिलसिला जारी रहा। नगर के मुख्य मार्ग नेहरु रोड, घुमना, लालगेट, कादरीगेट होते हुए पांचाल घाट तक यात्रायें निकालते हुए गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने डीजे की धुन पर नाचते, गाते हुए भक्तों ने जयकारे लगाये। बड़ी संख्या में महिलायें भी शामिल हुई। रास्ते में जगह-जगह प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का स्वागत हुआ। गणेश विसर्जन के दौरान काली अखाड़ा व विभिन्न स्वरुपों की झांकी आगे-आगे चल रही थी। साथ में महिलायें नृत्य करते हुए अबीर गुलाल उड़ा रही थी। गणेश विसर्जन होने के दौरान पूरे दिन जाम जैसी स्थिति बनी रही।

# तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर 19 सितम्बर से शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एस0एन0 साध** ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का तीन द्विवसीय आयोजन 19, 20, 21 सितम्बर को एनएकेपी डिग्री कालेज के निकट सेवा केंद्र में डा0 रजनी सरीन के संयोजन में होगा। पत्रकार वार्ता में डा0 रजनी सरीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74वां जन्मदिन है। जिसमे यह विकलांग शिविर का आयोजन किया गया है। एसएन साध ट्रस्ट के संस्थापक राकेश साध ने कहा कि डा0 सुबोध कुमार साध, डा0 शिखर सक्सेना, डा0 कार्तिकेय सिंह, डा0 केजी बाथम इस दिव्यांग शिविर में मरीजों का परीक्षण करेगें। शिविर में कृत्रिम पैर, पोलियो ग्रस्त लोगों को केलीपर्स, वैशाखी आदि निःशुल्क दी जाएगी। इसके अलावा कैम्प में कटे हुए हाथ वाले दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम हाथ भी उपलब्ध होंगे। कम सुनने वालों को कान की मशीन दी जायेगी। इसके लिए कान की जांच का प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड मरीज को




जानकारी देती डा0 रजनी सरीन, राकेश साध व अन्य समृद्धि न्यूज

लाना अनिवार्य होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 74वें जन्म दिन पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जनपद में सेवा कार्य करने का काम भाजपा पार्टी करेगी। देश के 74 स्थानों के अलावा राजेपुर एवं नवाबगंज में दिव्यांगो को उपकरण बांटे जाएंगे। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, मधू साध, उदय बाथम, सुजीत, रोहित आदि मौजूद रहे।

# पटेल पार्क में मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने चलाया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वे जन्मदिन पर नगर पश्चिम मण्डल के अध्यक्ष विकास पाण्डेय के नेतृत्व में पटेल पार्क स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने एक पेड़ मां के नाम के रूप में पौधरोपण किया। साथ ही सभी ने पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता पखवाड़ा में भाग लिया। अगले 15 दिनों तक चरणबद्ध तरीके से यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता आदि कार्यक्रम के तहत जागरुक करने की अपील की गई।



जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि मोदी के जन्मदिवस को हरवर्ष की भांति हम सभी सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएंगे। अपने घर के आसपास के हॉस्पिटल, मठ मन्दिरो में हम सभी स्वच्छता अभियान चलाए और लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आग्रह करें। मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर हम सभी के कल्याण के लिए लगे रहते हैं। ठीक वैसे ही हमे उनके जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के माध्यम से अपने गली मोहल्ले शहर के लिए भी लगना है और आम लोगों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ना है। इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, अभिषेक त्रिवेदी, सुजाता सिंह, अनिल श्रीवास्तव, वीर बहादुर पाल, संजय प्रजापति, राम किशन दीक्षित, प्रदीप सक्सेना, संजीव गुप्ता, उधन राजपूत, श्याम राठौर आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनायी गई विश्वकर्मा जयंती, निकली शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की जयंती कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति के तत्वाधान में मनायी गई और नगर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। भगवान विश्वकर्मा शोभायात्रा रेलवे रोड स्थित अनंत होटल से प्रारंभ होकर चौक, घुमना, लालगेट होते हुए बढ़पुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर तक निकाली गई। समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा ने फीता काटकर शोभायात्रा प्रारंभ की। चौक पर नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी और पुष्प वर्षा की साथ ही समाज के लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नेहरु रोड पर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर माल्यार्पण कर स्वागत किया। महिला सभा की अध्यक्ष वीना शर्मा व रानी शर्मा ने नेतृत्व किया। मंदिर परिसर में सुबह हवन पूजन के साथ समाज के लोगों ने भाग लिया। पूरे दिन भण्डारे का आयोजन हुआ। दोपहर बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आशा शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, तेजराम शर्मा, सूबेदार शर्मा, संतोषी शर्मा का स्वागत हुआ। अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष व डा0 अरविन्द गुप्ता एवं डा0 नरेश शर्मा ने पहुंचकर सम्बोधित किया।



शोभायात्रा का स्वागत करते व्यापारी संजय गर्ग

विश्वकर्मा समाज को शिक्षित करना व एकजुट एवं राजनीति में भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार से मांग की गई कि 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाये। मेधावी छात्रा जाहन्वी शर्मा, मानसी, अंकिता, शक्ति शर्मा, ध्रुव, आयुषी शर्मा, अक्षय राज शर्मा, अनुराग, कोमल, कंचन, गौरी, सुनैना, आस्था शर्मा सहित 40 बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामपाल शर्मा, राकेश शर्मा, सर्वेश कुमार शर्मा, रामऔतार शर्मा, इंदु प्रकाश शर्मा, पंकज शर्मा, अनुराग शर्मा, उमाकांत, सुशील कुमार, विनीत कुमार, विजय कुमार, दीपक कुमार, श्याम सुंदर शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर कहा

# प्रमुख आर्थिक शक्ति के रुप में उभर रहा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश की दिशा, गति और क्रियान्वयन का सातत्य भारत एक सुरक्षित राष्ट्र बन गया है तथा विश्व की प्रमुख आर्थिक एवं राजनीतिक शक्ति के रूप में मजबूती से उभर रहा है।



▸ जल्द शुरू होगा जनगणना का काम

श्री शाह और रेल, सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा आज प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है। पूरे देश में कई संस्थाओं ने उनके जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के नाम से मनाने के निर्णय लिया है। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 15 दिन देश भर के सभी जरुरतमंदों की सेवा में हमारे जैसे काफी कार्यकर्ता लगेंगे। उन्होंने कहा कि श्री मोदी एक छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्म लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बने। दस साल में दुनिया के 15 अलग अलग राष्ट्रों ने श्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया है। इससे न केवल प्रधानमंत्री जी बल्कि देश का भी गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि 60 साल के बाद पहली बार देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है और नीतियों के सातत्य को भी हमने अनुभव किया है। नीतियों की दिशा, नीतियों की गति और नीतियों का क्रियान्वयन सटीकता से 10 साल तक बरकरार रखकर 11वें साल में प्रवेश करना बहुत कठिन है।

**शांति बनाए रखने के लिए उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते सहित कुल 11 समझौते किए**

गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में शांति बहाली के लिए सरकार ने राज्यों की सीमाओं से संबंधित विवादों के समाधान और उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते सहित कुल 11 समझौते किए हैं और 10000 से अधिक उग्रवादियों ने हथियार डाले हैं। श्री शाह ने कहा कि भारत के विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और गरीबों के कल्याण के लिए लगातार 10 साल समर्पित करने के बाद, भाजपा और हमारे सहयोगियों को इन आम चुनावों में तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश मिला है। यह ऐतिहासिक फैसला श्री मोदी को 60 वर्षों में तीन बार देश की कमान संभालने वाला पहला नेता बनाता है। उन्होंने कहा , ॠपिछले 10 वर्षों में श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत की बाहरी सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने में बड़ी सफलता हासिल की है, जिससे भारत एक सुरक्षित राष्ट्र बन गया है। उनके नेतृत्व में हमने शिक्षा के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। जब मेक इन इंडिया शुरू किया गया था, तो कई लोगों ने इसका मजाक उड़ाया था, लेकिन आज हमें गर्व है कि भारत दुनिया का सबसे पसंदीदा विनिर्माण केंद्र बन गया है। श्री शाह ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो रहे हैं। इन 100 दिनों में लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, ॠइन 100 दिनों को मैंने 14 स्तंभो में बांटा है। बुनियादी ढांचे का जहां तक सवाल है, 100 दिन में 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं हमने घोषित भी की हैं और क्रियान्वयन भी शुरू हो गया है। महाराष्ट्र के वधवान में 76 हजार करोड़ की लागत से मेगा पोर्ट बनेगा, जो पहले दिन से ही विश्व के 10 प्रमुख बंदरगाहों में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि जब अमृत काल शुरू हुआ तो प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ लोग भारत के विकसित राष्ट्र बनने के महान संकल्प और उसकी विकास यात्रा में भागीदार बने।

# मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के जीवन के पहलुओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी डॉ.महेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेश कार्यालय में जीवन के विभिन्न पहलुओं और ऐतिहासिक कार्यों को दर्शाती हुई चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया।



प्रदर्शनी के दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रदेश के पत्रकारों को बड़ी सौगात दी है। पत्रकार बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम की दरों में की गई वृद्धि का भार राज्य सरकार उठाएगी यह राज्य सरकार का पत्रकारों के लिए उठाया गया सकारात्मक कदम है जिसका मैं स्वागत करता हूं। पत्रकार बीमा योजना में फार्म भरने के तारीख अब बढ़ाकर 25 सितंबर करना भी राज्य सरकार का सहाहनीय कदम है। प्रदेश के पत्रकार बन्धु इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकेंगे।

**प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व व विचार हमें आगे लेकर जा रहे : विष्णुदत्त**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर पूरा देश उन्हें शुभकामनाएं देकर उनकी लंबी आयु की कामना कर रहा है। प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आज से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाती चित्र प्रदर्शनी हमें प्रभावित करती है और हमें संदेश देती है कि किस तरह से जीवन को हमेशा सकारात्मक रखकर देश की सेवा की जा सकती है। प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व व विचार हमें आगे लेकर जा रहे है। भारतीय जनत पार्टी द्वारा प्रदेश में रोज सेवा पखवाड़ा के तहत अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भी झूठी गारंटियों का सहारा ले रही कांग्रेस : जयराम ठाकुर

एजेंसी

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार के साथ कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब हरियाणा और जम्मू कश्मीर के आम विधानसभा चुनाव में लोगों को ठगने के लिए झूठी गारंटियों का सहारा ले रही है। जिस तरह से कांग्रेस के छोटे बड़े सभी नेताओं ने हिमाचल के लोगों से झूठ बोलकर सत्ता हासिल की उसी तरीके के हथकंडे अब देश के बाकी राज्यों में फिर से अपनाने की कोशिश हो रही है।

जयराम ठाकुर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अब कांग्रेस का झूठ बेनकाब हो चुका है कांग्रेस की गारंटी पर अब कोई भी यकीन नहीं करने वाला है। पूरे देश ने देख लिया है की कांग्रेस किस तरह बिना किसी रोडमैप के झूठी घोषणाएं करके लोगों का वोट लेती हैं।



उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में जो कुछ हुआ वह समूचे देशवासियों के लिए भी एक सबक है कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों पर यकीन न करें। क्योंकि कांग्रेस न सिर्फ चुनाव में की गई है अपनी गारंटियों वही मुँह मोड़ लेती है बल्कि पूर्व सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं को भी छीन लेती है। जयराम ने आगे कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों से छीनी गई सुविधाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। कांग्रेस नीत सुक्खू सरकार ने लगभग 2 साल के कार्यकाल में सिर्फ और सिर्फ प्रदेश के लोगों को महंगाई के झटके दिए। मिल रही सुविधाओं को या तो बंद कर दिया या फिर उनका बजट रोक दिया।

1500 से ज्यादा चले हुए संस्थान बंद करना और दस हज़ार से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकालना सुक्खू सरकार की पहली उपलब्धि के रूप में जानी जाती है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने पाँच सौ से ज़्यादा स्कूल बंद किए। इसके बाद पूर्व सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं छीन ली गयी। जिसमे लोगों का निःशुल्क इलाज, जांच, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं हैं। सरकार द्वारा आपदा ग्रस्त हिमाचल प्रदेश में 100 रुपए से ज्यादा सीमेंट के दाम बढ़ा दिए गए। सहारा जैसी पेंशन योजना का बजट रोक दिया गया। कर्मचारियों को डीए देना तो दूर की बात इलाज में खर्च का होने वाला पैसा भी नहीं मिल रहा है।

## अतिक्रमण व गलत दस्तावेज तैयार करने पर हुई सुनवाई हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने नेपाली मूल के निवासियों की ओर से नैनीताल के आसपास सरकारी जमीन पर अतिक्रमण व गलत तरीके से भारत के दस्तावेज तैयार कर कब्जा किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही न्यायालय ने यह भी बताने को कहा है कि सरकार ने इस पर क्या एक्शन लिया। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार नैनीताल निवासी पवन जाटव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि बीते कई वर्षों से नेपाल से आए लोगों ने नैनीताल शहर व नैनीताल जिले के ग्राम सभा के खुरपाताल के तोक खाड़ी स्थित बजून चौराहे के पास करीब 25 परिवार ने सरकारी व नजूल भूमि पर कब्जा करके आवासीय निर्माण कर लिया है।

# सरप्लस मिड-डे मील वर्करों को पास के स्कूलों में किया जाएगा समायोजित

एजेंसी

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि विद्यालयों के विलय के दृष्टिगत सरप्लस मिड-डे मील कार्यकर्ताओं को समीपवर्ती स्कूलों में समायोजित किया जाएगा और उनकी सेवाओं को समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वर्तमान शिक्षा प्रणाली में क्रान्तिकारी बदलाव ला रही है और शिक्षण संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी स्कूलों का विलय किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिष्द और जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर 21वें स्थान पर फिसल गया है और वर्तमान प्रदेश सरकार सरकारी शिक्षण संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों का ज्ञानवर्धन करने और उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षण पद्धतियों की जानकारी प्रदान करने के लिए विदेशों में शिक्षण भ्रमण करवाया ताकि प्रदेश के विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। प्रदेश सरकार शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए भी इस तरह के भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करवाएगी ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा में और निखार आ सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शैक्षणिक संस्थानों में खेल अधोसंरचना उन्नयन करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है।

# भारतीय सेना ने ऊंचे पर्वतों के लिए लॉन्च किया हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2

एजेंसी

**जम्मू।** ऊंची पर्वतीय श्रंखलाओं में सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक साहसिक कदम उठाते हुए भारतीय सेना ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से बहुप्रतीक्षित हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2 का आयोजन किया। इस अग्रणी पहल का उद्देश्य अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक की शक्ति का दोहन करना है, जो आत्मनिर्भर भारत के दायरे में ड्रोन के उपयोग के माध्यम से सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में परिचालन दक्षता और सामरिक श्रेष्ठता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है।

यूक्रेन और इजराइल में हाल के संघर्षों में देखा गया है कि ड्रोन आधुनिक युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। निगरानी, रसद, सटीक हमले, संचार आदि को शामिल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में भूमिकाएँ बढ़ रही हैं। उनकी बढ़ती भूमिका उनकी बहुमुखी प्रतिभा, प्रभावशीलता और सैन्य अभियानों को बदलने की क्षमता को दर्शाती है। लद्दाख के लुभावने वारी ला दर्रे के बैकशॉप में 15,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर आयोजित, हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2 ने 20 से अधिक ड्रोन निर्माताओं को उच्च ऊंचाई वाले अनुप्रयोगों के लिए डिजाइन किए गए ड्रोन समाधानों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन करने के लिए एक विशेष मंच प्रदान किया। ये उत्पाद निगरानी, लॉजिस्टिक्स, लोइटरिंग म्यूनिशन, स्वार्म और एफपीवी (फर्स्ट-पर्सन व्यू) संचालन के डोमेन में फैले हुए थे। लद्दाख के चरम इलाके ने इन प्रणालियों के प्रदर्शन और वैश्विक प्रयोज्यता को मान्य करने के लिए एक प्रामाणिक परीक्षण मंच प्रदान किया, जिससे भारत के लिए वैश्विक ड्रोन उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के द्वार खुल गए। सभी प्रतिभागियों को उनके नवाचारों और भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया।

▸ सभी प्रतिभागियों को नवाचारों व भागीदारी के लिए किया सम्मानित

## हत्याकांड में शामिल एक महिला सहित कुल 17 आरोपी गिरफ्तार

**सुकमा/जगदलपुर ।** जिले के थाना कोंटा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम एतकल में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या 15 सितंबर को कर दी गई थी।आरोपितों द्वारा जादू-टोना के शक में लाठी-डण्डा से पीट-पीट कर घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में थाना कोंटा में अपराध क्रमांक 20/2024 धारा 191 (2), 191 (3), 190, 103 (1), 296, 351 (2) भारतीय न्याय संहिता, छग. धारा 4, 5 टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस तरह घटना में शामिल अब-तक एकमहिला सहित कुल 17 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के अपराध कायमी के पश्चात तत्काल 5 आरोपितों सवलम राजेश पिता सवलम कन्ना, . सवलम हिरमा पिता सवलम लच्छा, कारम सतेम पिता कारम रामा, कुंजाम मुकेश पिता कुंजाम कन्ना एवं पोड़ियाम एंका पिता पोड़ियाम जोगा सभी निवासी ग्राम एतकल थाना कोंटा जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया है ।

# जल संरक्षण के लिए मिलकर काम करने की जरूरत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण के लिए सभी हित धारकों को मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि जल ही जीवन है इसलिए सब प्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण को आंदोलन बनाने की ज़रूरत है।



श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि जल संरक्षण को देश ही नहीं पूरी दुनिया में आंदोलन बनाने की ज़रूरत है और इसके लिए सभी हितधारकों को मिलकर पानी बचाने के नए तथा सभी परंपरागत तरीकों को अपना कर पानी का संरक्षण करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि जल संरक्षण प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने, इसके विकास और वितरण के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग, समावेशिता और साझेदारी को बढ़ावा देने के जो प्रयास जल शक्ति मंत्रालय कर रहा है उसके कार्य सराहनीय हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मंत्रालय ने जल मिशन के तहत सभी नागरिकों तक स्वच्छ पानी की पहुंच सुनिश्चित की है। यह और प्रसन्नता की बात है कि देश में 78 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों को पानी के कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं और पानी की पहुंच की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सभी को भागीदारी से आगे बढ़कर जल संरक्षण, बेहतर प्रबंधन, विकास और वितरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जन आंदोलन शुरु करना चाहिए।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल आएंगी उज्जैन

**उज्जैन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 सितम्बर को इन्दौर देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट से प्रातः 9.50 बजे डीआरपी लाइन हेलीपेड उज्जैन पहुंचेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति महोदय प्रातः 10.10 बजे ग्राम डेंडिया के होटल रूद्राक्ष परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी।

आप यहां सफाई मित्र सम्मेलन एवं उज्जैन-इन्दौर सिक्सलेन रोड के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव देंगे।

कार्यक्रम में द्रौपदी मुर्मू स्वच्छता मित्रों को राष्ट्रपति प्रमाण-पत्र वितरित करेंगी। तत्पश्चात राष्ट्रपति उज्जैन-इन्दौर सिक्सलेन रोड का भूमिपूजन करेंगी। प्रातः 10.55 बजे मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का उद्बोधन होगा। इसके बाद राष्ट्रपति पूर्वाह्न 11.30 बजे ग्राम ढेंडिया रूद्राक्ष होटल परिसर से श्री महाकालेश्वर मन्दिर आयेंगी। आप श्री महाकालेश्वर मन्दिर में दर्शन, पूजा-अर्चना करेंगी।

श्री महाकालेश्वर मन्दिर के नन्दी हॉल में राष्ट्रपति को श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। तत्पश्चात महाकालेश्वर मन्दिर परिसर में शिखर दर्शन एवं ओंकारेश्वर मन्दिर में फोटो सेशन होगा।

# जेपी नड्डा ने किया ग्लोबल फूड रेगुलेटर्स समिट के लोगो और ब्रोशर का अनावरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को निर्माण भवन में ग्लोबल फूड रेगुलेटर्स समिट 2024 के लोगो और ब्रोशर का अनावरण किया। विश्व खाद्य भारत 2024 कार्यक्रम परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में 19 से 21 सितंबर तक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

वैश्विक मंच पर खाद्य सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का केंद्र रही है लेकिन स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा को समान प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा प्रणालियों और नियामक ढांचे को मजबूत करने का एक वैश्विक मंच तैयार करेगा। उन्होंने वैश्विक खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में ज्ञान के आदान-प्रदान की भूमिका पर जोर देते हुए उभरते खतरों, तकनीकी प्रगति और उपभोक्ता मांगों में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया।



जेपी नड्डा ने कहा कि यह पहली बार होगा कि एक क्षेत्रीय खाद्य नियामक सम्मेलन रोम के बाहर आयोजित किया जा रहा है और इसकी मेजबानी करना भारत के लिए गर्व का क्षण है। कॉन्क्लेव कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन के भीतर मानक-सेटिंग प्रक्रिया में क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित है। यह एशियाई देशों को खाद्य सुरक्षा, व्यापार और क्षेत्र की विशिष्ट नियामक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सम्मेलन जीएफआरएस 2.0 रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) को कम करने, स्वास्थ्य पूरक और न्यूट्रास्यूटिकल्स के विनियमन, टिकाऊ खाद्य पैकेजिंग, सभी के लिए खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने, अवशेष और संदूषक निगरानी प्रणाली, नए जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 26 हजार करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मामूली मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि आज पूरे दिन लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल लगातार ऊपर नीचे होती रही।

पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.11 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स पहली बार 83 हजार अंक के स्तर के ऊपर और निफ्टी 25,400 अंक के ऊपर बंद होने में सफल रहे। आज के कारोबार में रियल्टी, आईटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस और एनर्जी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों पर दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही।

# फीनिक्स पलासियो ने जोमैटो के साथ रोमांचक फूड फेस्ट की शुरुआत की

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ज़ोमैटो के साथ साझेदारी में फीनिक्स पलासियो एक बार फिर अपने फीनिक्स फ़ूड फ़ेस्ट प्रस्तुत कर रहा है। फीनिक्स फ़ूड फ़ेस्ट 4 सितंबर से शुरू हो चुका है और 27 अक्टूबर 2024 तक ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगा। जिसमें ग्राहकों को फीनिक्स पलासियो में उपलब्ध उनके मशहूर रेस्तरां में 50 प्रतिशत तक की छूट पाने का मौक़ा मिलेगा।

ग्राहक ज़ोमैटो के ज़रिए अपनी टेबल बुक कर सकते हैं, फीनिक्स पलासियो जा सकते हैं । शहर के कुछ बेहतरीन रेस्तराँ में भोजन करते हुए शानदार छूट का आनंद ले सकते हैं। एक विशेष बोनस के रूप में, भोजन करने वाले 5,000 रुपये के न्यूनतम डाइन-इन ऑर्डर पर 500 रुपये की अतिरिक्त छूट भी प्राप्त कर सकते हैं। इतना ही नहीं, फीनिक्स फ़ूड फ़ेस्ट अपने ग्राहकों के लिए और भी बहुत कुछ लेकर आया है। परविंदर की मजेदार स्टैंडअप कॉमेडी से लेकर डीजे जूलिया ब्लिस और डीजे गुरबक्स की धमाकेदार धुनें मंच पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं। जायके के साथ मिलेगा हंसी व संगीत का डबल डोज इस अनोखे योजना में ग्राहकों को जायके के साथ हंसी का डबल डोज मिलेगा। फीनिक्स पलासियो में लगातार हंसी की गूंज रही। बीते 15 सितंबर को द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज 2017 के फाइनलिस्ट परविंदर सिंह ने बेहतरीन परफॉरमेंस दी। आगामी प्रस्तुतियों में 21 सितंबर को सनबर्न की जूलिया ब्लिस और 28 सितंबर को डीजे गुरबक्स शामिल हैं।




## खबरें एक नजर में

### मोटोरोला एज50 नियो भारत में हुआ लॉन्च

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी मोटोरोला ने आज मोटोरोला एज50 नियो को भारत में लॉन्च किया है। यह मोटोरोला के प्रीमियम एज स्मार्टफोन लाइनअप में शामिल किया गया सबसे नया प्रोडक्ट है, जो स्लीक एवं मिनिमलिस्ट डिज़ाइन के साथ बेहद दमदार फीचर्स का बेजोड़ संगम है और रेडी फॉर एनीथिंग के टैगलाइन को साकार करता है। अधिकतम क्रिएटिविटी वाला यह डिवाइस सही मायने में बहु-उपयोगी है, और इसी वजह से यह स्टाइल के साथ-साथ परफॉर्मेंस की मांग करने वाले यूजर्स के लिए बिल्कुल सही स्मार्टफ़ोन बन गया है। एज50 नियो में एम आई एल - 81 एच मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी और आईपी8 वॉटर रेजिस्टेंस जैसे कई बेमिसाल फीचर्स मौजूद हैं, जो इन सर्टिफिकेशन के साथ इसे भारत का सबसे हल्का स्मार्टफ़ोन बनाता है। इसे दूसरों से अलग बनाने वाली खूबियों में सोनी-एलवाईटीआईएटीएम 700सी सेंसर के साथ मोटो एआई से संचालित 50एमपी कैमरा, बेहद खूबसूरत पैन्टोन क्यूरेटेड कलर्स के साथ स्लीक वीगन लेदर फिनिश, 6.4 इंच का 120 हर्ट्ज एलटीपीओ पोलेड फ्लैट डिस्प्ले, 5 साल तक ओएस अपग्रेड की गारंटी, 68वाट टर्बो पावर चार्जिंग और 15वाट वायरलेस चार्जिंग शामिल हैं। मोटोरोला एज50 नियो ने अपने एम आई एल - एस टी डी - 810 एच मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफिकेशन के साथ स्मार्टफोन की ड्युरेबिलिटी के मामले में एक नई मिसाल कायम की है, और बेहद आकर्षक एवं खूबसूरत डिजाइन को मजबूती के साथ जोड़ा है।




### कुसुम्पटी में बनी मस्जिद गिराने को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**शिमल)।** शिमला के चर्चित संजौली मस्जिद विवाद के बाद अब उपनगर कुसुम्पटी में बनी एक मस्जिद के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कुसुम्पटी के लोगों ने इस मस्जिद को अवैध बता कर गिराने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर स्थानीय लोग दो बार मस्जिद के बाहर धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को कुसुम्पटी के लोगों ने डीसी शिमला को एक ज्ञापन सौंपकर मस्जिद को गिराने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुसुम्पटी में यह मस्जिद अवैध रूप से बनी है और नगर निगम इसको गिराने का आदेश दे चुका है, लेकिन इस पर कारवाई नहीं हो रही है। इस मौके पर कुसुम्पटी की पार्षद रचना शर्मा और पूर्व उप महापौर राकेश शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुसुम्पटी में बाहरी राज्यों से आए लोगों ने अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण किया है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के मुताबिक़ जिस क्षेत्र में स्थानीय समुदाय विशेष के कुछ परिवार नहीं होते हैं, वहां पर मस्जिद का निर्माण नहीं हो सकता है। कुसुम्पटी में कोई मुस्लिम परिवार नहीं रहता है। ऐसे में वहां मस्जिद निर्माण नहीं हो सकता है। बाहरी राज्यों से आ रहे लोग अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण कर रहे हैं, जबकि जगह मुमताज बेगम नाम की मुस्लिम महिला को घर निर्माण के लिए दी गई थी। उपायुक्त शिमला से मामले को लेकर शीघ्र कारवाई करने की मांग की गई है ताकि क्षेत्र का माहौल खराब न हो।

### जुलूस में ट्रैक्टर के नीचे दबकर तीन बच्चों की मौत, छह घायल

**मुंबई।** धुले जिले के चितोड़ गांव में गांव के एकलव्य श्री गणेश मित्र मंडल की ओर से गणपति विसर्जन के लिए निकाले गए जुलूस में ट्रैक्टर से दबकर तीन छोटे बच्चों की मौत हो गई। धुले तहसील पुलिस स्टेशन की टीम ने तीनों बच्चों के शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस के अनुसार चित्तोड गांव में आज दोपहर एकलव्य श्री गणेश मित्र मंडल में प्रतिस्थापित भगवान गणेश का विसर्जन शुरू किया गया था। जुलूस में भगवान गणेश की प्रतिमा ट्रैक्टर पर रखी गई थी और ट्रैक्टर के आगे बच्चे नाच रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और बच्चों को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में धुत्त था। धुले तहसील पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

### अर्जुन तेंदुलकर ने कर्नाटक के झटके नौ विकेट, गोवा को जीत

**बेंगलुरु।** अर्जुन तेंदुलकर ने डॉ. (कैप्टन) के थिमपैया मेमोरियल टूर्नामेंट में मेजबान कर्नाटक के नौ विकेट झटक कर गोवा को पारी और 189 रन से बड़ी जीत दिलाई। इस टूर्नामेंट को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के पुत्र अर्जुन तेंदुलकर ने इस मैच की दोनों पारियों में 26.3 ओवर में 87 रन देकर नौ विकेट लिये। अर्जुन ने पहली पारी में 13 ओवर में 41 रन देकर पांच विकेट झटके जिसके परिणाम स्वरूप कर्नाटक की टीम महज 103 रन पर सिमट गयी। गोवा सीए इलेवन ने अभिनव तेजराणा की 109 रन की पारी की बदौलत 413 रन बनाये। केएससीए की दूसरी पारी 30.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गयी। इस दौरान अर्जुन ने 13.3 ओवर में 46 रन देकर चार विकेट लिये। अर्जुन ने प्रथम श्रेणी के 13 मैचों में 21 विकेट लिये हैं। चौबीस साल के अर्जुन तेंदुलकर ने घरेलू क्रिकेट में 15 लिस्ट ए मैच और 21 टी-20 खेले हैं। लिस्ट ए में उनके नाम 21 तथा टी-20 में 26 विकेट हैं। प्रथम श्रेणी में अर्जुन तेंदुलकर के नाम एक शतक और दो अर्धशतक भी हैं।

### विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर होगा 11 अतिरिक्त ट्रेनों का ठहराव

**मीरजापुर।** शारदीय नवरात्र मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने दस दिनों तक विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर 11 ट्रेनों के अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है। 12295/12296 एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर संघमित्रा एक्सप्रेस, 12801/12802 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 12141/12142लोकमान्य तिलक ट. पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12307/12308 हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस, 12487/12488 जोगबनी-आनंद विहार ट. एक्सप्रेस, 22307/22308 हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस, 12335/12336लोकमान्य तिलक ट. भागलपुर एक्सप्रेस, 15646/15645लोकमान्य तिलक ट. गुवाहाटी एक्सप्रेस, 15648/15647 लोकमान्य तिलक ट. गुवाहाटी एक्सप्रेस, 15658/15657 कामख्या-दिल्ली ब्रम्हपुत्र मेल एवं 12168/12167लोकमान्य तिलक ट. बनारस एक्सप्रेस को दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

### निपाह वायरस से 24 वर्षीय छात्र की मौत

**नई दिल्ली।** केरल के मलप्पुरम जिले में 24 वर्षीय छात्र की निपाह वायरस के संक्रमण के चलते मौत हो गई, जिसके बाद राज्य सरकार ने तुरंत अलर्ट जारी कर दिया है। केरल सरकार ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से मदद मांगी है। मंगलवार को केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मीडिया को बताया कि मलप्पुरम में एक छात्र की मौत निपाह वायरस के कारण हुई थी। इस व्यक्ति के 175 संपर्कों में से 26 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। 26 में से 13 व्यक्तियों के घर की निगरानी शुरू कर दी गई है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए हैं कि संक्रमित पाए गए लोगों के लिए अलग-अलग स्थान हैं। हमने आईसीएमआर से मदद के लिए अनुरोध किया है। संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रशासन ने कई अहम कदम उठाए हैं और स्थानीय क्षेत्रों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। नागरिकों से मास्क पहनने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में न जाने की अपील की गई है।